www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 118 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर शनिवार 18 अक्टूबर 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

## मंत्री के काफिले की गाड़ी ने 7 को उड़ाया



**छतरपुर।** छतरपुर में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के काफिले में चल रहे फॉलोअप वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा चालक समेत 7 लोग घायल हो गए। एक बुजुर्ग के पैरों में गंभीर चोट आई है। ग्वालियर के अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई है। डॉक्टर का कहना है कि एक पैर काटना पडेगा। हादसा लवकुश नगर थाना इलाके के बसंतपुर तिराहे के पास हुआ। गुधौरा गांव के रहने वाले साहब सिंह 70 दिवाली के लिए सामान खरीदकर लवकुश नगर से अपने गांव लौट रहे थे। ई-रिक्शा में सात लोग सवार थे। इसी दौरान फॉलोअप वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।

## रेप पीड़िता पर एसिड अटैक

**भोपाल।** भोपाल के पिपलानी इलाके में रेप पीड़िता पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार रात की है। पीड़िता सब्जी खरीदने ने निकली थी, तब स्कूटी सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। हालांकि हमले में युवती मामूली झुलसी है। प्रारंभिक इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। एएसआई राजीव मिश्रा के मुताबिक भेल इलाके की 24 वर्षीय युवती ने कुछ समय पहले मिसरोद थाने में अपने लिव इन पार्टनर आकाश गांगल के खिलाफरेप का केस दर्ज कराया था।

## एक्टर विजय की पार्टी मान्यता प्राप्त नहीं

**मद्रास।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को मद्रास हाईकोर्ट में कहा. एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं है। टीवीके एक मान्यता प्राप्त राज्य पार्टी बनने के लिए जरूरी शर्तों को पूरा नहीं क रती। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव की बेंच के सामने ईसीआई के वकील निरंजन राजगोपाल ने कहा किसी पार्टी को राज्य स्तर पर मान्यता पाने के लिए कम से कम 6 प्रतिशत वैध वोट और विधानसभा की दो सीटें या लोकसभा की एक सीट जीतनी जरूरी होती है।

# प्रदेश के कांग्रेस जिलाध्यक्षों की राहुल गांधी लेंगे क्लास

### 2 नवंबर से ट्रेनिंग कैंप, खड़गे समेत कई एक्सपर्ट आएंगे, अगले चुनावों की बनेगी रणनीति

भोपाल

**मध्यप्रदेश के कांग्रेस जिलाध्यक्षों की अगले महीने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी क्लास लेंगे। पचमढी के होटल हाईलैंड में 2 नंबवर से 11 नवंबर तक ट्रेनिंग कैंप चलेगा। सभी 71 जिला अध्यक्ष 10 दिन यहां ही रहेंगे। पार्टी ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, जयराम रमेश, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा, शशिकांत सेंथिल सहित तमाम दिग्गज नेता और एक्सपर्ट शामिल होंगे। बिहार चुनाव के चलते राहुल गांधी के आने की तारीख तय नहीं हुई है। एमपी कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी को दो दिन शामिल रहने का प्रस्ताव भेजा गया है।**



### अध्यक्षों से खुद चर्चा करेंगे

ट्रेनिंग के दौरान राहुल गांधी जिला अध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे बल्कि जिला अध्यक्षों से वन टू वन बातचीत भी करेंगे। जिला अध्यक्षों से उनके जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं। पचमढ़ी के ट्रेनिंग कैंप में जिलाध्यक्षों को पीसीसी की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा है कि आपको समय से पहले इसलिए सूचना दे रहे हैं ताकि आप हर दृष्टि से तैयारी कर लें। 2 नवंबर को सुबह 10 बजे तक हर हाल में प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जलाध्यक्षों के गनमैन, ड्राइवर, पीए को एंट्री नहीं दी जाएगी।

### अगले चुनावों का रोडमैप होगा तैयार

ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस जिलाध्यक्षों को अपने जिले में ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ लेवल तक संगठन बनाने के बारे में बताया जाएगा। आगामी समय में होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव और 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर कैसे रणनीति बनाना है, इसका पूरा रोडमैप बताया जाएगा।

### 10 दिन का मिनट टु मिनट कार्यक्रम तय

प्रशिक्षण शिविर में दस दिन की ट्रेनिंग में जिला अध्यक्षों के सुबह उठने से लेकर रात तक सोने का मिनट टू मिनट का प्रोग्राम तय किया गया है। प्रतिदिन सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 7-8 बजे तक चलेगा। इसमें सुबह की सैर, योग और ध्यान जैसी गतिविधियां कराई जाएंगी। जिले में कार्यकारिणी से लेकर, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ स्तर पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का चयन कैसे करना है।

### दलित परिवार को डराया जा रहा

राहुल गांधी ने रायबरेली मॉब लिंचिंग में मारे गए दलित हरिओम वाल्मीकि के परिवार से शुक्रवार को फतेहपुर में मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक माता-पिता, भाई और बहन से बातचीत की। बाहर निकलने पर उन्होंने कहा परिवार को घर में बंद कर रखा है, इन्हें डराया जा रहा है। उन्होंने कहा आज सुबह सरकार ने परिवार को मुझसे न मिलने की धमकी दी। जबरन वीडियो बनवाया। इसकी जानकारी परिवार ने मुझे दी। परिवार मुझसे मिले या न मिले, यह जरूरी नहीं है, बल्कि जरूरी यह है कि जो अपराधी हैं, उनके खिलाफ एक्शन हो।



## भूपेंद्र पटेल सरकार में हर्ष संघवी बने डिप्टी सीएम

गांधीनगर

गुजरात में भाजपा ने महज 3 साल में सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर लगभग पूरी सरकार बदल दी है। गुरुवार को 16 मंत्रियों से इस्तीफा लिया और शुक्रवार को 26 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। कैबिनेट में 19 नए चेहरे हैं, जबकि पिछली बार के 6 मंत्री ही अपना पद कायम रख पाए हैं। वहीं 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं हैं। सीएम समेत 8 मंत्री पटेल समाज से हैं। खास बात यह है कि हटाए गए मंत्रियों पर न तो कोई आरोप था और न कोई कानूनी केस। इसके बावजूद सरकार में बड़े फेरबदल को गुजरात में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी माना जा रहा है।

**अर्जुन मोढवाडिया समेत कुल 25 विधायक बने मंत्री, गुजरात में 3 साल में बदली पूरी कैबिनेट**

### हर्ष सिंघवी का प्रमोशन जडेजा की पत्नी भी मंत्री

शुक्रवार को सबसे पहले हर्ष संघवी ने शपथ ली। उन्हें डिप्टी सीएम बनाया गया है। पिछली कैबिनेट में वे राज्य के गृह मंत्री थे। क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा को भी मंत्री बनाया गया है।

भूपेन्द्र पहली बार सितंबर 2021 में सीएम बने थे। तब विजय रूपाणी को अचानक हटाकर उन्हें सीएम बनाया था। फिर विधानसभा चुनाव के बाद 12 दिसंबर 2022 को वह तीसरी बार ब्ड और 16 विधायक मंत्री बने। अब नया मंत्रिमंडल बन रहा है।

## स्वदेशी तेजस ने भरी पहली उड़ान

### रक्षामंत्री राजनाथ ने प्रोडक्शन यूनिट का उद्घाटन किया, हर साल बनाए जाएंगे 8 तेजस

**नासिक।** भारतीय वायुसेना को मार्क 1 ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में तेजी



लाने के मकसद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र के नासिक में तीसरी प्रोडक्शन लाइन शुरू की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। नासिक के ओझर की इस फेसिलिटी में बने पहले लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने शुक्रवार को पहली उड़ान भरी। इस प्रोडक्शन लाइन के जरिए वायुसेना को 2032-33 तक 180 तेजस विमानों की आपूर्ति करने में मदद करेगी। यहां अभी आठ फाइटर जेट बनाए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 10 किया जा सकता है। वायुसेना के लिए तेजस विमान बना रही एसएएल को सितंबर में ही अमेरिका ने इसका चौथा इंजन भेजा था। इस फाइटर जेट की खूबियों में से एक है कि इसके विंग्स में 9 जगह मिसाइलें फिट होती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक हर तेजस मार्क-1ए की औसत कीमत 600 करो रुपए है। फाइटर जेट रफ्तार 2205 किमी/घंटा यानी ध्वनि से भी करीब दोगुनी तेज है। इसका प्रोडक्शन देश की 500 से ज्यादा घरेलू कंपनियों ने मिलकर किया है, इसलिए इसे स्वदेशी तेजस भी कहा जा रहा है।

## पटाखा दुकानों में लगी आग, मची भगदड़



**मनावर।** धार जिले के गंधवानी में एक साप्ताहिक बाजार में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। पटाखा दुकानों से शुरू हुई आग ने तेजी से 20 से ज्यादा दुकानों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वहां भगदड़ मच गई। आग से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना बिल्दा गांव के बाजार में शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे की है। स्थानीय लोगों और दमकलों की मदद से शाम 4:30 बजे आग पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए एक दुकान पर बच्चा पटाखे देख रहा था तभी चिंगारी दूसरे पटाखों पर गिरी। कुछ ही मिनटों में आग भड़ककर आसपास की कई दुकानों तक फैल गई। स्थानीय व्यापारी शब्बीर बोहरा ने बताया कि इस दौरान एक बाइक भी जल गई। आग से करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ। दुकानों के पास से लगे 5 मकान भी जले हैं।

## पांच लाख कर्मचारियों की पदोन्नति पर बड़ी बैठक

### मुख्य सचिव ने 23 अक्टूबर तक मांगी रिपोर्ट, 28 को हाईकोर्ट में पेश करेंगे जबाव



भोपाल

मध्यप्रदेश के करीब पांच लाख कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर सरकार ने तेजी दिखाई है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि एससीए एसटी और अन्य वर्गों की पदोन्नति की स्थिति स्पष्ट करने वाली रिपोर्ट 23 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। इन रिपोर्टों के आधार पर एक संयुक्त रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे 28 अक्टूबर को हाईकोर्ट में पेश किया जाएगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार पदोन्नति की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी।

### रिपोर्ट में बताएं किस वर्ग को कितना आरक्षण मिला

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि रिपोर्ट में यह साफ किया जाए कि अब तक किस वर्ग को कितना आरक्षण मिला है और कितना शेष है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई हाईकोर्ट के गुरुवार के निर्देशों के तहत की जा रही है। कोर्ट ने कहा था कि जब तक विभागवार ऑडिट रिपोर्ट नहीं मिल जाती, तब तक डीपीसी की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामले में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

### कहा सरकार याचिका की कॉपी देखें और अगली सुनवाई में हमारी मदद करें

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। याचिका की एक कॉपी सरकार के वकील को दें। वह इसे देखेंगे और फिर अगली सुनवाई में हमें मदद करेंगे। दरअसल सेंटर फॉर एकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टेमिक चेंज ;बौद्ध और शौर्य तिवारी ने यह जनहित याचिका दायर की है। इसमें सरकार से मांग की गई है कि वह देशभर में तेजी से फैल रहे ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी वाले एप्स पर सख्त कार्रवाई करें।



देश में करीब 65 करोड़ लोग ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर एक्टिव हैं। ज्यादातर लोग रियल मनी गेम्स में दांव लगाते हैं। इनका सालाना कारोबार 1.8 लाख करोड़ से ज्यादा है।

### याचिका में लॉ कमीशन की 276वीं रिपोर्ट और महाभारत का जिक्र

याचिकाकर्ताओं ने लॉ कमीशन की 276वीं रिपोर्ट का हवाला दिया है। इसमें कहा गया था, महाभारत के समय जुआ नियंत्रित होता तो युधिष्ठिर पत्नी और भाइयों को दांव पर नहीं लगाते। याचिका में कहा गया है कि यह कथन पौराणिक नहीं, सांस्कृतिक चेतावनी है कि अनियंत्रित जुआ समाज की नींव हिला सकता है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के संसद में दिए बयान का भी हवाला देते हुए कहा गया है कि ऑनलाइन मनी गेम्स ड्रग्स से बड़ा खतरा बन चुके हैं। मंत्रालय के अनुसारए इन एप्स के एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि हार लगभग तय रहती है।

# पीएस बामरा, कलेक्टर चौधरी को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

### आदि कर्मयोगी और पीएम जनमन अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एमपी को मिला सम्मान

भोपाल

मध्यप्रदेश को आदि कर्मयोगी अभियान पर अमल के लिए देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम पांच राज्यों में स्थान मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आदि कर्मयोगी अभियान पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश को सम्मानित किया। प्रमुख सचिव जनजाति कार्य गुलशन बामरा ने राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों राज्य स्तरीय पुरस्कार ग्रहण किया। इस दौरान पीएम जनमन में शिवपुरी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। शिवपुरी कलेक्टर आरके चौधरी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। दिल्ली में हुए कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव बामरा ने जनजातीय समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रजेंटेशन भी दिया। आदि कर्मयोगी अभियान में देश



स्तरीय उत्कृष्ट जिलों में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले को सम्मानित किया गया। प्रदेश की उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर श्रेणी में सहायक शोध अधिकारी सारिका धौलपुरिया सम्मानित हुईं हैं। आदि कर्मयोगी अभियान में 14 हजार गांवों के विलेज एक्शन प्लान बन चुके हैं। ग्राम सभा से इनका अनुमोदन कराया गया है। इन गांवों में 13 हजार से ज्यादा आदि सेवा केंद्र स्थापित हो चुके हैं। आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान, जन धन, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज जारी किए गए है। आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एमपी के अन्य जिलों में बैतूल, धार, पूर्वी निमाड़ और बड़वानी का भी विशेष उल्लेख होगा। इन जिलों के कलेक्टर विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय सुपर कोच और मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रदेश के उपायुक्त आदिवासी विकास जेपी यादव को सम्मानित किया गया। एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियों बड़वानी, बैतूल और शिवपुरी को उल्लेखनीय गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया।

# मनोज टीवीएस में दीपोत्सव पर पाएं दोहरी खुशी

### धनतेरस पर मनोज टीवीएस में खुशियों की सौगात, फेस्टिवल ऑफर के साथ ग्राहकों को मिलेगा आकर्षक गिफ्ट हैम्पर



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

दीपोत्सव पर्व का उल्लास हर ओर छाया हुआ है और इसी उमंग को और खास बनाने के लिए टीवीएस मोटर कंपनी के संभागीय डीलर मनोज टीवीएस शोरूम दीपोत्सव पर सजधज कर तैयार है। 18 अक्टूबर धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राहकों को विशेष तोहफा देने के लिए शोरूम में भव्य तैयारियां की गई हैं। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं योगेश गुप्ता ने बताया कि इस दीप पर्व पर मनोज टीवीएस शोरूम में ग्राहकों के लिए फेस्टिवल ऑफर की सौगात है, जिसमें ग्राहकों को दोहरी खुशी का मौका मिलेगा।इतना ही नहीं, ग्राहकों के लिए शोरूम में दीपोत्सव का खास माहौल तैयार है,जहां दीपों की रोशनी, रंगोली की सजावट और उमंग के वातावरण में उत्सव का रंग और बढ़ाएंगे। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं योगेश गुप्ता ने बताया कि फेस्टिवल ऑफर में ग्राहक को 1001 की बुकिंग पर आकर्षक गिफ्ट हैंपर इक्कीस सौ रुपए नगद छूट गाड़ी डिलीवरी के समय स्क्रैच कार्ड से एक गाड़ी फ्री में पाने का मौका मिल सकता हैं। स्क्रैच कार्ड से प्रत्येक ग्राहक को जूपिटर स्कूटी के साथ ढेरों पुरस्कार जीतने का अवसर मिल सकता हैं। इसके अलावा वाशिंग मशीन, फ्रिज, एलईडी टीवी, माइक्रोवेव ओवन, म्यूजिक सिस्टम, ट्रॉली बैग, इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर, डिनर सेट, लेमन सेट, बाउल सेट और टी सेट जैसे आकर्षक उपहार भी स्क्रैच कार्ड से मिलने का अवसर हैं। दीपावली तक यह ऑफर लागू है। शोरूम में कंपनी के सभी नए मॉडल्स, सभी कलर्स की विशाल श्रृंखला उपलब्ध हैं। वहीं शोरूम में सेल्स, सर्विस, फाइनेंस और स्पेयर पार्ट्स की भी बेहतर सुविधा उपलब्ध है। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने बताया कि हमारे शोरूम में ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि को प्राथमिकता है। फेस्टिवल ऑफर में ग्राहकों को नये वाहन पर 2100 रुपए की नगद छूट के साथ आकर्षक उपहार के साथ दोहरी खुशी प्रदान की जा रही है।

दीवाली के त्योहारों में मनोज टीवीएस का यह ऑफर न केवल ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि ग्राहकों के द्वारा शोरूम में पहुंच कर फेस्टिवल ऑफर व स्क्रैच कार्ड ऑफर का लाभ लेकर नई टीवीएस वाहन के साथ अपनी खुशियां दोगुनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हर ग्राहक हमारे परिवार का हिस्सा बने और इस पर्व पर टीवीएस के साथ अपनी खुशी दोगुनी मनाए। गुप्ता ने बताया कि सीमित समय के लिए लागू फेस्टिवल ऑफर योजना का धनतेरस-दीपावली पर शोरूम पहुंचकर ऑफर का लाभ उठाएं।




# संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अनूपपुर को हराकर शहडोल बना विजेता

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में प्राचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर उपस्थिति रहीं। प्रतियोगिता में मुख्य रूप अनूपपुर और शहडोल जिले की टीम ने हिस्सा लिया और दोनों ही टीमों के बीच खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें अनूपपुर जिले की टीम को हराकर शहडोल जिले की टीम विजेता बनी। उक्त प्रतियोगिता में दोनों ही टीमों को विजेता एवं उपविजेता ट्राफी प्रदान की गयी। साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल से सम्मानित किया गया।

ये रहे मौजूद कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार द्विवेद्वी, मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर, कविता सिंह जिला महामंत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक केसरवानी, नगर महामंत्री भाजपा अनुपम द्विवेदी, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार शुक्ला एवं आनंद मिश्रा राजनगर, रामायण वर्मा अनूपपुर, रामबहादुर सिंह केशवाही, विजय प्रताप सिंह ब्यौहारी सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ब्यौहारी में सड़क दुघर्टना को लेकर चलाया गया विशेष अभियान

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले में सड़क दुघर्टना में नागरिकों का जीवन बचाने का संकल्प के तहत पुलिस अधीक्षक शहडोल ने ब्यौहारी क्षेत्र में गत पांच वर्षों में 100 से ज्यादा मौत के घटना स्थलों का भ्रमण और समीक्षा की गई। नागरिकों के सड़क पर सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों के उल्लंघन, विशेष रूप से हेलमेट, अनाड़ियों द्वारा वाहन चलाने, दो पहिया वाहन पर चार सवारी, शराब पीकर वाहन चलाना और ओवरस्पीडिंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# दीनदयाल जायसवाल को प्राणी विज्ञान में मिला पीएचडी उपाधि



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

संभागीय मुख्यालय के कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूर क्षेत्र ग्राम चाका के रहवासी दीन दयाल जायसवाल पिता गोकुल प्रसाद जायसवाल ने डॉक्टर आफ फिलॉसफी की उपाधि प्राणी विज्ञान विषय में अर्जित की यह उपाधि पा कर अपने गांव क्षेत्र का ही नहीं बल्कि समुचे कोतमा विकासखंड का नाम रोशन किया दीन दयाल जायसवाल ने अपनी शोध शिक्षा पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय से की जिसके शोध निर्देशक विषय विशेषज्ञ डॉक्टर कौशलेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में, शहडोल संभाग की चयनित डैम्स का भौतिक रासायनिक गुणो की लिंम्नोलॉजिकल अध्ययन, विश्लेषण पर प्राप्त की है। इन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों एवं जनरल शोध पत्रिका प्रस्तुत किए साथ ही प्रमुखतरू से शोध उद्देश्य को ध्यान में रखकर चयनित बांधों के जल की गुणवत्ता एवं उसके पारिस्थितिक प्रभाव पर अध्ययन किया इस कार्य की विश्लेषण तथ्परक से अभिप्रेरित विश्वविद्यालय के कुल गुरु प्रोफेसर रामशंकर मिश्रा, समस्त प्रोफेसरों व अन्य रिसर्च स्कॉलर ने कार्य सराहा। उपलब्धि का श्रेय इस धारा से जोड़ने वाले समस्त गुरुजनों, परिवारजनों व ईस्ट मित्रों से ही संभव हुआ और सभी शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे हैं।

# सोहागपुर मण्डल अध्यक्ष ने खुले में चल रहे अवैध शराब जुओं को लेकर पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायत पत्र

### कई वर्षो से सोहागपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब की पैकारी एवं जुआं खुलेआम पुलिस के मौन संरक्षण में चल रहा

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

शहडोल जिला का एक ऐसा थाना सोहागपुर जो मुख्यालय से जुड़े शहर सहित कई गांव यहां स्थित है सोहागपुर थाना क्षेत्र में जमुई ग्राम में लगातार जुआं सट्टा एवं शराब की अवैध पैकारी जोरों से चल रही है। ग्रामीणों एवं समाजसेवियों द्वारा कई वर्षो से लगातार थाना प्रभारी को सूचित किया जाता है लेकिन अभी तक अवैध कार्यो की कोई ठोस कार्यवाही नहीं कि जाती है। जिससे आमजन का सोहागपुर पुलिस के उपर विश्वास खोता जा रहा है। अब इस बार सोहागपुर बीजेपी मण्डल अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत पत्र देकर मांग किया है कि सोहागपुर थाना क्षेत्र में अवैध कार्य पूरी तरह से बंद किऐ जायें अब देखना है कि पुलिस कप्तान इस अवैध कार्य को लेकर कार्यवाही करते है या नहीं?



शहडोल जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे संभाग मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम जमुई में खुले आम शराब की अवैध विक्री की जाती है तथा बामन पत्ती का खेल भी खुलेआम चलता है, जिसमें जिला मुख्यालय से लगे ग्राम व शहर के युवा नशा-खोरी व जुओं की लत से अपना व अपने परिवार का भविष्य चौपट कर रहे हैं। कई बार सक्षम अधिकारियों से मिलकर इस अबैध कारोबार को बन्द कराने व दोषीजनों के विरूद्ध कड़ी व सख्त कार्यवाही करने हेतु चर्चा की गई, किन्तु आज दिनांक तक कोई सार्थक व प्रभावी कदम नहीं उठाया गया, जिससे अवैध रूप से शराब विक्रय करने वालों के हौसलें बहुत अधिक बुलन्द है।

सोहागपुर बीजेपी मण्डल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा एवं उनके साथियों ने शिकायत पत्र प्रस्तुत कर शीघ्र वैधानिक, उचित व कड़ी से कड़ी कार्यवाही कराये जाने की मांग किया है।

# व्यवसायिक मद की राशि का दुरूपयोग करने प्रचार्य पर लग रहा आरोप, अभिभावकों ने की जांच की मांग

### सूचना अधिकार के तहत जानकारी न देकर आवेदक को किया गुमराह




**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** जनपद शिक्षा केंद्र ब्यौहारी अंतर्गत शासकीय हायर सेकंड्री स्कूल भोलहरा मे प्रचार्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 मे ब्यवसायिक मद मे प्राप्त राशि से आई टी एवं आई टी जी एस ट्रेड के अंतर्गत 5 लाख 69 हजार 8 सौ रूपये का 7 नग कम्प्यूटर, फिजिकल ट्रेड अंतर्गत गेस्ट लेचर्र मे 17500, आई टी एवं आई टी जी एस ट्रेड अंतर्गत गेस्ट लेचर्र मे 17500, फिजिकल ट्रेड अंतर्गत बच्चों के अद्योगिक भ्रमण मे 30000 और आई टी एवं आई टी जी एस ट्रेड अंतर्गत बच्चों के अद्योगिक भ्रमण मे 30000 ब्यय किया गया है। सूत्रों द्वारा व्यवसायिक मद से कम्प्यूटर क्रय कर राशि का दुरूपयोग किया जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उनके द्वारा कहा जा रहा है कि इसकी जांच करायी जाय कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 मे ब्यवसायिक मद मे जो राशि शासन द्वारा भेजी गयी है वह किस कार्य के लिये भेजी गयी थी , कम्प्यूटर क्रय किसके आदेशानुसार ब्यवसायिक मद से कितने नग क्रय किया गया और कितने नग क्रय किया जाना था आदि तमाम पहलुओं से रिकार्ड मंगा कर जांच कराये जाने की मांग की जा रही है वास्तविकता का खुलासा जांच से ही हो सकता है।

**शौचालय मरम्मत मे गोलमाल**-छात्र एवं अभिभावकों ने बताया कि स्कूल के शौचालय मे चारो तरफ गंदगी फैली हुई है। वंहा शौचालय से बदबू आता है जबकि शौचालय मरम्मत के नाम पर विद्यालय मे वित्तीय वर्ष 2024-25 मे 50 हजार रूपये शासन द्वारा बजट उपलब्ध कराया जाना बताया जा रहा है। अभिभावकों ने शौचालय मरम्मत मे हुए ब्यय की जांच कराये जाने की मांग की है। उनके द्वारा कहा गया कि जो राशि शौचालय मरम्मत के नाम पर आयी है उससे क्या - क्या कार्य कराया गया है और कितनी राशि किसके नाम पर आहरित की गयी है इसकी जांच करायी जाय जिससे हुए फर्जीवाड़े से पर्दा हट सके।

अंकित फोटो कांपी बना विद्यालय का कार्यालय

सूचना अधिकार के तहत शासकीय हायर सेकंड्री स्कूल भोलहरा से दस्तावेज आर टी आई कार्यकर्त्ता द्वारा चाहा गया जिसकी गणना कर विद्यालय के प्रचार्य ने 78 रूपये अंकित कम्प्यूटर मे जमा कर जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया किन्तु अंकित कम्प्यूटर मे जब जानकारी हेतु सम्पर्क किया गया तो वंहा से भी जानकारी नहीं मिली। आवेदक को गुमराह किया गया। प्रचार्य ने विद्यालय का कार्यालय अंकित फोटो कांपी कि दुकान मे बना रखा है जो बहोत ही गंभीर विषय है जिसकी भी जांच कराकर कार्यवाही की मांग की जा रही है अब देखना यह है कि इसे कितनी गंभीरता से लिया जाता है और क्या कार्यवाही होती है।

# मजदूरी के पैसों के विवाद में बुजुर्ग की हत्या, आरोपी को उम्रकैद

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)। जिला एवं सत्र न्यायालय डिंडौरी ने गला दबाकर हत्या करने के मामले में आरोपी राजकुमार नरते को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि मामला थाना मेहंदवानी के अपराध क्रमांक 0271/2024 से संबंधित है। आरोपी राजकुमार नरते पिता अमेर सिंह नरते, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम मसूर धुधरी, थाना मेहंदवानी, जिला डिंडौरी पर धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत आरोप था कि उसने मृतक मोहन सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी।




**ये रहा पूरा मामला**-दरअसल प्रार्थी द्वारा थाना मेहंदवानी में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, 31 अक्टूबर 2024 को मृतक मोहन सिंह अपनी पत्नी फुंदन बाई के साथ खेत में धान की खरी रखने गए थे। पत्नी पहले घर लौट आई, जबकि मोहन सिंह बाद में लौट रहे थे। उसी समय ग्राम मसूर धुधरी के पास आरोपी राजकुमार नरते ने मजदूरी के पैसे मांगने की बात पर विवाद किया और गाली-गलौज करते हुए मोहन सिंह के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

आरोपी ने मृतक का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने मृतक को अचेत अवस्था में घर पहुंचाया, जहां उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी राजकुमार नरते को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया।




# विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए किया गया। रबी सीजन में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों ,बागवानी फसलों पशुधन प्रबंधन एवं मत्स्य पालन प्रौद्योगिकियों के संबंध विशिष्ट आधुनिक तकनीकी एवं प्राकृतिक खेती के ज्ञान का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सी बी सोंधिया के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेम सिंह हटीला के सहयोग से किया गया। शासन के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया , कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के सहयोग से विज्ञान विषय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं समस्या निवारण, ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु अनुकूलन खेतिहर मशीनरी ,प्राकृतिक खेती के बारे में प्रचार प्रसार कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के संचालक डॉ के पी तिवारी, डॉ विनीता एवं महाविद्यालय के विज्ञान विभाग के डॉ विष्णु कांत तिवारी, डॉ रश्मि साकेत, डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं में जागरूकता अभियान में भाग लिया।

## शहपुरा जनपद में सुनील असाठी को मिला सहायक यंत्री का अतिरिक्त प्रभार

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत शहपुरा में सहायक यंत्री का पद रिक्त होने के चलते प्रशासन ने अस्थायी व्यवस्था करते हुए प्रभार सौंपा है। जारी आदेश के अनुसार, श्री असाठी अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ जनपद पंचायत शहपुरा के सहायक यंत्री का कार्य भी संभालेंगे। यह आदेश प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा अनुमोदित किया गया है। आदेश कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग डिंडौरी द्वारा जारी किया गया। प्रकरण की प्रतिलिपि कलेक्टर डिंडौरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर मंडल, एवं जनपद पंचायत शहपुरा के सीईओ को सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

# मनरेगा कार्यों में लापरवाही पर पांच ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस

### जनपद पंचायत अमरपुर की समीक्षा बैठक में सीईओ ने जताई नाराजगी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

जनपद पंचायत अमरपुर में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर पाँच ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर द्वारा ये नोटिस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी के निर्देश पर जारी किया गया है।



जानकारी के अनुसार, सीईओ जिला पंचायत डिंडौरी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों की वार्षिक लेबर बजट प्रगति का परीक्षण किया गया। समीक्षा में पाया गया कि कई पंचायतों में लक्ष्य की पूर्ति बेहद कम हुई है, जिससे जनपद की समग्र प्रगति प्रभावित हो रही है।

**बैठक में अमरपुर जनपद की पाँच ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों की कार्यप्रगति अत्यंत कम पाई गई** -ग्राम पंचायत खुडिया के रोजगार सहायक श्रवण सिंह ठाकुर ने 15,589 मानव दिवस के लक्ष्य के विरुद्ध केवल 4,916 (36.18त्न) की पूर्ति की। ग्राम पंचायत मोहनझिर के घनश्याम सैयाम ने 17,565 के लक्ष्य के विरुद्ध 5,904 (33.61त्न) मानव दिवस ही सृजित किए। ग्राम पंचायत सिधौली की उर्मिला श्याम ने 14,637 के लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 4,348 (29.70त्न) मानव दिवस की पूर्ति की। ग्राम पंचायत धनवासी के बसंत पिपराहा ने 17,240 के लक्ष्य में केवल 3,646 (21.15त्न) मानव दिवस ही पूर्ण किए।

वहीं ग्राम पंचायत उमरिया के प्रताप पारस ने 23,601 के लक्ष्य में से 9,231 (39.11त्न) मानव दिवस ही हासिल किए। जनपद सीईओ अमरपुर के द्वारा जारी पत्र में उल्लेखित किया गया है कि इस तरह की प्रगति वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना और शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही को दर्शाती है। सभी रोजगार सहायकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तीन दिवस के भीतर अपनी प्रगति रिपोर्ट एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। संतोषजनक जवाब न मिलने पर संविदा सेवा शर्तों की कंडिका-15 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# भारी विरोध के बीच हटाई गई विजय नगर चौपाटी






### ठेले-टपरे वालों ने चक्काजाम कर किया प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा शुक्रवार को सुबह-सुबह विजय नगर स्थित चौपाटी को हटाने की कार्यवाही की गई। इधर कार्रवाई की भनक लगते हुए चौपाटी में ठेले लगाने वाले पहुंच गए और जमकर विरोध करने लगे। कुछ व्यापारियों ने बीच रोड पर बैठकर चक्काजाम भी किया, लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई रुकी नहीं। बातया जा रहा है कि काफी देर तक हंगामा चलने के बाद निगम की ओर से ठेला संचालकों को अपना सामान समेटने के लिए दो घंटे की मोहलत दी गई थी लेकिन इसके बाद भी गहमा-गहमी बनी हुई थी। विजय नगर चौपाटी में जो लोग ठेले-टपरे लगाए हुए हैं, उन्हें वह जगह आवंटित की गई है या फिर कब्जा यह बात स्पष्ट नहीं हो पा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि कुछ तो जगह आवंटित है लेकिन अधिकांश में या तो कब्जा है। बतां दें विजय नगर चौपाटी के कारण आए दिन उक्त क्षेत्र में सड़क जाम की स्थिति निर्मित होती थी। जिसे देखते हुए यह कार्यवाही की गई ।

### बिना नोटिस दिए कार्यवाही करने का आरोप

व्यापारियों ने निगम प्रशासन पर बिना नोटिस दिए कार्रवाई करने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि त्योहार के वक्त बिना किसी सूचना के कार्रवाई करना उचित नहीं है। एक दम से सालों से जमे अपने ठेले-टपरे हटते देख चौपाटी वाले बुरी तरह बौखला गए, उन्होंने पेड़ों की टहनिया व अन्य सामान सड़क पर फेंका और वहीं बैठ गए। उनका कहना था कि नगर निगम प्रशासन सीधे-सीधे उनके पेट पर लात मार रहा है, जो कि सरासर गलत है। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने कुछ देर में ही उन्हें सड़क से हटा दिया। कार्रवाई के दौरान चौपाटी में दुकान लगाने वाले कुछ व्यापारियों ने कहा कि इन दुकानों से ही उनकी रोजी-रोटी चलती है । ऐसे में दुकान हट जाएगी तो उनका घर कैसे चलेगा। चौपाटी वालों ने निगम की टीम से बुल्डोजर के सामने खड़े होकर साफ-साफ कहा कि वे अपनी दुकानों में खुद आग लगा देंगे लेकिन हटेंगे नहीं। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से, सहायक अखिलेश भदौरिया, दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी, लक्ष्मण कोरी सहित पुलिस बल मौजूद रहा ।

# होटल के कमरे से मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

### पनागर थाने का मामला जांच में जुटी पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। नागपुर-रीवा हाईवे पर स्थित एक होटल के कमरे से शुक्रवार सुबह 39 वर्षीय युवक की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान चंद्रेश केवट निवासी छत्तरपुर गांव पनागर के रूप में हुई है। कमरे से सल्फास का पैकेट भी मिला है। युवक बुधवार रात से लापता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चंद्रेश बुधवार रात होटल पहुंचा था और अकेले ही एक कमरा बुक कराया था। इसके बाद से वह रूम में ही था। होटल के मैनेजर ने बताया कि गुरुवार पूरे दिन चंद्रेश के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। काम ज्यादा होने के कारण कोई उस ओर ध्यान भी नहीं दे पाया। शुक्रवार सुबह जब स्टाफ से दरवाजा खटखटवाने को कहा, तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पनागर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

**शव के पास रखा मिला सट्टे का हिसाब**-थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाया तो अंदर चंद्रेश मृत अवस्था में मिला। कमरे में पंखा, एसी और टीवी चालू थे। पुलिस ने मौके का पंचनामा बनाकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मृतक के पिता ने बताया कि बुधवार रात चंद्रेश ने आखिरी बार पत्नी से फोन पर बात की थी, उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था। देर रात तक परिजन उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कुछ पता नहीं चला। आखिरकार गुरुवार को पनागर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चंद्रेश सट्टा कारोबार से जुड़ा हुआ था और बीते कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

हालांकि पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन सल्फास का एक पैकेट जरूर बरामद हुआ है। इस मामले में टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चार लाख की स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार


### केंट थाना पुलिस की कार्यवाही, 40 ग्राम स्मैक जब्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

केंट पुलिस ने पेंटीनाका के पास से दो स्मैक तस्करों को हिरासत में लिया है। जिनके पास से पुलिस ने 40 ग्राम स्मैक कीमती चार लाख रुपये की बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को उस वक्त दबोचा, जब वह स्मैक बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। केंट टीआई पुष्पेन्द्र पटले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पेंटीनाका के पास दबिश दी गई। जहां काले नीले रंग की स्पेलेण्डर में दो व्यक्ति मादक पदार्थ स्मैक का विक्रय करने ग्राहक का इंतजार करते हुए मिले। जिन्हें घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।

पूछताछ पर आरोपियों ने अपने नाम कपिल सोनकर पिता सुरेन्द्र लाल सोनकर उम्र 35 वर्ष निवासी गोपाल मंदिर के सामने खटीक मोहल्ला तथा आदित्य उर्फ छोटू सोनकर पिता अशोक सोनकर उम्र 22 वर्ष निवासी सरकारी शौचालय के बाजू से तुलसी मोहल्ला बेलबाग बताये। जिन्हें सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर संदेही कपिल सोनकर के काले रंग की पेंट की वांये जेब में एक पारदर्शी पन्नी की पुडिया में मादक पदार्थ स्मैक बरामद की, जो कि तौल करने पर 40 ग्राम स्मैक कीमती लगभग 4 लाख रूपये की होना पायी गई।

स्मैक के संबंध में पूछताछ पर आरोपी कपिल सोनकर ने बताया कि उक्त स्मैक वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश निवासी मान सिंह कुशवाहा से खरीदी थी, जिसमें से कुछ माल बचा था। पुलिस ने स्मैक व बाईक जब्त करते हुए आरोपी कपिल सोनकर एवं आदित्य सोनकर के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।



### पं. विश्वनाथ दुबे की 8वीं पुण्यतिथि कल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की 8वीं पुण्यतिथि पर कल 19 अक्टूबर दिन रविवार को गुरूद्वारा गोरखपुर में श्री अखण्ड साहेब जी के पाठ का समापन सुबह 08:00 बजे किया जायेगा। उसके उपरांत 10:00 बजे नगर निगम कार्यालय के सामने प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा की जायेगी। इस अवसर पर सभी जनों से कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपील की गई है ।

# एपीएन ग्रुप में मनाया गया दीपावली पर्व




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एपीएन परिवार द्वारा दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सुन्दर रंगोली बनाई गई। कार्मचारियो को संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुये कहा कि दीपावली खुशियों का त्यौहार हैं इसे हम सभी को आपस में मिल-जुल कर मनाना चाहिये, जिससे खुशियां बढ़ जाती है। त्यौहार को मनाने में आनन्द आता है। जिस प्रकार हम दिपावली में दीप जलाकर रोशनी करते उसी प्रकार हमें अपने हृदय में सकारत्मक विचारों को उत्पन्न कर सभी के प्रति सदभाव का व्यवहार करना चाहिये।

शाला प्रबंधकारिणी समिति द्वारा उपस्थित अतिथिगणों एव सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उपहार भैटकर दीपावली की बधाई दी गई। इस अवसर अजीत श्रीवास्तव, अभा क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, शाला प्रबंधंक तुलसी दास द्रविड, ज्ञानचन्द गोलछा, मंयक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### जानलेवा कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर की जमानत पर नहीं हुई सुनवाई

**जबलपुर।** बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सिरप लिखने वाले शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी की जमानत याचिका पर मप्र हाईकोर्ट में को सुनवाई नहीं हो पाई। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 27 अक्टूबर दी है। यानी डॉ. सोनी को दिवाली अब जेल में ही मनानी पड़ेगी। यह प्रकरण जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की कोर्ट में लगा था, पर केस नंबर न आने के कारण सुनवाई टल गई। कोल्ड्रिफ कफ सिरप से छिंदवाड़ा और बैतूल में अब तक 26 बच्चों की मौत हो चुकी है। ड्रग कंट्रोलर सहित कई अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है। डॉ. प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इससे पहले लोअर कोर्ट ने डॉ. सोनी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से मासूम की सफल हृदय सर्जरी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से स्वीकृत राशि से दीक्षित कॉलोनी, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, निवासी पप्पू यादव के सुपुत्र चार माह के अधृत यादव के हृदय की सफल सर्जरी नारायणा हृदयालय मुंबई में की गई । मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चे के हृदय रोग से पीड़ित होने की जानकारी प्राप्त होते ही जिला अस्पताल के विशेषज्ञों से परामर्श कर आवश्यक जांच कराई गई और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत प्रकरण तैयार कर उसे नारायणा हृदयालय, मुम्बई रैफर किया गयाए जहां 9 अक्टूबर को बालक की सफल सर्जरी की गई।

# सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव को लेकर कलेक्ट्रे ट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, स्पोर्टस ऑफिसर आशीष पांडे सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सांसद खेल महोत्स्व की संपूर्ण कार्ययोजना के संबंध में विस्तृतत चर्चा की गई। जिसमें बताया गया कि यह खेल तीन स्तरों पर आयोजित होंगे। जिसमें ग्राम व वार्ड स्तर पर चयनित प्रतिभागी विकासखंड स्तलर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे और वहां से चयनित प्रतिभागियों के बीच जिला स्तर पर प्रतिस्पर्धा होगी।

इस खेल महोत्सव में 15 खेलों को चयनित किया गया है। इसमें 16 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष व महिला भाग ले सकेंगे। यह खेल महोत्सेव ग्राम स्तगर पर 12 से 31 अक्टूबर तक, विकासखंड स्तर पर 27 से 30 नवम्बर तक तथा जिला स्तर पर 08 से 12 दिसम्बर तक आयोजित होगा।

# 11 केवी की लाइन से टकराया मजदूरों से भरा पिकअप वाहन

### पाटन क्षेत्र का मामला, एक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्वारी गांव में शुक्रवार को एक भीषण हादसा हो गया। यहां मक्का तोड़ने आए मजदूरों से भरा एक लोडिंग पिकअप वाहन खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी (हजार वोल्ट) हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। इस दर्दनाक घटना में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 महिलाओं समेत सात मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। मृतक का नाम 45 वर्षीय रोशन लडिया निवासी डूडी पाटन है, वहीं तीन महिलाओं समेत सात मजदूर गंभीर रूप से झुलसे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी मजदूर मंडला जिले के सिवनी ग्राम से मक्का तोड़ने के लिए ग्वारी गांव आए थे। सुबह मजदूरी के लिए जाते समय यह लोडिंग पिकअप वाहन ग्वारी गांव के पास हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे वाहन में करंट फैल गया। इस हादसे के बाद बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 11 केवी की हाईटेंशन लाइन काफी नीचे झूल रही थी, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी। इसके बावजूद विभाग ने इसे ठीक नहीं कराया। पाटन पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# बिना अनुमति नहीं किये जा सकेंगे किसी भी प्रकार के आयोजन

### त्यौहारों के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने धनतेरसए दीपावली तथा आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त किये बिना किसी भी प्रकार के आयोजन नहीं किये जा सकेंगे।

अनुमति प्राप्त किये बगैर होने वाले आयोजनों को अवैध घोषित किया जायेगा तथा आयोजकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आदेश में जिले में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।

इसके साथ ही डीजे के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई है। आदेश के अनुसार सभी को मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से आपत्तिजनक नारे अथवा गाने इत्यादि प्रसारित नहीं किए जा सकेंगे।

ऐसा पाए जाने पर डीजे उपलब्ध कराने वाले टेंट हाउस आदि पर भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में भी ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा, जिनसे किसी भी धर्म अथवा वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती हो।

ऐसा पाये जाने की दशा में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा और उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी। आदेश में व्यक्तियोंए संस्थाओं अथवा पशु मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पशुओं को खुले तौर पर सडकों पर न छोड़ें और न ही सड़कों पर आने दें।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखरी छटा




### चंचलबाई महिला महाविद्यालय में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

चंचलबाई महिला महाविद्यालय (सीपी गर्ल्स कॉलेज) में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य डॉ. वन्दना पाण्डेय के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत वाद-विवाद, भाषण, शुद्ध एवं सुलिपि लेखन, पोस्टर, क्ले मॉडलिंग, रंगोली, मेहंदी, केश सज्जा, दीप डेकोरेशन, पूजा थाली डेकोरेशन, आदि विधाओं को सम्मिलित किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी पूर्णिमा सोनी के संयोजन में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साह उमंग के साथ भाग लिया। समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अनामिका मिश्रा पूर्व पार्षद सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया एवं शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में विशिष्ट निर्णायक समाज सेविका रश्मि पाठक एवं अभिलाषा पांडेय थीं, जिन्होंने नीर-क्षीर परीक्षण कर परिणाम दिए साथ ही छात्राओं को सुझाव भी दिए। अन्य निर्णयकों में डॉ. संजुल शर्मा, डॉ. सुनीता खरे, जितेंद्र दरेकर, श्रेया पाठक, मनीष मेमने, श्री मुकेश एवं चमन पासी रहे। कार्यक्रम व्यवस्थापन में कु. दुर्गेश का सहयोग रहा। प्रतियोगिताओं में सोनाली चौधरी, पलक जोशी, तनु यादव, प्राची कुशवाहा, प्राची यादव, शिवानी रजक, श्रेया श्रीवास्तव,



# सागर को 3-0 से हराकर शहडोल का खिताब पर कब्जा

## पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

शुक्रवार 17 अक्टूबर को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने स्टेडियम में पांच दिवसीय अंडर 14 बालक वर्ग 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत मायने नही रखती है, बल्कि हार से सबक लेकर अच्छे खेल का प्रदर्शन करें। उन्होने कहा कि पांच दिवसीय 69वीं राज्ये स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में सभी खिलाडियो ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होने कहा कि खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है, इसलिए आवश्यक है कि पढ़ाई के साथ -साथ अपने कैरियर का लक्ष्य निर्धारित करें और लक्ष्य को



पाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता आपको मिलेगी। विदित हो कि पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में 10 टीमों के 180 बालक एवं 40 आफिसियल्स ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। फाइनल मुकाबले में शहडोल और सागर की टीम की भिड़ंत हुई जिसमें शहडोल ने एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। तीसरे स्थान पर जनजातीय वक्री विभाग की टीम रही। कार्यक्रम के अंत में फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शहडोल टीम को,व्दितीय स्थान प्राप्त करने पर सागर टीम को तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर जन जातीय कार्य विभाग को मेडल एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह स्टेट आफिसियल, संभागीय टीम प्रमुख तथा आवास व्यवस्था में सहयोग करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक खेल रईस अहमद खान,जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी,स्कूल शिक्षा विभाग से शेख सलीम, संतोष सिंह सहित खिलाडी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने मध्यप्रदेश खेल ध्वज का अवतरण करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ध्वज सौंपा गया।

# बांधवी हथिनी ने एक नर हाथी बच्चे को दिया जन्म



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि ताला रेंज के बठान हाथी कैंप में विगत कई माह से रह रही बांधवी हथिनी ने एक नर हाथी बच्चे को जन्म दिया है। बांधवी की उम्र लगभग 14 वर्ष की है तथा यह उसका पहला बच्चा है। उन्होने बताया कि जन्म के बाद हाथी मां और बच्चे का निरीक्षण रेंज अधिकारी ताला तथा वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा किया गया। हाथी मां को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। बांधवगढ़ में 15 कैंप हाथी है तथा रेस्क्यू की गई हाथी बच्ची को मिला कर अभी इनकी संख्या 16 है जो अलग अलग जगह के कैंपों में निवास करते हैं तथा समय समय पर गष्ती तथा अन्य आवश्यक कार्य करते हैं।

# दृष्टिबाधित और श्रवणबधित छात्र-छात्राओं के शिक्षण के लिए शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केंद्र उमरिया द्वारा समावेशी शिक्षा योजना एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की बेहतर शिक्षा व्यवस्था के उद्देश्य से जिले की ऐसी शालाएं जहां दृष्टिहीन बच्चे दर्ज हैं उन शालाओं के 30 शिक्षकों का ब्रेल लिपी प्रशिक्षण एवं जिन विद्यालयों में श्रवण बाधित बच्चे दर्ज है उन शालाओं के 30 शिक्षकों का सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उमरिया में दिनांक 13 से 17 अक्टूबर 2025 के मध्य आयोजित किया गया प्रशिक्षण का शुभारंभ प्राचार्य डाइट श्री मनवारे, डाइट फैकल्टी सुशील मिश्रा, बृजेश शर्मा, सहायक प्राध्यापक



पीसी भट्ट की उपस्थिति में किया। गया इस दौरान केके डहेरिया जिला परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केंद्र उमरिया द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षणर्थियों से ब्रेल लिपि एवं सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण का फीडबैक प्राप्त किया गया जिसमें शिक्षकों द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण काफी रोचक एवं महत्वपूर्ण है हमें सतत इसकी आवश्यकता होती है इस प्रशिक्षण के बाद हम विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने में सफल होंगे। ऐसे प्रशिक्षण बीच-बीच में आयोजित करने की आवश्यकता है वहीं जिला परियोजना समन्वयक ने शिक्षकों से अपील की की दिव्यांग बच्चों की शिक्षा उनका अधिकार है हमें ऐसे बच्चों को समावेशी शिक्षा योजना अंतर्गत अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करना हम सब का कर्तव्य है प्रशिक्षण के प्रभारी एवं मास्टर ट्रेनर कमलेश पांडे सहायक जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान रहे साथ ही मास्टर ट्रेनर के रूप में विनोद मिश्रा मोबाइल श्रोत सलाहकार, राजेंद्र प्रसाद तिवारी गोविंद यादव सुशील कुमार मिश्रा एवं स्वयं में दिव्यांग आशीष सिंह श्रीमती रेनू सिंह शंकर सहाय शुक्ला दृष्टिहीन व्यक्ति गणेश शुक्ला दृष्टिहीन एवं डाइट फैकेल्टी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का समापन शिक्षकों को दिव्यांग छात्रावास लालपुर के भ्रमण एवं दिव्यांग बच्चों के विविध उपकरण एवं सहायक शैक्षिक सामग्री टीएलएम मेला के साथ किया गया।

# डोरा के शक्ति सरकार क्लीनिक से जब्त की गई एलोपैथी दवा

## बिना योग्यता एलोपेथी पद्धति से किया जा रहा था उपचार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बिना योग्यता के एलोपैथी पद्धति से मरीजों का उपचार करते पाए जाने पर परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम डोरा में संचालित चांदसी दवाखाना क्लीनिक के संचालक श्री शक्ति सरकार को कारण बताओं नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके क्लीनिक के पंजीयन को रद्द कर दिया जाए। श्री शक्ति सरकार को 07 दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में समाधानकारक जवाब नही मिलने पर उनके विरूद्ध वैधानिक



कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। डोरा स्थित इस क्लीनिक की जांच के दौरान वहां पर बड़ी संख्या में एलोपैथी दवा पायी गई जिन्हें जब्त कर लिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के निर्देश पर शहरी स्वास्थ्य केंद्र सरेखा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशांत नंदागौली एवं उनकी टीम द्वारा 15 अक्टूबर को चांदसी दवाखाना डोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि चांदसी दवाखाने के संचालक श्री शक्ति सरकार की योग्यता बीएएमएस-2020 (बैचलर ऑफ आल्टरनेटिव मेडिसीन एंड सर्जरी) है और उसने यह डिग्री अल्माआता ओपन इंटरनेशल युनिवर्सिटी से संबंद्ध मेडिकल बोर्ड ऑफ आल्टरनेटिव सिस्टम ऑफ मेडिसिंस नई दिल्ली से प्राप्त की है। उसने 19 मई 2023 को अपने क्लीनिक का पंजीयन कराया है, जिसकी वैद्यता अवधि 31 मार्च 2026 तक है। बिना वैद्य चिकित्सकीय योग्यता के अनाधिकृत रूप से एलोपैथी चिकित्सा पद्यति से रोगियों का उपचार एवं चिकित्सा व्यवसाय कर मप्र आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 का उल्लंघन करने के कारण चांदसी दवाखाना के संचालक श्री शक्ति सरकार को कारण बताओं नोटिस जारी कर 07 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

# विकासखंड बैहर में अल्पविराम कार्यशाला सम्पन्न

**बैहर(स्वतंत्र मत)।** राज्य आनंद संस्थान, भोपाल (आनंद विभाग) मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में विकासखंड बैहर में आज एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य मंशाराम मड़ावी, जनपद सी ई ओ बी एस मेरावी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं आनंद विभाग से मास्टर ट्रेनर नीलम विश्वकर्मा हंसराज भौतेकर, आनंदम सहयोगी कमलकांत बिठले एवं ब्लॉक समन्वयक महेश पटले द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शुभारम्भ सत्र में विकासखंड



समन्वयक महेश पटले द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम के उद्धेश्य से अवगत कराया गया, सभी प्रतिभागियों को जीवन में आनंद कैसे प्राप्त हो, इस विषय पर विचार प्रकट किया गया। कार्यशाला को बढ़ाते हुए सत्र प्रशिक्षक हंसराज भौतेकर द्वारा लाइफ बैलेंस शीट एवं संपर्क-सुधार-दिशा के सत्र लिए गए एवं उनके द्वारा व्यवहार परिवर्तन से जीवन को मिली दिशा से जुड़े अनुभव साझा किए गये। मास्टर ट्रेनर नीलम विश्वकर्मा ने मुक्ति पात्र के माध्यम से बताया कि क्या मैं जैसा बाहर से दिखाई देता हूँ वैसा भीतर से हूँ तथा लोगों से भी वैसी अपेक्षा रखता हूँ, अब मैं अपने जीवन में आनंद की अनुभुति प्राप्त कर रहा हूँ। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने भी उत्सुकता से सहभागिता दी। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विभागों-स्कूल शिक्षा, स्वास्थ, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पुलिस मत्स्य विभाग पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारीगणों सहित नवांकुर राजेन्द्र बिसेन, मंजुलता चौधरी, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, ओमेश्वरी राहंगडाले, आकांक्षा टेकाम, भंवरसिंह मेरावी ने उपस्थित रहकर अपना सराहनीय योगदान दिया।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित

## ग्रामीण विकास कार्यों की हुई समीक्षा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

16 अक्टूबर को जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नल-जल योजना अंतर्गत अधूरी पड़ी नल-जल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण किये जाने, नल जल योजना अंतर्गत पानी टंकी



निर्माण में गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग किये जाने संबंधी निर्देश दिये गये। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित आंगनवाडियों में मेन्यू अनुसार नियमित पोषण आहार वितरण किये जाने एवं अधिक जनसंख्या वाले गांवों में 01 आंगनवाडी पर्याप्त नहीं होने पर आवश्यकता अनुसार आंगनवाडियों की संख्या बढाये जाने संबंधी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्मिता टेकाम, श्रीमती रूकमणी माहुले, सुश्री डॉली कावरे, श्रीमती चेतना कुर्राहे, श्रीमती मीरा सिंगनधुपे, श्रीमती ज्योति उमरे, दुलीचंद राजनीरे, डॉ. गीता हनवत, श्रीमती केसर बिसेन, श्रीमती रविकांता बोरकर, सुश्री प्रियंका परते, प्रकाश उके, श्रीमती सुनिता बहेटवार, श्रीमती मधु शुक्ला, झामसिंह नागेश्वर, डुलेन्द्र ठाकरे, महेश मरकाम, श्रीमती सविता मरकाम, टामेश्वर पटले, श्रीमती अनुपमा नेताम, दलसिंह पन्द्रे, सांसद प्रतिनिधि उमेश देशमुख, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, विधायक वारासिवनी प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह राजपूत, विधायक लांजी प्रतिनिधि गौरव सिंह बैंस एवं ग्रामीण विकास से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस एवं खनिज विभाग के अमले ने नोनसा में की छापामार कार्यवाही



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में रेत एवं अन्य खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 17 अक्टूबर को पुलिस एवं खनिज विभाग के अमले द्वारा खैरलांजी तहसील के ग्राम नोनसा में छापामार कार्यवाही कर रेत का अवैध परिवहन करने पर एक ट्रेक्टर को ट्राली सहित जब्त किया गया है। खनिज के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए 17 अक्टूबर को खैरलांजी थाना प्रभारी श्री राम सिंह एवं खनिज निरीक्षक सुरेश कुमार कुलस्ते ने अपने अमले के साथ ग्राम नोनसा में संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही की है। इसमें रेत के अवैध परिवहन में लिप्त पाये जाने पर बिना नंबर के इंडो फार्म ट्रैक्टर इंजन क्रमांक सी 328616323 पीआर को ट्राली सहित जब्त कर खैरलांजी थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। ट्रेक्टर मालिक के विरूद्ध खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# एसईसीएल जोहिला क्षेत्र में मनाया गया स्वच्छता सप्ताह

## रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश




उमरिया (स्वतंत्रमत)

साऊथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता जागरूकता सप्ताह अभियान का स्पेशल कैम्पेन 5.0 के तहत गुरुवार 16 अक्टूबर को जीएम काम्प्लेक्स के आवासीय कालोनी में रैली निकाल कर जन जन तक स्वच्छता का संदेश पहुचाने का काम किया गया। इस रैली का मुख्य उदेश्य स्वच्छता को अपने आचरण में उतारने, अपने आसपास साफ सफाई रखना, अपने आसपास के पर्यावरण को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक कैलाश चंद साहू के कुशल निर्देशन में आयोजित की गयी, जिसमें एसईसीएल जोहिला क्षेत्र के अधिकारियों -कर्मचारियों, केन्द्रीय विद्यालय के माननीय शिक्षक गण, और छात्र छात्राओं ने रैली में भाग लेकर सफल बनाया। इस कार्यक्रम में एसईसीएल जोहिला क्षेत्र के श्रमिक संगठन के संयुक्त सलाहकार समिति के राजेश व्दिवेदी बीएमएस, प्रीतम नाथ पाठक इंटक, रमेश सिंह, अशोक पाण्डेय एटक, अमृत लाल विश्वकर्मा सीटू ने भाग लेकर स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लिया। एसईसीएल के प्रमुख अधिकारियों में महाप्रबंधक अपरेशन जॉन सल्डाना, स्टाफ आफिसर (मानव संसाधन)राजेन्द्र प्रसाद, स्टाफ आफिसर. दिनेश चंद्र शर्मा, कार्मिक प्रबंधक विनोद कुमार शुक्ला ने अपनी जिम्मेदारी का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया तो सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने में सुरक्षा विभाग से उप निरीक्षक कोदू लाल चौधरी, एवम धीरेन्द्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह रैली में पर्यावरण विभाग की तरफ से अजय दास की उपस्थिति सराहनीय रही।

# मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थों की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नौरोजाबाद का किया निरीक्षण



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र जैन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने नौरोजाबाद नगर परिषद अंतर्गत मिष्ठान दुकानों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान खुशनूर डेली नीड्स में रेफ्रिजरेटर में रखी हुई सामग्री की एक्सपायरी एवं दुकानों में रखा हुआ खाद्य पदार्थ की एक्सपायरी की जांच की गई जिसमें कोई भी पैकेट एक्सपायरी डेट का नहीं पाया गया साथ ही फूड लाइसेंस के संबंध में जांच की गई जो सही पाया गया। अग्रवाल किराना एवं जनरल स्टोर पीपल चौक में सैंपल के रूप में मखाना पैक्ड बूंदी मूंगफली शक्कर का सैंपल एकत्र किये गये।दुकान में पाए गए एक्सपायरी नमकीन के पैकेट 4 एवं बेसन के सेव के 12 पैकेट डिस्पोज करने के निर्देश दिए गए वही द्विवेदी स्वीट्स से सैंपल के रूप में पीड़ा एवं कलाकंद एकत्र किया गया।कारखाने का भ्रमण कर बनाए जाने वाले मिष्ठान सामग्री का अवलोकन किया गया।समोसे एवं चटनी बनाने के सामग्री एवं तेल एक्सपायरी की जांच की गई जो उचित अवधि के पाए गए।दुकान में कार्य कर रहे कारीगरों को हेड कैप एवं मास्क का उपयोग करने एवं स्वच्छता का ध्यान रखने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा समझाइश दी गई। बीकानेर मिष्ठान भंडार का भ्रमण में टीम द्वारा मिठाइयों का अवलोकन किया गया जहां मिठाइयां एवं फ्रिज में पाए गए सामग्री उचित साफ सफाई एवं स्वच्छता के साथ रखी हुई पाई गई।करकेली मार्केट का भ्रमण करते हुए टीम द्वारा अग्रवाल होटल का अचौक निरीक्षण किया गया जिसमें कोई भी एक्सपायरी सामग्री नहीं पाई गई।

# विधायक गौरव पारधी ने नगर परिषद कटंगी को दी ट्रैक्टर एवं ट्रॉली

## विकास कार्यों को गति देने की दिशा में विधायक का सराहनीय कदम

कटंगी(स्वतंत्र मत)

नगर के विकास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपनी विधायक निधि से नगर परिषद कटंगी को एक ट्रैक्टर एवं ट्रॉली प्रदान की। एक संक्षिप्त पूजन कार्यक्रम के बाद ट्रैक्टर एवं ट्रॉली नगर परिषद को सौंपे गए। इनका उपयोग नगर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों में किया जाएगा, जिससे नगर परिषद को कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगी और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। विधायक गौरव सिंह पारधी ने इस अवसर पर कहा कि नगर के विकास से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करना जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि का उपयोग जनता के हित में और नगर की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप



किया जा रहा है। कटंगी नगर में सड़क निर्माण, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अनेक कार्य प्रगति पर हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। नगर परिषद एवं स्थानीय नागरिकों ने विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके इस कदम को नगर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष धर्मकला देशमुख, पार्षद रहमान अंसारी, दीपक नागमोसे, एसडीएम कीर्ति ठाकुर, उपयंत्री राजेश चौकसे, मेष देशमुख, अजय मेश्राम, कामराज देशमुख, मुकेश चौकसे, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी गण एवं स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

## स्वरोजगार योजना पर आवेदन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 40 इकाई के लक्ष्य की पूर्ति के लिए निगम शाखा मण्डला को प्राप्त हुआ है। व्यवसाय के लिए एक लाख से 25 लाख रूपए दिये जाने का प्रावधान है। बैंक द्वारा स्वीकृत वितरित ऋण राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से भुगतान किया जायेगा। आवेदक का आवेदन पत्र एमपी ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन पत्र पोर्टल पर कर सकते हैं।

## किसानों से आवेदन आमंत्रित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नरवाई के समुचे प्रबंधन के लिए संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषकों को ई–अनुदान डीबीटी पोर्टल के माध्यम से हैप्पी सीडर सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर के लिए आवेदन आमंत्रित किय गए हैं। जिले के किसान वर्तमान में ऑन डिमाण्ड के माध्यम से पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## पोषण माह पर जागरूकता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पोषण माह अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मण्डला के द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, पंचायतों एवं परियोजना स्तर पर पोषण माह की थीम अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मोटापा नियंत्रण के लिये क्या एहतियात बरतना चाहिये यह बताया गया। इसका उद्देश्य जागरुकता लाना और सुरक्षात्मक प्रयासों को बढ़ावा देकर कुपोषण अल्प पोषण और अति पोषण उके दोहरे बोझ से निपटना है।

## केन्द्रों का किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रकाश व्यास ने घुघरी के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री व्यास द्वारा जनपद पंचायत घुघरी के डोंगरमंडला, बिलगांव मतदान केंद्रों तथा विकासखंड मवई अंतर्गत ग्राम पंचायत बर्रई, बीजा, मुड़िया रिचका एवं घुटास में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया।

## समाधान पर बैठक आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नैनपुर अनुभाग के अंतर्गत कृषक संगठनों के द्वारा किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों से चर्चा करने बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के किसानों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित विषयों समस्याओं नरवाई प्रबंधन, नहर, सिंचाई, खाद वितरण, हैप्पी सीडर, सुपरसीडर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम आदि विषयों के संबंध में चर्चा की गई।

## जन सेवा शिविर का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत के ग्रामों में प्रशासन आपके द्वार अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मवई जनपद पंचायत के नक्सल प्रभावित ग्राम भीमडोंगरी में शासन की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु प्रशासन आपके द्वार जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

## टोनी भैया का निधन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मोंटफोर्ट विद्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी एंथोनी भवेदिया टोनी भैया का अचानक निधन हो गया है वो पिछले 32 वर्षों से विद्यालय से अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे । पूरा विद्यालय परिवार उनके अचानक चले जाने से बहुत दुखी है। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर बिनु चेरियन और समस्त शिक्षक परिवार ने इस पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# गरीबों के अनाज में डाका डालने वाले समिति प्रबंधक और सैल्समेन पर हुई एफआईआर, राशन दुकानों में अनाज की कालाबाजारी

मण्डला(स्वतंत्रमत)

गरीबों के राशन में डांका डालने वाले सहकारी समिति प्रबंधक तथा सेल्समेन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आदिम जाति सहकारी समिति अंजनियां अंतर्गत अहमदपुर उचित मूल्य दुकान में वर्ष 2021 से 2024 तक सेल्समेन आलोक धूमकेती तथा समिति प्रबंधक रामफल रघुवंशी पदस्थ थे।शासन द्वारा गरीबों को वितरण करने सोसायटी पहुंचाए गये राशन में दोनों के द्वारा मिलीभगत कर जमकर गड़बड़झाला किया गया और लगभग 8 लाख रूपये राशि के अनाज का गबन कर लिया गया। बताया जाता है कि वर्ष 2024 में अहमदपुर उचित मूल्य दुकान को संचालित करने के लिए स्थानीय स्वसहायता समूह को सौंपने का आदेश हुआ तब इस गड़बड़ी का पता लगा।बताया जाता है कि पीओएस मशीन के माध्यम से वितरित किए जाने वाले राशन और दुकान के स्टाक में काफी अंतर पाया गया। जांच उपरांत पुलिस द्वारा आरोपी रामफल रघुवंशी तथा आलोक धूमकेती के विरूद्ध अपराध क्रमांक 419/2025 अंतर्गत धारा 316(5) बीएनएस, धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि पूरे जिले में 530






राशन दुकानें संचालित हैं। जिसमें से 27 दुकानें वन समिति को आवंटित हैं। वहीं नगर के 24 वार्डों में 12 दुकानें संचालित हैं। करीब 2 लाख 48 हजार 985 परिवारों के 9 लाख 34 हजार 534 सदस्यों को नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन की मंशा है कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और उन्हें हर माह समय पर राशन मिले लेकिन राशन दुकान संचालक उनके अनाजों में डाका डाल रहे हैं। इन्हीं के माध्यम से उपभोक्ताओं को सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। गेंहू, चावल, शक्कर का वितरण उपभोक्ता की परिधि के अनुसार किया जाता है। आरोप है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शक्कर का तो कोई अता पता नहीं है। राशन दुकान को आवंटित गेहूं और चावल की गुणवत्ता पर सवाल हैं। ग्रामीण अंचलों की शासकीय राशन दुकानों में कुछ माहों से गेहूं, चावल के साथ ही शक्कर नहीं मिल पा रही है। जिसकी मुख्य वजह राशन दुकानों का समय पर न खुलना और कालाबाजारी बताई जा रही है। गेहूं और चावल के बाजार में दाम आसमान छू रहे हैं। बढ़े मूल्यों के कारण अनेक बिचौलिया राशन दुकानों में सक्रिय हो गये हैं जिन्हें संचालकों का अभयदान है। संचालक भी बंधन में बंधे नजर आ रहे है। कमीशनखोरी ने उन्हें तोड़ दिया है। लेकिन वे खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। बिचौलिया प्रात: होते ही राशन दुकानों में डेरा जमा लेते हैं। यह स्थिति नगर में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई दे रही है। कुछ स्थानों में तो कालाबाजारियों की ग्रामीणों ने पिटाई भी की है। इसके बाद भी हालात सुधरने को तैयार नहीं है। संचालकों का अभयदान कालाबाजारियों के हौसले बढ़ाता है। जिससे गरीब ग्रामीण उपभोक्ताओं को बाजार से महंगे दामों में अनाज व शक्कर खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है क्षेत्र के अनेक गांवों से मिली जानकारी के अनुसार विगत कई माह से ग्रामीण उपभोक्ताओं को शासकीय दुकानों से शक्कर नहीं मिली है और जहां पर मिली है वहां पर शक्कर की स्थिति गोर करने वाली बताई जाती है कि जिसमें पूर्णरूप से कालापन स्पष्ट नजर आ रहा है। इस बात की जानकारी खाद्य विभाग के कर्णधारों को भी है। किन्तु वे जानबूझ कर ग्रामीण अंचलों की राशन दुकानों को शक्कर नहीं उपलब्ध करवा पा रहे हैं या फिर कागजों में उपलब्ध हो रही है। अनाज विक्रेताओं के यहां कालाबाजारियों की भीड़ दिन भर लगी रहती है। बोरी में बीस से पच्चीस किलो की पैकिंग कर गेहूं, चावल को यहां पहुंचाया जा रहा है। दिन भर एकत्रित करने के बाद शाम को तुलाई और हिसाब का काम किया जाता है। एक अनुमान के अनुसार लगभग दस क्विंटल गेहूं और चावल प्रतिदिन जिले की दुकानों में बेचने के लिये कालाबाजारी ला रहे हैं। राशन दुकानों में चार साल पहले तक सभी वर्गों के लिए शक्कर का आवंटन एवं वितरण किया जाता था। बाद में केवल गरीबी रेखा में शामिल परिवारों को ही इसमें शामिल किया गया। शासन के इस निर्णय से ऐसे परिवार आहत हुए जो वास्तव में गरीब तो हैं लेकिन उन्हें गरीबी रेखा सूची में नाम नहीं है और वे बाजार से महंगे दामों पर शक्कर खरीदने को मजबूर हैं। नगर में संचालित राशन दुकानों में शक्कर कब आती है और उसका वितरण कब हो जाता है इसकी जानकारी भी कार्डधारियों को नहीं हो पाती। आवंटन का बहाना बनाकर दो–तीन माह के अंतर में शक्कर का वितरण किया जाता है। जबकि शक्कर का कोटा हर माह संचालक उठा रहे हैं। बाजार में शक्कर के दाम अच्छे होने के कारण संचालक अपने चहेतों के माध्यम से कालाबाजारी करवा रहे हैं।

## कलेक्टर ने बच्चों साथ मनाई दिवाली



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** दीपावली पर्व के अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा आंगनवाड़ी केंद्र जामगांव पहुंचे और यहां मौजूद बच्चों के साथ हर्षोल्लास से दिवाली मनाई। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें उपहार और मिठाइयां भेंट कीं। कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनकी कविताएं तथा गीत भी सुने। बच्चों ने भी बड़े उत्साह से जॉनी जॉनी यस पापा, मैं तोता, तितली उड़ी कविताएं सुनायी। बच्चों ने जगह से बना हुआ प्लेन भी उड़ाया। कार्यक्रम का माहौल उत्सवमय रहा और बच्चों के चेहरों पर दिवाली की खुशियों की चमक झलकती रही। कलेक्टर ने ग्रामवासियों से भी चर्चा की। उन्होंने यहां मौजूद बुजुर्ग महिला को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए फल और पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर, डीपीओ श्रीमति शालिनी तिवारी, रोहित बड़कुल सहित अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दीपावली पूर्व किया जाए भुगतान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने शासन प्रशासन से यह मांग की है कि कर्मचारियों के लंबित वेतन एवं स्वत्वों का भुगतान दीपावली से पूर्व आवश्यक रूप से किया जावे अनेक विभागों में कर्मचारियों के वेतन एरियर्स वेतनवृद्धि एवं अन्य देयक लम्बे समय से लंबित हैं। ऐसे में दीपावली जैसे प्रमुख पर्व के पूर्व यदि इनका भुगतान कर दिया जाए तो विशेष रूप से छोटे एवं निम्न वर्ग के कर्मचारियों को बड़ी राहत प्राप्त होगी जिनकी आजीविका पूर्णत: मासिक पारिश्रमिक पर निर्भर करती है। संघ ने जनप्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस विषय पर तत्काल ध्यान दें एवं कर्मचारियों के हित में सकारात्मक निर्णय लेकर दीपावली पूर्व भुगतान सुनिश्चित करें ।

## सांसद ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)

नगर परिषद निवास में स्वच्छता एवं शहरी विकास के क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नगर को स्वच्छ सुंदर और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ ही नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन की भावना को मूर्त रूप देने और निवास नगर को एक आदर्श नगर के रूप में



विकसित करने की दिशा में सार्थक कदम है। कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत 4 करोड़ 22 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 327 लाख की लागत से एसटीपी निर्माण एवं नाले निर्माण का इंटरसेप्शन–डायवर्शन कार्य 40 लाख रूपए की लागत से एमआरएफ सेंटर पर अधोसंरचना निर्माण एवं मशीनरी स्थापना कार्य, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत 50 लाख रूपए के विकास कार्य तथा 5 लाख रूपए की लागत से दुकानों के निर्माण शामिल है।

## वूशु प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने मारी बाजी

मण्डला(स्वतंत्रमत)

वूशु कोच पूर्णिमा रजक ने बताया कि जिले के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाकौशल प्रांत एवं मध्य क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। यश भांगरे ने 70 किग्रा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता वही 65 किग्रा में रितिक बनवाला ने शानदार फाइट खेलते हुए गोल्ड मेडल जीता एवं दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तरीय शालेय वूशु प्रतियोगिता एसजीएफआई जो कि श्रीनगर में 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित होने वाली है में अपना स्थान पक्का किया विद्यालय से कुल 8 खिलाड़ी ने वूशु प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जिसमें 2 गोल्ड एवं 5 ब्रांच मेडल खिलाड़ियों ने प्राप्त किये ब्रोंज मेडल प्राप्त खिलाड़ी– पीयूष कुशवाहा, उषा चक्रवर्ती, माही ठाकुर भूमि वर्मा, तनु यादव यह सभी खिलाड़ी कोच पूर्णिमा रजक के पास इंडोर स्टेडियम में



प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं सभी खेल प्रेमियों ने पदक प्राप्त खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## भारी वाहन प्रवेश पर अस्थायी प्रतिबंध

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** दीपावली त्यौहार के दौरान शहर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने मंडला नगर क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर में भीड़–भाड़ की स्थिति को देखते हुए यह कदम जन–सुरक्षा और यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मंडला के आदेश के अनुसार प्रतिबंध अवधि में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मंडला एवं बम्हनी बंजर नगरीय क्षेत्र में सभी प्रकार के भारी वाहनों (ट्रैक्टर–ट्रॉली सहित) के प्रवेश की छूट प्रदान की गई है। शेष अवधि में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जारी निर्देशों के अनुसार शहर के अंदर केवल आवश्यक कार्य के लिए ही वाहन प्रवेश कर सकेंगे। नाबालिक व्यक्तियों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं होगी। शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रवेश के समय अधिकतम निर्धारित गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा का पालन अनिवार्य रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994, मोटर वाहन अधिनियम 1988 तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## किडजी में दिवाली उत्सव



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** किडजी सिविल लाइंस में इस वर्ष दीवाली का उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय ने माताओं और नन्हे–मुन्ने बच्चों के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसने इस पर्व को यादगार बना दिया। विद्यालय परिसर को दीप रंगोलियों और पारंपरिक सजावटों से सुसज्जित किया गया जिससे पूरा वातावरण दिव्य और अलौकिक दिखाई दे रहा था। सबसे विशेष दृश्य था पारंपरिक परिधानों में सजे छोटे विद्यार्थी और उनकी माताएं जिन्होंने मिलकर इस उत्सव को और अधिक संजीव बना दिया। इस पूरे आयोजन में स्कूल प्राचार्या शालिनी शुक्ला, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी के मार्गदर्शन में समस्त शिक्षकों स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## भगवान धनवंतरी की पूजा आराधना आज

**नैनपुर।** ब्रम्हाण्ड के प्रथम चिकित्सक धन्वन्तरी जी की याद में पवित्र महापर्व धनतेरस श्रद्धा पूर्वक मनाई जाती आ रही है। ज्ञात हो धर्म ग्रंथों के अनुसार अश्वनी माह के तेरहवे दिन समुद्र मन्थन के दौरान इस ब्रम्हाण्ड के पहले चिकित्सक बैद्य भगवान धन्वन्तरी हाथो में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुये थे। तब से लेकर आज तक धनतेरस के पावन अवसर पर आम लोगो के द्वारा किसी अच्छी धातु के



बर्तन खरीदकर यह कामना की जाती है कि बर्तन के साथ कुछ मात्रा मे अमृत प्राप्त होता है। अनेक धार्मिक चर्चाओ व जानकारियो के अन्तर्गत आज भी नगर व ग्रामीण अंचलो में निवासरत लोगो के द्वारा आभूषण, बर्तन की बड़ी तादात में खरीददारी करते आ रहे। आज 18 अक्टूबर 2025 की सुबह से ही शुभ मुहूर्त पर आवश्यक घरेलु सामग्रियो की खरीदी करने दूकानों व प्रतिष्ठानों मे उपभोक्ताओ के द्वारा मनपंसद वस्तुओ की खरीददारी की जाने बाजार में प्रतिष्ठान सजे हुये है।

# पराली जलाने पर कानूनी कार्यवाही के विरोध में सड़को पर दिखाई दिया किसानों का आक्रोश

**नैनपुर।** पराली जलाने वाले किसानों पर कानूनी कार्यवाही के आदेश के विरोध में किसानों का आक्रोश सड़को पर दिखाई दिया। निवारी चौराहे से निकली किसानों की जंगी ट्रेक्टर रैली ने अपनी जमकर ताकत दिखाई। भारत कृषक समाज के आह्वान पर अंचल के दो दर्जन से भी अधिक ग्रामो के किसान सड़क में अपना प्रदर्शन करने उतरे। उनकी प्रमुख मांग है कि उनके खेतो के अवशेष प्रबंधन हेतु कोई बेहतर विकल्प प्रशासन मुहैया कराए। किसानों का कहना है कि वर्तमान समय में समूचे मंडला जिले में अवशेष प्रबंधन नरवाई जलाने हेतु एक भी यंत्र प्रशासन के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। न ही अन्य प्रदेशों की तरह अवशेष प्रबंधन के लिये किसी सरकारी सहायता का प्रावधान है। यंत्रों की बड़ी संख्या में क्षेत्र के रकबे के हिसाब से कस्टम हायरिंग की सहायता से उपलब्धता होना चाहिए






थी। जिसका लाभ क्षेत्र के किसानों को मिलना था लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा उपरोक्त किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान किये बगैर उक्त आदेश किसानों के हितों का शमन करने का कार्य करेगा। भारत कृषक समाज के बैनर तले अपनी आवाज बुलंद करने एकत्र हुए किसानों ने बताया कि किसानों को ऐसी प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। जो पूरे क्षेत्र को एक समय में लाभान्वित करे । ऐसी व्यवस्था होने तक उपरोक्त आदेश से राहत प्रदान करने की किसान मांग कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि नैनपुर क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों के प्रत्येक गाँवों के गोहा की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है । जिससे किसानों का खेतों में आना जाना बहुत कठिन हो गया है। इस बाबद स्थानीय पंचायतों के द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है । उपयुक्त गोहा के आभाव में किसान अपने ही खेतो में नही जा पा रहे हैं। अत: किसानों द्वारा मांग रखी गई कि समस्त ग्रामों में गोहा निर्माण करने का आदेश तत्काल पारित किया जाए। ताकि किसानों को अपने खेतों तक आने जाने का सरल रास्ता उपलब्ध हो सके। भारत कृषक समाज के आह्वान पर कल नैनपुर के समीपी ग्राम निवारी चौराहे पर हजारो की तादात में किसान एकत्र हुए थे। जहां एक जंगी सभा के माध्यम से किसानों द्वारा पराली जलाने पर कार्यवाही के सरकारी आदेश की तीव्र मुखालफत कररहे थे। किसानों द्वारा सभा के बाद विरोध स्वरूप एक व्यापक ट्रेक्टर रैली निकाली ।

संपादकीय

# सोने का दीदार ही काफी

सोना अब आम आदमी के बजट से बाहर होता जा रहा है। 10 ग्राम सोने के दाम 1.28 लाख रुपए तक पहुंच चुके हैं और चांदी भी 1.5 लाख रुपए के पार चली गई है। इधर एक बहस आरंभ हुई है कि सोने का बहिष्कार कर देना चाहिए। लेकिन सोने के बाजार की हकीकत बिल्कुल अलग है। वहां आम आदमी का अस्तित्व ही नहीं है। 'वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल' का मानना है कि सोने में अब भी उतना निवेश नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए। वैश्विक निजी निवेश में सोने की हिस्सेदारी मात्र 1-2 फीसदी ही है, जबकि केंद्रीय बैंकों में सोने का रिजर्व 10-20 फीसदी के बीच रहा है। फिर भी यह दिलचस्प और हैरान करने वाला तथ्य है कि 2022 की दीपावली के बाद से सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि 2026 की दीपावली तक सोने के दाम 23 फीसदी और बढ़ सकते हैं। सोना 1.45 लाख और 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक उछल सकता है, क्योंकि बड़े निवेशक और दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सोने में लगातार निवेश कर रहे हैं। चीन का पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना सितंबर में लगातार 11वें महीने सोने का शुद्ध खरीददार रहा है। यह डॉलर पर निर्भरता कम करने की चीन की रणनीति का हिस्सा है। 2025 में अभी तक घरेलू बाजार में सोने का रिटर्न करीब 60 फीसदी रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह रिटर्न करीब 53 फीसदी रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के दाम 4890-5000 डॉलर प्रति आउंस हैं। एक आउंस 28.3 ग्राम के बराबर है। सोच लीजिए, सोना कितने आसमानों को छू रहा है। उसके बाजार को आम आदमी की कोई चिंता नहीं है, क्योंकि आम आदमी का निवेश 'नगण्य' है। 'गोल्ड ईटीएफ' में भी इस साल अभी तक 17 फीसदी निवेश बढ़ चुका है। सितंबर में 'गोल्ड ईटीएफ' में 1.53 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जोकि एक माह में सबसे अधिक है। अंतरराष्ट्रीय, अमरीकी बाजार में कभी सोने के दाम 20.7 डॉलर थे। 1834-1934 के बीच सोने के दाम धीरे-धीरे बढ़े और 35 डॉलर के दाम लगातार 34 साल तक स्थिर रहे। अब मौजूदा दौर में सोना इतना महंगा और अनिवार्य हो गया है कि देशों की अर्थव्यवस्था की बुनियाद है, लेकिन आम आदमी के लिए मुसीबत, परेशानी का प्रतीक बन गया है। दरअसल सोने के दाम अमरीका से ही शुरू होते हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कारोबार डॉलर में ही होता है। जनवरी 2025 में जब ट्रंप ने अमरीकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी, तो सोना 2700 डॉलर प्रति आउंस था। उनके 8 माह के कार्यकाल में सोना महंगा ही होता गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ की बात शुरू की, तो देशों में अनिश्चितता फैलने लगी, नतीजतन सोना महंगा होता गया। देशों ने सोना खरीदना तेज किया, ताकि वे आर्थिक तौर पर सबल रहें। अमरीका में तो आजकल 'शटडाउन' का दौर है क्योंकि ट्रंप प्रशासन अमरीकी कांग्रेस (संसद) से बजट ही पास नहीं करा पाया है। बहरहाल 1970-80 का दौर याद कीजिए, जब सोना 20 गुना से अधिक महंगा हो गया था और वित्तीय सलाहकारों ने सोना खरीदने की सलाह दी थी, लेकिन 1999 तक सोने के दाम अचानक ध्वस्त हुए, तो निवेश भी घटा। 1990-91 के दौर में भारत सरकार को सोना गिरवी रखना पड़ा था, ताकि सामान्य खर्च चलाए जा सकें। फिर उदारीकरण का दौर आया, सोना वापस ले लिया गया, भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर खुल गई। अब तो आम आदमी के लिए सोना देख लेना ही काफी हो गया है।

# एक लाख एकल शिक्षक स्कूलों की त्रासदी से त्रस्त शिक्षातंत्र



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत में आज भी कई सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी विषय पढ़ रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय के साल 2024-25 के आधिकारिक डेटा के मुताबिक देश के कुल 1,04,125 स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं एवं सभी विषयों को पढ़ा रहे हैं। यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दर्शाता ही नहीं रहा है बल्कि चिन्ताजनक स्थिति को बयां कर रहा है। ये आंकड़े हमारे शैक्षणिक विकास पर एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। शिक्षा किसी राष्ट्र की आत्मा होती है। स्वामी विवेकानंद का यह वाक्य आज भारत की शिक्षा व्यवस्था पर एक कसक बनकर उभरता है। जब शिक्षा की आत्मा घायल होती है तो राष्ट्र का शरीर कभी स्वस्थ नहीं रह सकता।

शिक्षा मंत्रालय के ये हालिया आंकड़े बताते हैं कि एकल शिक्षक स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाना एक भ्रष्टाचार ही है। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? एकल शिक्षक स्कूलों का परिदृश्य भारत के विकास की पौल खोलने वाला है। भले ही एकल शिक्षक स्कूलों में पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई हो, फिर इतनी बड़ी संख्या में ऐसे स्कूलों का होना हमारी शिक्षा व्यवस्था की बड़ी नाकामी को ही उजागर कर रहा है। यह स्थिति किसी एक आंकड़े की नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की गहरी त्रासदी की तस्वीर है।

कल्पना कीजिए-एक शिक्षक जो प्रशासनिक काम भी करता है, मिड-डे मील की निगरानी भी करता है और साथ में सभी कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाता है। क्या वह शिक्षक शिक्षक रह जाता है या व्यवस्था का बोझ उठाने वाला मज़दूर बन जाता है? इन बच्चों की शिक्षा कैसी होगी, जिनके लिए ज्ञान का एकमात्र द्वार ही थकान, उपेक्षा और तंगहाली से भरा है? यह संकट केवल ग्रामीण भारत तक सीमित नहीं है। शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी सैकड़ों स्कूल ऐसे हैं जहाँ विषय विशेषज्ञों की कमी, प्रयोगशालाओं की अनुपस्थिति और शिक्षण संसाधनों का अभाव है। नई शिक्षा नीति 2020 समग्र शिक्षा की बात करती है, लेकिन जब आधारभूत ढाँचा ही अपूर्ण हो तो नीतियाँ



केवल दस्तावेज़ बनकर रह जाती हैं। हम 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना कर रहे हैं, पर क्या एकल शिक्षक स्कूलों की यह स्थिति उस दिशा में कोई सार्थक कदम का संकेत है?

यह विडंबना है कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, पर उसके बचपन की शिक्षा का यह हाल है। शिक्षा पर सरकारी व्यय जीडीपी का केवल 2.9 प्रतिशत है, जबकि विकसित देशों में यह 5 से 6 प्रतिशत तक है। जब शिक्षा ही निवेश नहीं बनेगी, तो विकास का आधार कहाँ से आएगा? समस्या केवल शिक्षक संख्या की नहीं, बल्कि शिक्षकों की भर्ती, प्रशिक्षण और संसाधनों की भी है। राज्यों में नियुक्ति प्रक्रियाएँ वर्षों तक लटकी रहती हैं, स्थानांतरण नीति अव्यवस्थित है, और जो शिक्षक हैं भी, उन्हें आधुनिक शिक्षा पद्धति, डिजिटल शिक्षण, नवाचार और नैतिक मूल्य आधारित शिक्षण के प्रशिक्षण से वंचित रखा गया है। यह स्थिति उस समय और अधिक विडंबनापूर्ण लगती है जब हम हर मंच पर नया भारत, विकसित भारत और विश्वगुरु भारत के नारे लगाते हैं। शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखने की आवश्यकता है। रक्षा और स्वास्थ्य की तरह शिक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

शिक्षक भर्ती में पारदर्शिता और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो, दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों का समुचित समायोजन किया जाए, तकनीक के माध्यम से डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो और शिक्षकों को केवल वेतनभोगी कर्मचारी नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माता के रूप में सम्मान मिले। महात्मा गांधी ने कहा था, यदि हमें भारत को पुनः महान बनाना है, तो शिक्षा को पुनः मानवीय बनाना होगा। आज शिक्षा केवल परीक्षा और नौकरी तक सीमित हो गई है, जबकि उसका उद्देश्य चरित्र निर्माण और विवेक जागरण होना चाहिए। यदि 34 लाख बच्चे एकल शिक्षक के भरोसे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। भारत तभी विकसित होगा जब हर बच्चा पढ़ेगा-सिर्फ स्कूल में नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में शिक्षित होगा। अन्यथा, एकल शिक्षक की यह पीड़ा आने वाले भारत की मौन त्रासदी बन जाएगी। शिक्षक दीपक की तरह होते हैं, वे स्वयं जलकर समाज को प्रकाश देते हैं। पर जब दीपक ही अकेला रह जाए, तो अंधकार स्वाभाविक है। अब समय है कि हम इस अंधकार को दूर करने का संकल्प लें, क्योंकि शिक्षा ही राष्ट्र का भविष्य है और शिक्षक उस भविष्य के निर्माता हैं।

सोचने वाली बात है कि एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे? शिक्षा का मतलब छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हें पढ़ाई के साथ पाठ्यसहगामी क्रियाओं का भी ज्ञान दिया जाना जरूरी होता है। लेकिन जब स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो किताबी पढ़ाई कैसी होगी, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। स्कूल में सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बच्चों का शारीरिक विकास पूरी तरह हो, उसके लिए खेलकूल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों एवं योग-व्यायाम जैसी कक्षाओं की सख्त जरूरत होती है। लेकिन जब शिक्षक ही पर्याप्त नहीं होंगे तो शिक्षा के साथ चलने वाली इन गतिविधियों की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निस्संदेह, हम छात्रों के बीमार भविष्य की बुनियाद ही रख रहे हैं और ऐसी बीमार बुनियाद पर खड़ा राष्ट्र कैसे स्वस्थ, सक्षम एवं उन्नत होगा?

शिक्षा के प्रति यह उपेक्षा हमारे सत्ताधीशों की संवेदनहीनता का भी पर्याय है। शिक्षकों की नियुक्ति में जिस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं, उससे शिक्षा विभाग की प्रदूषित कार्य संस्कृति का बोध होता है। आखिर क्या वजह है कि देश में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यह स्थिति हमारे तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। एक समस्या यह भी है कि शिक्षक जटिल भौगोलिक स्थितियों वाले स्कूलों में काम करने से कतराते हैं। यदि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति हो भी जाती है तो वे दुर्गम से सुगम स्कूलों में अपना तबादला ज्वाइन करने के तुरंत बाद करवा लेते हैं। जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से लेकर विभागीय लेन-देन की भी शिकायत होती रहती है। यही वजह है कि शहरों व आसपास के इलाकों में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती जरूरत से ज्यादा भी देखी जाती है।

कैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सड़कों पर बेरोजगारों की लाइन लगी हैं और स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े आठ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद कि हमारे यहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। कहने को तो हमारे गाल बजाते नेता भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश कहते इतराते हैं, लेकिन इन नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि कुंठित होती युवा पीढ़ी के लिये उन्होंने क्या खास किया है? नौकरियों की भर्ती निकलती नहीं है। तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का होना देश के नीति-निर्माताओं एवं नायकों के लिये शर्म का विषय होना चाहिए।

# दसों दिशाओं और अंतस को प्रकाशित करे दीपावली



डॉ. वंदना पाण्डेय दुबे
चंचलाबाई महाविद्यालय, जबलपुर

भारत वर्ष आध्यात्म,धर्म - संस्कृति, मान्यताओं, परंपराओं का संवहन करने वाला गौरवशाली राष्ट्र है द्य जहां विविध पर्व पूरे उत्साह - उमंग के साथ साल दर साल मनाए जाते हैं। अंधकार से प्रकाश की ओर तमसो मा योतिर्गमय के भाव-विचार को सार्थक करने वाला दीपावली पर्व भौतिक प्रकाश बिखेरने वाला पर्व तो है ही जिसमें दीपों की अवली अर्थात दीपों की पंक्तियों के माध्यम से घर द्वार सुसजित और आलोकित किए जाते हैं साथ ही यह पर्व ज्ञान के प्रकाश से अंतस के अंधकार यथा-अज्ञानता, अभिमानता, आसक्ति, स्वार्थ, मोह, ईर्ष्या-द्वेष को दूर करने हेतु भी मनाया जाता हैद्य यह असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देकर नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों को प्रवाहमान बनाता है । दीपावली का त्यौहार इस ओर इंगित करता है कि संपन्नता के उजाले में ही जीवन की श्रेष्ठता है यह संपन्नता श्रेष्ठ आरोग्य,स्वास्थ्य, सद्भावना धन-धान्य,एशवर्यता-पवित्रता के उजाले से संबंधित है जो संपूर्णसे जीवन को प्रकाशवान बनाता है। बेसब्री से बरस भर इंतजार करने के बाद आने वाले दीप पर्व के लिए मुख़्तर सईद साहब लिखते हैं -

फिर एक साल की तारीक़ राह तय करके
यह रात कितनी उजालों को साथ लाई है..!

दीपावली पाँच दिवसीय पर्व है जिसे उत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रथम दिवस कृष्ण त्रयोदशी (धनतेरस) को आरोग्य देवता धनवंतरी एवं धन की देवी लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की जाती हैद्य इस दिन बर्तन,आभूषण आदि क्रय किए जाते हैं। स्वास्थ्य संपन्नता हेतु मनाया जाने वाला यह विशेष दिवस है। द्वितीय दिवस नरक चतुर्दशी एवं रूप चौदस के नाम से जाना जाता है इस दिन तन की सुंदरता निखारे जाने की मान्यता है। यह दिन नरकासुर राक्षस का संहार होने के कारण पाप नाशक दिवस के रूप में भी मनाया जाता है द्य तृतीय दिवस दीपावली का मुख्य दिवस होता है जिसमें धन की देवी लक्ष्मीजी, बुद्धि-विवेक के देवता गणेश जी के साथ-साथ द्रव्य की भी पूजा की जाती है और धन-वैभव के संपन्नता की कामना की जाती है। चतुर्थ दिवस अन्नकूट उत्सव एवं गोवर्धन पूजा का दिवस है इस दिन प्रकृति से प्रदत्त खाद्यान्न से विभिन्न व्यंजन तैयार कर ईश्वर को आभार स्वरूप समर्पित किया जाता हैद्य इसी दिन भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव के घमंड को तोड़ते हुए गोवर्धन पर्वत उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी,फलस्वरुप प्रतीकात्मक गोवर्धन पर्वत बनाकर उसकी पूजा भी की जाती है। पंचम दिवस यम और यमी की कथा पर आधारित भाई-बहन के रिश्ते का त्यौहार है जिसमें बहन अपने भाई के दीर्घायु की कामना करती है। यह पर्व पारस्परिक प्रेम-स्नेह की संपन्नता को दर्शाता है।

त्यौहारों की श्रृंखला के इस दीपावली पर्व को ज्ञान - विज्ञान के आलोक में देखने पर ज्ञात होता है कि तन-मन को निरोग रखने हेतु यह साफ-सफाई स्वच्छता का प्रकाश पर्व हैद्य दीपावली वर्षा ऋतु की समाप्ति के पश्चात आता है द्य यूँ तो वर्षा ऋतु अत्यंत मनमोहक हरियाली समेटे प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर ऋतु है किंतु यही वह समय भी है जिसमें रोगाणु, कीटाणु बैक्टीरिया,फंगस आदि तीव्र गति से जन्मते एवं पनपते हैं तथा विभिन्न बीमारियों का कारण भी बनते हैं अतः नितांत आवश्यक है कि इस समय घर एवं अन्य स्थानों की साफ-सफाई की जाए। निरंतर बारिश के कारण घरों में सीलन आ जाती है एवं सड़न-दुर्गन्ध फैलने लगती है कपड़े नमीयुक्त हो जाते है एवं कभी कभी उनमें फंगस भी लग जाती है द्य खाद्यान्न एवं खाद्य सामग्री खराब होने लगते हैं उनमें घुन, इल्ली, फफूँद आदि लगने की संभावना बढ़ जाती है नमी की उपस्थिति के कारण सड़न की प्रक्रिया तेज हो जाती है। घरों के आसपास गंदगी कीचड़,क़ाई आदि जमा हो जाते हैं और बीमारियों का संक्रमण द्रुत गति से होता है फल स्वरुप वृहद स्तर पर सफाई की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि दीपावली पर्व के 15- 20 दिन पूर्व से ही घरों में साफ-सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया जाता है द्य इस समय घरों की रंगाई- पुताई का मुख्य उद्देश्य भी सफाई ही रहता है जिससे बीमारियों से बचाव हो सके द्य वास्तव में दीपावली साफ-सफाई का ही त्यौहार है घरों में घरों की लम्बी सफाई प्रक्रिया के बाद रूप चौदस को तन की स्वछता एवं सुंदरता पर ध्यान दिए जाने का वैज्ञानिक कारण क्लान्त तन-मन को निरोग एवं स्वस्थ बनाए रखने से ही है। दीपावली के दिन साफ- सुथरे घर को फूल-माला, रंगोली- अल्पना एवं दीपकों से सजाया जाता है। पूजन-अर्चन के साथ ही घी /तेल युक्त माटी के दीपक भी जलाए जाते हैं जो संपूर्ण वातावरण को सुंदर और सम्मोहक बनाते हैंद्य दीपमालिका पर्व जिसमें घरों को दीपकों से सजाया जाता हैं इनके जलने से संपूर्ण वातावरण शुद्ध एवं पवित्र हो जाता है चारों तरफ सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैद्य दीपावली में पटाखे जलाने की भी परम्परा है। वैज्ञानिक बताते हैं कि उनके जलने से जो कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य गैसें उत्पन्न होती हैं वह कीड़े -मकोड़े, कीट- पतंगों का नाश करती हैं। किंतु स्मरण रहे अति सर्वत्र वर्जयते। दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण का भी चलन है जो कि सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाता है एवं मधुरता भी प्रदान करता है।

घरों में स्वछता से प्रारंभ होने वाला यह दीप-पर्व समाज में चहुँ ओर उजियारा बिखेरता है द्य बकौल नज़ीर अकबरावादी-

हर एक मकान में जला फिर दिया दिवाली का,
हर तरफ उजाला हुआ फिर दिवाली का।

आरोग्य, धन-वैभव,सद्भावना, मधुर संबंधों की कामना वाला एक ज्ञान-विज्ञान,विवेक -विश्वास का नेह दीप हर दहलीज पर हमारा भी हो....

# दिमाग की शांति के लिए

संतोष उत्सुक

विदेशों में किए गए अध्ययन मुझे हमेशा आकर्षित, प्रभावित और द्रवित करते रहे हैं। वह बात दीगर है कि हमारे लोकप्रिय नेता कुछ अंतराल के बाद यह कहते रहते हैं कि स्वदेशी अपनाओ और जीवन चलाओ लेकिन, होता कुछ ऐसा है कि विदेशी वस्तुओं, वाइन और वूमेन का आकर्षण बढ़ता ही जाता है। विदेशी तकनीक ज़िंदगी में इतनी ज़्यादा भीतर तक घुस आई है कि जितनी बार पूछेंगे बता सकते हैं। वैसे तो इस तरह की तकनीक हमारे यहां सदियों पहले थी लेकिन यहां आए विदेशी शासकों ने उसे तहसनहस कर दिया था। हम खुद भी अपना काफी कुछ भूल गए थे। अब याद आता रहता है तो हमारे नेता याद दिलाते रहते हैं कि स्वदेशी अपनाओ और आनंद पाओ। वह बात दीगर है कि सुधरना मुश्किल होता है और बिगड़ना आसान।





अब यह, विदेशी छोडो और स्वदेशी जोड़ो के विशुद्ध नारे के कारण मानसिक शांति बर्बाद होने लगी है। व्यक्ति नाश्ता करने के बाद निश्चय करता है कि आज रात को खाना जल्दी खाएगा, थोडा टहलेगा, एक दो भजन सुनकर फोन बंद कर दूर रख देगा और सो जाएगा। कल सुबह ब्रह्म मुहर्त में उठ जाएगा लेकिन हो नहीं पाता। विदेश में किया एक अध्ययन भी, भारतीय शैली में, दिमाग की शांति उगाने का फार्मूला बता रहा है। दिलचस्प यह है कि विदेशियों ने सुबह के तीन बजे के आस पास के समय को मस्तिष्क के लिए सबसे असुरक्षित माना। इत्तफाक से यह समय हमारे ब्रह्ममुहर्त के आसपास का ही है। उनके अनुसार इस समय चिंता और डर बढ़ा हुआ होता है, संभवत तभी इस समय को हमारे यहां बिस्तर छोड़ने के लिए श्रेष्ठ माना गया है।

उन्होंने अपने हिसाब से कुछ नुक्ते सुझाए हैं ताकि शांति बनी रहे। उनके अनुसार दिन ढलने से पहले कागज़ पर लिख लें कि किन बातों पर आपका नियंत्रण है और किन पर नहीं। जिन पर है उन्हें अगले दिन की कार्यसूची में डालें बाक़ी को भूल जाएं, इससे चिंता स्थगित हो जाएगी। कोई किताब पढ़ें या खेल खेलें इससे दिमाग़ चिंता से बाहर निकलेगा। पास रखे पत्थर, लकड़ी या कपडे के टुकड़े को छूएं, धीरे धीरे पानी पिएं, हल्का संगीत सुनें, यह बेचैनी कम करेगा। करवटें न बदलें, उठकर मंद रोशनी में कुछ करें, जैसे कपड़े तह करना या ड्राअर का सामान ठीक करना, इससे दिमाग बिस्तर को नींद से जोड़ेगा। दिन की मामूली बात रात को बड़ी लगती है, खुद से कहें सुबह देखेंगे। खुद से कहते रहें, सब ठीक हो जाएगा, सब ठीक रहेगा, सबसे पहले आराम ज़रूरी है, इससे मन स्थिर होगा। आखिरी सलाह है यदि कभी कभी नींद उचाट हो तो कोई बात नहीं। नींद टूटना सामान्य बात है, कोशिश करें आ जाएगी।

उनकी सारी बातें ठीक है लेकिन, इस मामले में हमें महा स्वदेशी फार्मूला ही ज्यादा सफलता दिलाएगा। हमारे अस्त व्यस्त और मस्त जीवन में सबसे सफल फार्मूला है, देर रात तक डाटा का मनचाहा प्रयोग जिससे सबसे ज्यादा शांति मिलती है। दूसरा उपाय है, मनचाहे पेय का डेली डोज़, जिसमें दूध भी शामिल है। एक बार इनकी आदत पड़ जाए तो मन खुद ही शांति ग्रहण कर लेता है। इस मामले में ज्यादा परेशान होकर, विदेशी उपाय करने की ज़रूरत नहीं, पता नहीं, उनकी सलाह कारगर भी है या नहीं।

# धनतेरस-धन,स्वास्थ्य और शुभारंभ की परंपरा




प्रशांत श्रीधर
शिक्षक
पिंडरई मंडला

कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन मनाया जाने वाला धनतेरस दीपोत्सव की प्रारम्भिक कड़ी है। यह वह पर्व है जब घर-गृहस्थी,बाजार और मन एक साथ खुशियों के प्रकाश से उज्जवल हो उठते हैं। ऐसा माना जाता है कि धनतेरस पर किया गया शुभारम्भ,खरीदी या पूजा आने वाले साल में समृद्धि और स्वास्थ्य का आधार बनता है।यही कारण है कि इस दिन घरों में सफाई की जाती है,दुकानें सजती हैं और बाजारों में भीड़ होती है। धनतेरस केवल भौतिक संपत्ति का उत्सव नहीं, बल्कि आरोग्य,समृद्धि और पारिवारिक सौभाग्य की कामना का भी प्रतीक है।

पौराणिक दृष्टि से धनतेरस का संबंध सबसे प्रसिद्ध कथा समुद्रमंथन से जुड़ा हुआ है।देवी-देवताओं और दानवों द्वारा क्षीरसागर का मंथन जब हुआ,तो कई रत्न, वस्तुएँ और अवतार प्रकट हुए,उन्हीं में प्रथम प्रकट हुए थे भगवान धनवंतरी,जिन्होंने अमृत कलश के साथ अवतरण किया।धनवंतरी को आयुर्वेद का संस्थापक माना जाता है और उन्हीं के कारण धनतेरस को स्वास्थ्य-सम्बन्धी पूजा का दिन भी माना जाता है।पुराने ग्रंथों और लोकप्रचलित मान्यताओं में धनवंतरी को आरोग्य का देवता कहा गया है,जिन्होंने लोगों को उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु युक्त जीवन के तरीके समझाए इसलिए धनतेरस पर स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाना भी पवित्र माना जाता है।

एक और लोककथा के अनुसार एक बार राजा हिम के पुत्र की जन्म कुंडली में लिखा था कि उसका विवाह के चौथे दिन साँप के डसने से निधन होगा।विवाह के बाद उसकी पत्नी ने यह सुना तो उसने एक उपाय किया,विवाह की चौथी रात उसने सारे आभूषण और सोने-चांदी के सिक्के द्वार पर रख दिये,दीपक जलाकर चारों ओर रोशनी फैला दी और पति को जगाए रखा, उसे भगवत जाप करातीं रहीं ताकि वह सो न सके।जब यमराज साँप का रूप लेकर आए,तो चमकते सोने-चांदी और दीपों



की रोशनी से उनकी आँखें चकाचौंध हो गईं।वे भीतर प्रवेश न कर सके और बिना कुछ बोले वहाँ से लौट गए।इस प्रकार राजा हिम का पुत्र बच गया,तभी से धनतेरस पर दीपदान और यमराज की पूजा का प्रचलन हुआ,इसे यमदीपदान कहा जाता है।

ऋतु और अनुष्ठान की दृष्टि से धनतेरस पर अनेक अभ्यास देखे जाते हैं। घरों की गहरी सफाई की जाती है, रंगोली और दीयों से सजावट की जाती है और संध्या में विशेष पूजा-अर्चना होती है। परम्परा अनुसार इस दिन नई चीजें, विशेषकर तांबे या चांदी के बर्तन,सोने-चाँदी के आभूषण अथवा उपयोगी घरेलू सामान खरीदना शुभ माना जाता है,इसे समृद्धि के आगमन का संकेत समझा जाता है। लक्ष्मी और कुबेर की पूजन-प्रथा प्रचलित है, साथ ही व्यापारियों द्वारा पेटी-पूजा और किताबों पर दीप रखकर कारोबार का आरंभ करना भी प्रचलित है। पूजा के बाद दीपों की मालिका से घर का आंगन रोशन किया जाता है और रिश्तेदारों में प्रसाद का आदान-प्रदान होता है।

आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से धनतेरस का महत्त्व बहुत गहरा है। त्योहारों के कारण घरेलू और छोटे-छोटे व्यापारों को बड़ी राहत मिलती है,आभूषण-विक्रेता, बर्तन-निर्माता, दीपक-मालिक और स्थानीय हस्तशिल्पकार इस अवसर पर अधिक व्यस्त होते हैं।यह धनतेरस हस्त-शिल्प, कला और आभूषण कारोबार के लिए श्रेष्ठ अवसर प्रस्तुत कर सकता है,क्योंकि करों में कटौती सीधे कीमतों में राहत देगी और खरीदारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करेगी। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, गृह उपयोग की वस्तुएँ, फैशन एवं स्वास्थ्य उपकरण भी तेजी पकड़ सकते हैं।व्यापारियों को चाहिए कि वे उच्च गुणवत्ता,आकर्षक ऑफर्स,मार्केटिंग एवं त्वरित सेवा के साथ उतरें,ताकि इस उत्सवकालीन अवसर का अधिकतम लाभ उठा सकें।आज के युग में ऑनलाइन खरीद-फरोख्त ने भी इस पर्व को आधुनिक रूप दिया है,फिर भी स्थानीय कारीगरों और पारम्परिक वस्तुओं को चुनकर खरीददारी करने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलता है। यही वह समय है जब वोकल फॉर लोकल का संदेश व्यवहार में लाना फायदेमंद रहता है। साथ ही त्यौहारी खर्चों के चलते सामूहिक सौहार्द्र और उपभोग संवेदना का भी महत्व दिखाई देता है।

धनतेरस का स्वास्थ्य संदेश भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि धन-संदेश।धनवंतरी के स्मरण को ध्यान में रखकर यह दिन हमें याद दिलाता है कि वास्तविक संपदा स्वास्थ्य है। इस दिन आयुर्वेदिक ज्ञान,घरेलू उपचार और पोषण पर ध्यान देना सार्थक माना जाता है। लोग कई बार पारंपरिक औषधियों या स्वास्थ्य-चेकअप के लिए समय निकालते हैं। साथ ही घर की स्वच्छता, सत्कार्य और नियमित आदतें अपनाकर दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की जाती है।आधुनिक संदर्भ में पर्यावरण और सुरक्षा का ध्यान भी आवश्यक है। पारम्परिक दीयों और मिट्टी के दीपों का उपयोग पर्यावरण के अनुरूप है, पर सजावट में प्लास्टिक का सीमित प्रयोग करते हुए बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों को प्राथमिकता देना चाहिए।बिजली-बचत के लिए एलईडी लाइट्स का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए।

व्यवहारिक तौर पर, धनतेरस को अर्थपूर्ण बनाने के लिए छोटे-छोटे कदम जैसे घर-परिवार देखभाल पर विशेष ध्यान देना,जरूरतमन्दों को भोजन एवं घरेलू कर्मचारियों को उपहार देना,स्थानीय कारीगरों से खरीददारी करना और स्वास्थ्य की जाँच कराना चाहिए। यदि सोना खरीदना हो तो प्रमाणिक विक्रेता से लेना चाहिए और खरीद-पहचान के दस्तावेज संभालकर रखने चाहिए। साथ ही परिवार के साथ शांतिपूर्ण समय बिताना उत्तम रहेगा।धनतेरस केवल खरीददारी या दीपक जलाने का अवसर नहीं है,यह एक स्मरण है कि धन का सही उपयोग, स्वास्थ्य की रक्षा और सामाजिक दायित्वों का निर्वाह ही सच्ची समृद्धि लाता है। इसदिन को हम पारिवारिक मेल-जोल,परंपरा और नए आरम्भों के अवसर के रूप में ग्रहण करें, और साथ ही अपनी संस्कृति के निहित संदेशों को समझते हुए उसे आने वाली पीढ़ियों तक संवारे रखें,स्वतंत्र मत के सभी पाठकों को धनतेरस की शुभकामनाएँ।

# साल में 57 दिन भीषण गर्मी झेलने को रहें तैयार, अंतरराष्ट्रीय मौसम विज्ञानियों की चेतावनी

वाशिंगटन

दुनियाभर में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन एवं इसके परिणामस्वरूप होने वाले ग्लोबल वार्मिंग को लेकर अंतरराष्ट्रीय मौसम विज्ञानियों के अध्ययन में पता चला है कि सदी के अंत तक विश्व में हर साल 57 भीषण गर्म दिन जुड़ने वाले हैं। इससे कार्बन उत्सर्जन वाले बड़े देशों की तुलना में गरीब छोटे देश सबसे अधिक प्रभावित होंगे। हालांकि, पेरिस जलवायु समझौते के साथ 10 साल पहले शुरू हुए इन गैसों के उत्सर्जन को रोकने के प्रयासों का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। इन प्रयासों के बिना पृथ्वी पर साल में 114 दिन और भीषण गर्मी झेलनी पड़ती।

मौसम विज्ञानियों के अंतरराष्ट्रीय समूह वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन और अमेरिका स्थित क्लाइमेट सेंट्रल ने अध्ययन में पता लगाने का प्रयास किया कि कि पेरिस समझौते ने हीट वेव (प्रचंड गर्मी) के संदर्भ में लोगों पर कितना असर डाला है।

2015 में 200 से अधिक देशों में कितने भीषण गर्म दिन रहे, पृथ्वी को अभी और कितने अति-गर्म दिन देखने मिलेंगे और भविष्य के लिए क्या अनुमान है। विज्ञानी क्रिस्टीना डाहल ने कहा कि यदि देश कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अपने वादे पूरे करते हैं तो वर्ष 2100 तक दुनिया पूर्व-औद्योगिक समय से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म हो सकती है। इससे पृथ्वी पर भीषण गर्मी के दिनों



की संख्या बढ़कर 57 हो जाएगी। अतिरिक्त अति-गर्म दिन का अनुमान जिन 10 देशों में भीषण गर्मी वाले दिनों में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी जाएगी, उनमें से अधिकतर देश समुद्र पर निर्भर हैं। इनमें सोलोमन द्वीप, समोआ, पनामा और इंडोनेशिया शामिल हैं।

पनामा में लोगों को 149 अतिरिक्त भीषण गर्मी के दिनों का सामना करना पड़ सकता है। यूं तो इन 10 देशों ने हवा में मौजूद ताप-अवरोधक गैसों का केवल एक प्रतिशत ही उत्पन्न किया, लेकिन उन्हें लगभग 13 प्रतिशत अतिरिक्त भीषण गर्मी वाले दिन झेलने पड़ेंगे।

सबसे ज्यादा कार्बन प्रदूषण फैलाने वाले देशों - अमेरिका, चीन और भारत में केवल 23 से 30 अतिरिक्त अति-गर्म दिन का अनुमान है। ये देश 42 प्रतिशत कार्बन डाइआक्साइड के लिए जिम्मेदार हैं।

पाट्सडैम क्लाइमेट इंस्टीट्यूट के निदेशक जोहान राकस्ट्राम ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन का मौजूदा ट्रेंड पृथ्वी के लिए विनाशकारी भविष्य का संकेत दे रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने गुरुवार को कहा कि धरती के वायुमंडल में कार्बन डाइआक्साइड का औसत स्तर 2023 और 2024 के बीच रिकार्ड स्तर पर बढ़ा है। इससे पृथ्वी तेजी से गर्म हुई है, क्योंकि कार्बन डाइआक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें सूर्य से आने वाली ऊर्जा को ग्रह की सतह के पास ही रोके रखती हैं।

पिछला साल पृथ्वी के इतिहास का सबसे गर्म साल था।विश्व मौसम विज्ञान संगठन के उप-महासचिव को बैरेट ने कहा, उत्सर्जन में कमी लाना न केवल हमारी जलवायु के लिए बल्कि हमारी आर्थिक सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण के लिए भी आवश्यक है। 1960 से अब तक इंसानों ने वायुमंडल में लगभग 500 अरब टन कार्बन उत्सर्जित किया है।

## लेबनान में इजरायली हवाई हमले में एक की मौत, सात घायल

**बेरूत, (वार्ता)।** दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह के ठिकानों पर इज़रायीली हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने कहा है कि गुरुवार को पूर्वी शहर शमुस्तर में इजरायल की ओर से किये गये हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं सिडोन जिले के ब्नाफौल में एक व्यक्ति घायल हुआ है, जबकि नबातीह जिले के अंसार में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने बताया कि इज़रायल ने स्थानीय समयानुसार रात लगभग नौ बजे हवाई हमला किया, जिसमें दक्षिणी लेबनान के अंसार, सिनाय और बसफूर गांवों के बीच वादी बसफूर में एक कंक्रीट मिक्सिंग प्लांट और एक खदान को निशाना बनाया गया। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लेबनानी सेना के एक खुफिया सूत्र ने बताया कि इज़रायली वायु सेना ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में हिज़्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर 31 हमले किये, हालांकि उन्होंने कोई और विवरण नहीं दिया।

## जापान में 21 अक्टूबर को होगा नये प्रधानमंत्री का चुनाव

**टोक्यो, (वार्ता)।** जापान में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों ने शुक्रवार को श्री शिगेरु इशिबा की जगह एक नए प्रधानमंत्री का चुनाव 21 अक्टूबर को कराने पर सहमति व्यक्त की। जापान के अखबार योमिउरी शिंबुन की रिपोर्ट के अनुसार, सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्य विपक्षी दल कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ जापान ने 21 अक्टूबर को निवर्तमान प्रधानमंत्री इशिबा के उत्तराधिकारी के चयन के लिए संसदीय मतदान कराने पर सहमति व्यक्त की है। इसी दिन संसद का सत्र भी बुलाया जाएगा।

## यूक्रेनी ड्रोन हमले में रूसी पत्रकार की मौत

**मास्को, (वार्ता)।** रूस के ज़ापोरीज्जिया क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक रूसी संवाददाता की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने गुरुवार को बताया कि आरआईए नोवोस्ती के पत्रकार इवान ज़ुयेव गुरुवार को यूक्रेनी ड्रोन हमले में मारे गए और उनके सहयोगी यूरी वोइतकेविच गंभीर रूप से घायल हो गए। रोसिया सेगोदन्या मीडिया समूह के महानिदेशक दिमित्री किसेलेव ने कहा, इवान नहीं रहे। यह हमारे सैन्य संवाददाताओं की तीसरी क्षति है। इससे पहले आरआईए नोवोस्ती के संवाददाता आंद्रेई स्टेनिन और रोस्टिस्लाव ज़ुरावलेव 2014 और 2023 में अलग-अलग घटनाओं में मारे गए थे। इस साल की शुरुआत में, चार जनवरी को एक यूक्रेनी ड्रोन हमले में रूसी युद्ध संवाददाता अलेक्जेंडर मार्टेम्यानोव मारे गए थे और चार अन्य मीडियाकर्मी घायल हुए थे।

## दक्षिणी फिलीपीन में भूकंप के जोरदार झटके

**मनीला, (वार्ता)।** दक्षिणी फिलीपीन क्षेत्र में सुरीगाओ डेल नोर्टे प्रांत में शुक्रवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने बताया है कि शुक्रवार सुबह महसूस किये गये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी। संस्थान ने कहा कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 7:03 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र जनरल लूना नगरपालिका से लगभग 13 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप आफ्टरशॉक को ट्रिगर करेगा और महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाएगा। मिंडानाओ क्षेत्र और मध्य फिलीपींस के पड़ोसी प्रांतों में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये।

# यूनुस शासन और बांग्लादेशी सेना के बीच बढ़ा टकराव, स्थिति और बिगड़ी

नई दिल्ली

बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार और सेना के बीच तेजी से टकराव बढ़ने लगा है। हालांकि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय तक संबंध एवं समन्वय अपेक्षाकृत संतोषप्रद बने रहे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा 24 सैन्य अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद से स्थिति बहुत बिगड़ गई है। आईसीटी ने लोगों को जबरन गायब किए जाने, यातनाएं देने और गुप्त हिरासत में रखने में उनकी कथित संलिप्तता के लिए ये वारंट जारी किए हैं। इन घटनाक्रमों से सेना के भीतर भारी निराशा पैदा हो गई है। सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान अपने अधिकारियों के भारी दबाव का सामना कर रहे हैं, और इसी वजह से उन्हें भारत और सऊदी अरब की अपनी यात्राएं तक रद करनी पड़ीं।





दरअसल, समस्या का असल स्त्रोत जमात-ए-इस्लामी है। यह संगठन अपने फायदे के लिए यूनुस पर आईसीटी के इस्तेमाल का दबाव डाल रहा है। आईसीटी की स्थापना शेख हसीना ने की थी। इसे मूल रूप से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान अपराध करने वालों पर मुकदमा चलाने के लिए गठित किया गया था। यह शेख हसीना के शासनकाल के दौरान लोगों को जबरन गायब किए जाने और न्यायेतर हत्याओं जैसे अपराध करने वालों पर मुकदमा चला रहा है। विडंबना यह है कि आईसीटी के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम, जो पहले जमात के सदस्यों का बचाव कर रहे थे, अब मुख्य अभियोजक हैं। वह अब जमात के कुछ सदस्यों की फांसी का बदला लेने के लिए जमात का काम कर रहे हैं। इसके अलावा, आईसीटी का इस्तेमाल उन लोगों पर मुकदमा चलाने के लिए किया जा रहा है जिन्हें हसीना का करीबी माना जाता है। इस सब प्रकरण में सेना निशाने पर आ गई है और गिरफ्तारी वारंट ने अब सेना के भीतर ही हंगामा मचा दिया है। बांग्लादेश पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि यूनुस और जमात सेना को तोड़ने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। सेना को यह अंदाजा नहीं था कि विद्रोह का नेतृत्व करने वाले छात्रों द्वारा चुने गए यूनुस, जमात की कठपुतली बन जाएंगे। कई सैन्य अधिकारी आईएसआइ के पिट्ठू बन गए हैं। जमात किसी भी कीमत पर सेना की जगह कट्टरपंथी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी आर्मी को लाना चाहती है। सेना इस कदम का विरोध कर रही है क्योंकि उसे पता है कि आइआरए जैसी संस्था बांग्लादेश के संविधान का पालन नहीं करेगी और इसके बजाय शरिया कानून लागू करने का रास्ता तैयार करेगी। चटगांव यूनिवर्सिटी ने मतदान में अनियमितताओं और चुनाव के बाद हुई हिंसा के आरोपों के बाद दो हालों के छात्र संघ चुनाव परिणामों को स्थगित कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा, इस्लामी छात्र शिबिर ने जीत का दावा किया था। शिबिर समर्थित उम्मीदवारों ने चटगांव यूनिवर्सिटी केंद्रीय छात्र संघ चुनाव में उपाध्यक्ष, महासचिव और 22 अन्य पदों सहित प्रमुख पदों पर जीत हासिल की।

**इमिग्रेशन एजेंट, बंदूकें और वीजा दिखाने की मांग**

# डोनल्ड ट्रंप के एक फैसले ने शिकागो में मचा दिया हाहाकार

नई दिल्ली

अमेरिका के शिकागो में इन दिनों इमिग्रेशन को लेकर अफरा-तफरी का माहौल है। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के दूसरे टर्म में इसको लेकर शहर के अंदर काफी बवाल हो रहा है।

पांच हफ्ते पहले इमिग्रेशन को लेकर जो कवायद शुरू की गई थी, वह हाल के दिनों में सबसे अराजक और बवाली ऑपरेशन में बदल गया है। शिकागो में पांच लाख विदेशी मूल के लोग रहते हैं और यहां पर इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और बॉर्डर पेट्रोल एजेंट चर्च, स्कूल, अपार्टमेंट बिल्डिंग और यहां तक कि कब्रिस्तान के बाहर भी लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। इन लोगों के हाथों में बंदूकें होती हैं और वीजा दिखाने की मांग करते हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारी बिना डॉक्यूमेंट वाले इमिग्रेंट्स और यूएस नागरिकों, दोनों को रोककर पूछताछ कर रहे और सबूत के तौर पर वीजा, पासपोर्ट या शहर में रहने के दस्तावेज मांग कर रहे हैं। इतना ही नहीं कानूनी तौर पर रहने की इजाजत पाने वाला अगर कागज लेकर नहीं चलता है तो उस पर 130 डॉलर का जुर्माना लगाया जा रहा है। अब इसका असर पूरे शहर में दिख रहा है।

कुछ स्कूलों ने सॉफ्ट लॉकडाउन का सहारा लिया है। जब कभी भी आस-पास फेडरल की गाड़ियां दिखती हैं या फिर एजेंट दिखते हैं तो स्टूडेंट्स को घर अंदर रखा जाता है। यहां तक कि रेस्टोरेंट वाले भी परेशान हैं। ये लोग किचन इमिग्रेंट लेबर पर निर्भर हैं और इन लोगों ने अपने काम के घंटे कम कर दिए हैं। पिछले महीने एक डे केयर सेंटर के बाहर हुई झड़प के दौरान ढ्ढष्टश्व ऑफिसर्स ने एक व्यक्ति को गोली मार दी थी।

अगर ट्रंप का इरादा शहर को नियमों का पालन करने के लिए मजबूर करना था तो इसका नतीजा उल्टा पड़ता दिख रहा है। स्थानीय निवासियों ने ऑपरेशन का सक्रिय रूप से विरोध करना शुरू कर दिया है, भीड़ ने एजेंटों पर अंडे और दूसरी चीजें फेंकी हैं। तो वहीं फेडरल सरकार का जवाब भी उतना ही जोरदार रहा है। अधिकारियों ने आंसू गैस, पेपर बॉल और स्मोक बम इस्तेमाल किए हैं। न सिर्फ प्रदर्शनकारियों पर बल्कि पत्रकारों और यहां तक कि शिकागो के पुलिस अधिकारियों पर भी जो गड़बड़ी पर कार्रवाई की गई। एजेंट्स ने उन राहगीरों पर भी बंदूकें तान दी हैं जो गिरफ्तारी को फिल्माने या रोकने की कोशिश कर रहे थे। बढ़ते टकराव ने सैंक्चुअरी सिटी की पॉलिसी की हदें दिखा दी हैं। गवर्नर प्रिट्जकर ने एजेंसी पर अफरा-तफरी मचाने का आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि दूसरे शहरों को भी जल्द ही इसका सामना करना पड़ सकता है।

# इक्काडोर में जज की गोली मार कर हत्या

क्विटो, (वार्ता)

इक्काडोर के पश्चिमी मनाबी प्रांत में गुरुवार को एक जज की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जज मार्कोस मेंडोज़ा की एक स्कूल के बाहर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह अपने बच्चों को छोड़ने जा रहे थे। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि मोटरसाइकिल सवार एक हथियारबंद हमलावर ने जज को रोका और उन पर गोलियां चला दीं। हत्यारे मोटर साइकिल पर आये थे और उनमें से एक ने उन्हें रोककर उन पर गोली दाग दी।

पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जाँच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि श्री मेंडोज़ा अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के अधीन एक कथित धन शोधन मामले की जाँच से जुड़े हुए थे। इस मामले में शामिल 10 से अधिक लोगों पर मुकदमा चलाया जा रहा है। जिनमें देश का मुख्य ड्रग तस्कर और संगठित अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोह लॉस चोनेरोस का सरगना जोस एडोल्फो मैकियास विलामार उर्फ फिटो भी शामिल है। देश की न्यायाधीश एसोसिएशन ने एक बयान जारी कर श्री मेंडोज़ा की हत्या की निंदा की और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने का आह्वान किया। ह्यूमन राइट्स वॉच के अनुसार, 2022 से इक्काडोर में कम से कम 15 न्यायाधीशों या अभियोजकों की हत्या हो चुकी है।

## उन्नाव में सड़क हादसे में थाईलैंड के दो नागरिको की मौत

**उन्नाव, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में आगराङ्कलखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक सड़क हादसे में थाईलैंड के दो नागरिकों की मौत हो गई। दोनों व्यक्ति इलेक्ट्रिशियन थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि हादसा बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 240 पर बीती रात एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी के निकट खड़ी कार में बैठे दो विदेशी नागरिक लघु शंका के लिए नीचे उतरे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अर्टिगा कार का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर दोनों को टक्कर मारती हुई खाई में जा गिरी। हादसे में थाई नागरिक अनान (35) और सकुलसुखगंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ पहुंचाया।

# संघ को छेड़ोगे तो पार्टी का राजनैतिक धरातल रसातल में भी नहीं मिलेगा: विहिप

लखनऊ, (वार्ता)

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाने की कांग्रेस की मांग पर प्रहार करते हुये चेतावनी भरे लहजे में कहा कि संघ को छेड़ोगे तो पार्टी का राजनैतिक धरातल रसातल में भी नहीं मिलेगा।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस में अभी तक एक ही युवराज था मगर अब दूसरा भी तेज गति से उछलने लगा। कभी हिंदुत्व पर तो कभी सनातन पर, कभी संतों पर तो कभी संघ पर हमले कर अपने राजनैतिक हित साधने का दिवास्वप्न देख रहे हैं। यह जानते हुए भी कि संघ से बैर कांग्रेस का पुराना आवश्यक है किंतु हर बार पार्टी को मुंह की खानी पड़ी है।

बकौल विनोद बंसल, सिर्फ एक दिन के विजय दशमी पथ संचलन से ही घबरा गए! सिर्फ लाठियां कंधों पर देख कर, इनकी मारक क्षमता का आभास कर के ही पसीना निकल गया! अभी तो इस शताब्दी वर्ष में ना जाने कितने कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर होने वाले हैं!।

श्री बंसल ने कहा है कि एक बेटा इटालियन मां का दूसरा पार्टी के अध्यक्ष का। दोनों को लगता है कि उनके पास करने को तो कुछ है नहीं, संघ को गरियाते रहो और ओछी पब्लिसिटी पाते रहो। कांग्रेस में कुछ तो बुद्धिमान बचे हैं! कम से कम उनको तो इन कुबुद्धियों को समझाना चाहिए कि प्रतिबंध जैसे आत्मघाती प्रयास करके क्यों पार्टी को आत्महत्या की ओर ले जा रहा हो! यदि पिछले 75 वर्षों के अपने कुकर्मों से भी आपने सबक नहीं लिया और फिर से पार्टी के गाल लाल करने चले हो, तो एक बार और प्रतिबंध लगा कर देख लो। उन्होंने कहा है कि स्मरण रहे कि यह संघ है जिसकी शाखाएं, सेवा और कार्यक्रम आपके राजनैतिक दमन के बावजूद ना 1948 में रुके, ना 77 में, ना 92 में और ना ही कोविड जैसी वैश्विक महामारी काल में।

श्री बंसल ने कहा है कि बड़े लोगों की इन बिगड़ैल संतानों को कोई तो बताए कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है जो विपरीत परिस्थितियों में ही सर्वाधिक विस्तार पाता है। जितने प्रतिबंध संघ पर लगाओगे उतना ही उसे उभरता हुआ पाओगे। मत छेड़ो इसे अन्यथा, संघ का और तुम्हारा तो कुछ नहीं बिगड़ेगा, पार्टी का खोया हुआ राजनैतिक धरातल, कभी रसातल में भी नहीं मिलेगा।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# समानांतर फिल्मों को नया आयाम दिया स्मिता पाटिल ने

बॉलीवुड में स्मिता पाटिल को ऐसी अभिनेत्री के रूप में याद किया जाता है,जिन्होंने अपने सशक्त अभिनय से समानांतर सिनेमा के साथ. साथ व्यावसायिक सिनेमा में भी दर्शको के बीच अपनी खास पहचान बनायी । 17 अक्तूबर 1955 को पुणे शहर में जन्मी स्मिता पाटिल ने अपनी स्कूल की पढ़ाई महाराष्ट्र से पूरी की ।उनके पिता शिवाजी राय पाटिल महाराष्ट्र सरकार में मंत्री थे जबकि उनकी मां समाज सेविका थी। कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह मराठी टेलीविजन में बतौर समाचार वाचिका काम करने लगी ।इसी दौरान उनकी मुलाकात जाने माने निर्माता. निर्देशक श्याम बेनेगल से हुयी ।श्याम बेनेगल उन दिनों अपनी फिल्म ..चरण दास चोर ..बनाने की तैयारी में थे ।श्याम बेनेगल ने स्मिता पाटिल में एक उभरता हुआ सितारा दिखाई दिया और अपनी फिल्म ..चरण दास चोर ..में स्मिता पाटिल को एक छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर दिया । भारतीय सिनेमा जगत में चरण दास चोर को ऐतिहासिक फिल्म के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि इसी फिल्म के माध्यम से श्याम बेनेगल और स्मिता पाटिल के रूप में कलात्मक फिल्मों के दो दिग्गजों का आगमन हुआ।

श्याम बेनेगल ने स्मिता पाटिल के बारे मे एक बार कहा था ..मैंने पहली नजर में ही समझ लिया था कि स्मिता पाटिल में गजब की स्क्रीन उपस्थिती है और जिसका उपयोग रूपहले पर्दे पर किया जा सकता है । फिल्म ..चरण दास चोर .. हालांकि बाल फिल्म थी लेकिन इस फिल्म के जरिये स्मिता पाटिल ने बता दिया था कि हिंदी फिल्मों मे खासकर यथार्थवादी सिनेमा में एक नया नाम स्मिता पाटिल के रूप में जुड़ गया है । इसके बाद वर्ष 1975 मे श्याम बेनेगल द्वारा ही निर्मित फिल्म ..निशांत.. मे स्मिता को काम करने का मौका मिला । वर्ष 1977 स्मिता पाटिल के सिने कैरियर में अहम पड़ाव साबित हुआ । इस वर्ष उनकी भूमिका और मंथन जैसी सफल फिल्मे प्रदर्शित हुयी ।



दुग्ध क्रांति पर बनी फिल्म ..मंथन ..में स्मिता पाटिल के अभिनय ने नये रंग दर्शको को देखने को मिले ।इस फिल्म के निर्माण के लिये गुजरात के लगभग पांच लाख किसानों ने अपनी प्रति दिन की मिलने वाली मजदूरी में से ..दो-दो.. रूपये फिल्म निर्माताओं को दिये और बाद में जब यह फिल्म प्रदर्शित हुयी तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी । वर्ष 1977 में स्मिता पाटिल की ..भूमिका ..भी प्रदर्शित हुयी जिसमें स्मिता पाटिल ने 30..40 के दशक में मराठी रंगमच की जुड़ी अभिनेत्री ..हंसा वाडेकर .. की निजी जिंदगी को रूपहले पर्दे पर बहुत अच्छी तरह साकार किया ।फिल्म भूमिका में अपने दमदार अभिनय के लिये वह राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित की गयी। मंथन और भूमिका जैसी फिल्मों मे उन्होंने कलात्मक फिल्मो के महारथी नसीरूदीन शाह .शबाना आजमी .अमोल पालेकर और अमरीश पुरी जैसे कलाकारो के साथ काम किया और अपनी अदाकारी का जौहर दिखाकर अपना सिक्का जमाने मे कामयाब हुयी । फिल्म ..भूमिका ..से स्मिता पाटिल का जो सफर शुरू हुआ वह चक्र .निशांत .आक्रोश .गिद्ध.अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है और मिर्च मसाला जैसी फिल्मों तक जारी रहा । वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म ..चक्र .. में स्मिता पाटिल ने झुग्गी. झोंपड़ी में रहने वाली महिला के किरदार को रूपहले पर्दे पर जीवंत कर दिया 1इसके साथ ही फिल्म ..चक्र..के लिये वह दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गयी ।

अस्सी के दशक में स्मिता पाटिल ने व्यावसायिक सिनेमा की ओर भी अपना रूख कर लिया । इस दौरान उन्हें सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के साथ ..नमक हलाल ..और ..शक्ति जैसी फिल्मों में काम करने का अवसर मिला जिसकी सफलता के बाद स्मिता पाटिल को व्यावसायिक सिनेमा में भी स्थापित कर दिया ।

अस्सी के दशक में स्मिता पाटिल ने व्यावसायिक सिनेमा के साथ.साथ समानांतर सिनेमा में भी अपना सामंजस्य बिठाये रखा । इस दौरान उनकी सुबह.बाजार.भींगी पलकें.अर्थ.अर्द्धसत्य और मंडी जैसी कलात्मक फिल्में और दर्द का रिश्ता.कसम पैदा करने वाले की.आखिर क्यों .गुलामी.अमृत.नजराना और डांस डांस जैसी व्यावसायिक फिल्में प्रदर्शित हुयी जिसमें स्मिता पाटिल के अभिनय के विविध रूप दर्शको को देखने को मिले। वर्ष 1985 में स्मिता पाटिल की फिल्म ..मिर्च मसाला ..प्रदर्शित हुयी। सौराष्ट्र की आजादी के पूर्व की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म मिर्च मसाला ने निर्देशक केतन मेहता को अंतराष्ट्रीय ख्याति दिलाई थी। यह फिल्म सांमतवादी व्यवस्था के बीच पिसती औरत की संघर्ष की कहानी बयां करती है। यह फिल्म आज भी स्मिता पाटिल के सशक्त अभिनय के लिये याद की जाती है।

वर्ष 1985 में भारतीय सिनेमा में उनके अमूल्य योगदान को देखते हुये वह पदमश्री से सम्मानित की गयी ।हिंदी फिल्मों के अलावा स्मिता पाटिल ने मराठी.गुजराती.तेलगू.बंग्ला.कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में भी अपनी कला का जौहर दिखाया । इसके अलावा स्मिता पाटिल को महान फिल्मकार सत्यजीत रे के साथ भी काम करने का मौका मिला । मुंशी प्रेमचंद की कहानी पर आधारित टेलीफिल्म ..सदगति ..स्मिता पाटिल अभिनीत श्रेष्ठ फिल्मों में आज भी याद की जाती है लगभग दो दशक तक अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाने वाली यह अभिनेत्री महज 31 वर्ष की उम्र में 13 दिसंबर 1986 को इस दुनिया को अलविदा कह गयी । उनकी मौत के बाद वर्ष 1988 में उनकी फिल्म ..वारिस ..प्रदर्शित हुयी जो स्मिता पाटिल के सिने कैरियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है ।

## प्रीति ज़िंटा बनीं स्व डायमंड्स की ब्रांड एंबेसडर



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा को स्व डायमंड्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। जानी-मानी बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा अब स्व डायमंड्स के साथ मिलकर भारत और संयुक्त अरब अमीरात में ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत करेंगी ।स्व डायमंड्स की ब्रांड एंबेस्डर बनीं प्रीति ज़िंटा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा ,मुझे स्व डायमंड्स के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो वास्तविकता, शालीनता और सदाबहार खूबसूरती का पर्याय है। मेरे लिए ज्वेलरी हमेशा से ही जीवन के सच्चे पलों को जीने का ज़रिया रही है, और स्व का एज़ रियल एज़ यू कैंपेन यही बात दिल से महसूस कराता है। मैं मानती हूँ कि हर महिला उस ज्वेलरी की हकदार है, जो उसकी आत्मविश्वास से परिपूर्ण, सधी हुई और मजबूत व्यक्तिगत एवं वास्तविक पहचान दर्शाए। स्व डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, अब्दुल गफूर अनादियान ने कहा, भारत में ज्वेलरी सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि भावनाओं को व्यक्त करने और जीवन के खास लम्हों को जीने का तरीका भी है। इसी सोच के साथ, स्व डायमंड्स में हम सिर्फ आईजीआई, जीआईए सर्टिफाइड नेचुरल डायमंड्स की पेशकश करते हैं, जिनकी वीवीएस क्लैरिटी और ईएफ कलर हमारे ग्राहकों के भरोसे और सच्चे प्यार के प्रतीक हैं। हमारा नया कैंपेन एज़ रियल एज़ यू इसी वास्तविकता को दर्शाता है, क्योंकि हर भावना उतनी ही सच्ची होती है, जितनी कि आपकी मुस्कान।

# कलेक्टर रजनी सिंह ने एकसाथ किया बीतली, सगरी, करेली शाहपुर, आमगांव बड़ा और सिंहपुर ग्रामों का औचक निरीक्षण

### स्वास्थ्य केन्द्र, शासकीय स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्र, सहकारी समितियों, उचित मूल्य दुकानों और गौशाला का औचक निरीक्षण किया

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गुरूवार को नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीतली, सगरी, करेली, शाहपुर, आमगांव बड़ा और सिंहपुर ग्रामों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र, माध्यमिक शाला, शासकीय उचित मूल्य दुकान, सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कृषि साख सहकारी समिति और गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया**-प्रधान पाठक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम बीतली में शासकीय प्राथमिक शाला और शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने शालाओं में शिक्षा के स्तर में सुधार करने और छात्र- छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने को कहा। रोजाना मैन्यू के आधार पर भोजन वितरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इस दौरान शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने छात्र- छात्राओं से विज्ञान और गणित विषय के सामान्य प्रश्न भी पूछे, जिसका छात्र- छात्राओं के द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। कक्षा के पाठ्यक्रम को निर्धारित समयानुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम बीतली और सगरी में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को समय पर पोषणयुक्त



भोजन व नाश्ता प्रदान करने और निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र अंतर्गत दर्ज गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने माध्यमिक शाला बीतली के प्रधान पाठक को शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र बीतली में लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका तथा विवेकानंद स्वसहायता समूह को भी नोटिस जारी करने को कहा है।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सेवा सहकारी समितियों और उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित करेली, करपगांव व सिंहपुर और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने भावांतर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों का पंजीयन कराने और इसका व्यापक प्रचार- प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने भावांतर योजना अंतर्गत केन्द्रों में किसानों के पंजीयन के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने उचित मूल्य की दुकान करेली, करपगांव, शाहपुर और सिंहपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपभोक्ताओं को नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के निरीक्षण के दौरान स्टॉक एवं स्टॉक पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का रखरखाव एवं वितरण उचित तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान खाद्यान्न उपभोक्ताओं से खाद्यान्न वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ता उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न का उठाव निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर और आमगांव बड़ा का निरीक्षण

स्वास्थ्य केन्द्रों में अनुपस्थित स्टाफ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर और आमगांव बड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्?य केन्द्रों में ओपीडी, स्टोर रूम, औषधी भंडार कक्ष, डिलेवरी कक्ष, दवा वितरण केन्द्र आदि का अवलोकन किया। स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों का नियमित रूप से जांच परीक्षण एवं उपचार करने के निर्देश दिए। मरीजों के लिए नियमित रूप से दवाईयां उपलब्ध रखने को कहा, जिससे स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को परेशानी न हो।



# भारत विकास परिषद् का आयोजन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा एवम् नरसिंहपुर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पी जी कालेज ऑडिटोरियम में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद् के रीजनल इंजी सुनील कोठरी, प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांतीय संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा, अध्यक्ष (दोनो शाखा) उमेश दुबे व एस के नेमा द्वारा भारत माता, स्वामी विवेकानंद और सरस्वती जी का पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। परिषद द्वारा संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत प्रतिवर्ष विद्यालयों के बीच यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जिसमे प्रत्येक विद्यालय के समूह द्वारा हिंदी व संस्कृत के गीतों का लयबद्ध गायन देशी वाद्य यंत्रों के साथ किया जाता है। और प्रथम स्थान प्राप्त टीम को प्रांतीय प्रतियोगिता में शाखा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष प्रतियोगिता में विवेकानंद शाखा की ओर से प्रतियोगिता में शामिल टीमों में सांदीपनि विद्यालय प्रथम, रोशन धौरेलिया वर्ल्ड स्कूल द्वितीय एवम् गुरुकुल ज्ञान मंदिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नरसिंहपुर शाखा से चाणक्य विद्यापीठ प्रथम, चावरा विद्यापीठ द्वितीय व सरस्वती विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही उत्कृष्ट विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी टीमों को परिषद द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान प्रदान किए गए।प्रतियोगिता में संगीत विशेषज्ञ श्री माधव शेंद्रे, श्रीमती पूजा बमनेले एवम् प्रिंस राज मुड़िया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। दोनों शाखाओं से प्रथम स्थान प्राप्त टीम आगामी 26 अक्टूबर को दमोह में आयोजित प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गीत गायन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

# नेतृत्व सम्मान में शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ सार्थक संवाद

### नैतिक मूल्यों के महत्व पर दिया बल

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

माइंडलांसर द्वारा आयोजित 'शिक्षा नेतृत्व सम्मान' का आयोजन भोपाल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम बड़ी संख्या में नरसिंहपुर जिले के शिक्षक ऑन और कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। माइंडलांसर की सह-संस्थापक डॉ. निधि मिथिल भांदारे एवं स्नेहल मिथिल भांदारे मनोवैज्ञानिक एवं मनोचिकित्सक ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। विशेष आयोजन में 106 से अधिक प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज की, जिनमें 90 से अधिक स्कूलों के प्राचार्य शामिल थे। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीजीपी सुभाष चंद्र त्रिपाठी एवं डीआईजी भोपाल डॉ. विनीत कपूर रहे। दोनों अतिथियों ने प्रेरणादायी विचारों से उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए शिक्षा में नेतृत्व और नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम को अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी तथा व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल का सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन स्नेहल मिथिल भंडारे ने सौम्यता एवं आत्मीयता से किया। उन्होंने बताया कि माइंडलांसर मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर है और यह केवल छात्रों या अभिभावकों तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षकों, डॉक्टरों, प्रशासकों एवं अन्य पेशेवरों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी समान रूप से सक्रिय है। डॉ. निधि मिथिल भंडारे ने कहा कि 卐शिक्षा तभी पूर्ण मानी जा सकती है जब शिक्षक और विद्यार्थी दोनों मानसिक रूप से सशक्त, संतुलित और प्रेरित हों। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने माइंडलांसर टीम के इस सार्थक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन शिक्षा क्षेत्र में नई ऊर्जा और संवेदनशीलता का संचार करते हैं।

# महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में महिला सशक्त वाहिनी कक्षा हो रही संचालित

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तर पर महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में महिला सशक्त वाहिनी कक्षा संचालित की जा रही है। छात्राओं को पुलिस भर्ती व आरक्षक पद के सिलेबस अनुसार गणित, सामान्य विज्ञान एवं सामान्य बुद्धि के प्रश्न हल कराए जा रहे हैं। जिससे इन कक्षाओं के माध्यम से अधिक से अधिक बालिकाओं का चयन शासन के विभिन्न विभागों के पदों पर हो सके।

# श्री मुक्तानंद संस्कृत पाठशाला के जीर्णोद्धार हेतु राशि स्वीकृत

### मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा 25 लाख की राशि स्वीकृत

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** नरसिंहपुर जिले की सबसे प्राचीन संस्कृत पाठशाला श्री मुक्तानंद संस्कृत पाठशाला के भवन के जीर्णोद्धार हेतु जिले के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने व्यक्तिगत रूचि लेते हुए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर एक अनुकरणीय पहल की है। सन 1941 में स्थापित यह पाठशाला गुरुकुल पद्धति पर आधारित है तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करती है। जिले में यह



एकमात्र ऐसी संस्था है जो कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को संस्कृत, वेद, धर्मशास्त्र सहित आधुनिक विषयों की शिक्षा उपलब्ध कराती है। यह पाठशाला न केवल शैक्षणिक दृष्टि से अपितु धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। यहां पर ब्रम्हलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज सहित वर्तमान जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज जैसे महान संतों ने अध्ययन किया है। वर्ष 2025 में अतिवृष्टि के कारण 84 वर्ष पूर्व निर्मित पाठशाला भवन जर्जर हो चुका था और गिरने की कगार पर था, जिससे अध्ययन और आवास में अनेक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही थीं। जब यह स्थिति माननीय मंत्री श्री सिंह के संज्ञान में आई, तो उन्होंने त्वरित निर्णय लेते हुए भवन के जीर्णोद्धार हेतु 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी।

# जबलपुर ने बालक एवं रीवा ने बालिका वर्ग में जीती राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता

### मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल एवं उदयप्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को किया पुरुस्कार वितरण

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** बीते शुक्रवार को नगर के रूद्र कॉलेज मैदान पर 69 वी राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता आयु वर्ग 19 बालक /बालिका का समापन हों गया। समापन के पूर्व गुरुवार की देर रात्रि दूधिया रौशनी मे खेले गये बालक वर्ग के फाइनल मैच मे जबलपुर संभाग ने रीवा को एवं बालिका वर्ग के फाइनल मैच मे रीवा संभाग ने जबलपुर संभाग को 2-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता मे तृतीय स्थान बालक वर्ग इंदौर संभाग एवं बालिका वर्ग मे नर्मदापुरम को मिला। विदित हों कि बालक वर्ग के सेमीफ़ाइनल मैचो मे जबलपुर ने इंदौर,रीवा ने भोपाल एवं बालिका वर्ग के सेमीफ़ाइनल मैचो मे रीवा ने ग्वालियर एवं जबलपुर संभाग ने नर्मदापुरम को हराया था। शुक्रवार को प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटैल ने अपने उदबोधन मे कहा कि जीवन मे सफलता के लिए बौद्धिक भूख होना जरुरी है। जीवन मे कुछ करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण होना जरुरी है। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता संभव है एवं हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण से ही सफलता के मार्ग को प्रशस्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने कहा कि खेल मे पराजय तो होती रहती है लेकिन जीवन मे अनुशासन के बिना कुछ भी नही है। माता पिता और गुरुजनो के द्वारा मिले अनुशासन की वजह से आज मैं इस मुकाम पर हूँ।



उन्होने कहा कि खिलाडी यहाँ से संकल्प लेकर जाये कि वे जीवन मे अनुशासित रहकर आगे बढ़ेंगे। नगर मे अगले माह राष्ट्रीय व्हालीबाल प्रतियोगिता भी होना है जिसमे कैलाश खेर को भी आमंत्रित किया गया है। विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि इस प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों ने बेहतर खेल दिखाया है आगे चलकर इन्ही मे से कोई देश के लिए खेलेगा। उन्होंने कहा कि केबिनेट मंत्री श्री सिंह के प्रयासों से ही नगर मे लगातार दूसरे वर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के आयोजन हों रहे है। कार्यक्रम मे भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि खेलो इण्डिया के माध्यम से भी देश मे खिलाड़ियों को तराशने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमति रजनी सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियो के लिए खेल भी जरुरी है।ज़ब आप लोग जीतते है, ट्राफी लेते है ऐसा देखकर बेहद अच्छा लगता है। कार्यक्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा ने प्रतिवेदन का वाचन किया। सरस्वती पूजन से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथियों का स्वागत अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने किया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम मे विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्राफी सहित उत्कृष्ट खिलाड़ियों मे सर्वश्रेष्ठ लिब्रो के लिए साहिल सोनी, आयुषी ठाकुर, सर्वश्रेष्ठ सेटर के लिए अभय यादव, सौम्या तोमर, अटेकर के लिए शानू विश्वकर्मा, अनमोल सिंह एवं ऑल राउंडर के लिए सूरज पासवान, मानवी यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंत मे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज अवरोहण कर समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक अग्निहोत्री, संजय चौबे, मनीष शंकर तिवारी एवं अंत मे आभार प्रदर्शन जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक एसपी ऋषिकेश मीणा, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर अरुण इंगले,एसडीएम कलावती ब्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, सहित पूर्व नपा अध्यक्ष ममता पांडे, मिनेन्द्र डागा, डॉ योगेश कौरव, धनंजय पटैल, अनूप जैन, घनश्याम राजपूत, भूपेंद्र ठाकुर, सुरेश श्रीवास्तव,धर्मपाल सिंह,राव संदीप सिंह, चंद्रकांत शर्मा, आनंद दुबे, शुभम राजपूत राजेश गुर्जर, सूरेश मामूलिया, नरेश कौरव, दिग्विजय राजपूत, अशोक भार्गव,सहायक संचालक सीमा डोंगरे, नीलम मरावी, बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक एवं गणमान्य नागरिक, पत्रकार, शिक्षक, छात्र छात्राएँ, टीमों के खिलाडी उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यो में लापरवाही बरतने वाले 6 सचिवों को कलेक्टर ने निलंबन के दिए निर्देश

रीवा स्वतंत्रमत।



रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले की ग्राम पंचायतों में ग्राम विकास के कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाने के निर्देश दिए थे उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले इसके लिए जिला पंचायत स्तर से भी लगातार मॉनीटरिंग होनी चाहिए।

वही जिले की 6 ग्राम पंचायतों में पर्याप्त राशि उपलब्ध होने के बाद भी निर्माण कार्य न कराने पर ग्राम पंचायत सचिवों को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिरमौर जनपद पंचायत अंतर्गत दुलहरा ग्राम पंचायत सचिव मदेनी प्रसाद कोल, राजगढ़ ग्राम पंचायत के सचिव आदर्श पाण्डेय, रीवा जनपद पंचायत के अमिरती ग्राम पंचायत सचिव अनिल चौरसिया, गंगेव जनपद पंचायत के क्योटी ग्राम पंचायत सचिव कुवेर सिंह, जवा जनपद पंचायत के छदहना ग्राम पंचायत सचिव छेदीलाल विश्वकर्मा तथा रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के नवागांव ग्राम पंचायत सचिव देवेन्द्र बहादुर सिंह को निलंबित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर रीवा ने शख्त लहजे में कहा कि जिले में अन्य ऐसी पंचायतें जिनमें राशि उपलब्ध है लेकिन वहाँ विकास के कार्य नहीं कराए जा रहे हैं उनके सचिवों के विरूद्ध भी दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा यदि विकास कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही हो तो उनके विरूद्ध भी कार्यवाही प्रस्तावित करें।

# कांग्रेस नेता रमाशंकर सिंह के मौजूदगी में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम की हुई समीक्षा



त्योंथर स्वतंत्रमत ।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा दिया और एक महाभियान की तरह कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। जिसके तहत त्यौंथर विधानसभा के गढ़ी ब्लॉक अंतर्गत चंदपुर गांव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व त्योंथर कांग्रेस प्रत्याशी एवं रमाशंकर सिंह पटेल एवं विधानसभा प्रभारी राजू सिंह सेंगर ब्लॉक गढ़ी के प्रभारी राजेंद्र सिंह रिमारी की उपस्थिति में वोट चोर गद्दी छोड़ की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को बताया गया कि किस तरह से भाजपा सरकार वोट चोरी कर सत्ता में काबिज है हम सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सक्रिय होकर पार्टी के प्रति कार्य करना होगा और वोट चोरी को रोकना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है तभी हम अपने क्षेत्र से कांग्रेस का विधायक बना पाएंगे।

बैठक के दौरान मंडलम सेक्टर के पदाधिकारियों से बैठक कर वोट चोर गद्दी छोड़ के संबंध में चर्चा की तथा नए कार्यकर्ताओ की नियुक्ति पर चर्चा की गई।

# आबकारी टीम द्वारा जवा थाना अंतर्गत अवैध शराब के विरूद्ध की बड़ी कार्यवाही

**ग्राम मदरो में शिवनाथ सिंह गुड्डू के रिहायशी मकान से 19 केन पावर कूल बियर,17 पाव जीनियस व्हिस्की तथा 14 पाव देशी प्लेन मदिरा हुई जब्त**

रीवा स्वतंत्रमत।

आबकारी टीम द्वारा वृत्त चाकघाट अंतर्गत जवा तहसील के कई गांवों में दिनांक 16/10/25 को अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए ग्राम जवा बस्ती मे अरुणा देवी मांझी के रिहायशी मकान से 400 किलोग्राम महुआ लाहन, गोपाल मांझी के रिहायशी मकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन, रमेश मांझी के रिहायशी मकान से 2 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम डिहिया कला मे इंद्रभान बर्मा के रिहायशी मकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, रघुराई प्रसाद बर्मा के रिहायशी मकान से 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, उर्मिला बर्मा के रिहायशी मकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन



तथा 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम गढ़वा मे अंजुल सिंह के रिहायशी मकान से 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, गोलकी देवी बर्मा के रिहायशी मकान से 4 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम गाढ़ा 138 मे राजाराम माझी के रिहायशी मकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन, ग्राम बन्दरकोल मे बर्षा देवी चर्मकार के रिहायशी मकान से 2 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम मदरो मे शराब माफिया शिवनाथ सिंह गुड्डू के रिहायशी मकान से 19 केन पावर कूल बियर,17 पाव जीनियस व्हिस्की तथा 14 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त कर मप्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) एवं (च)के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। उक्त कार्यवाही में कुल 11 प्रकरणों मे 68 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 1020 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 19 केन पावर कूल बियर, 17 जीनियस व्हिस्की 14 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 118110 रुपए है। सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन, निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अजय श्रीवास्तव परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक नेहा प्रजापति आरक्षक वेदप्रकाश तिवारी, संगीता द्विवेदी, अखिलेश शुक्ला,आदित्य सिंह,अतुल बागरी,आशीष गुप्ता,शुभम द्विवेदी,नगर सैनिक मनोज द्विवेदी, राजेंद्र मिश्रा, सरोज पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर विकास में नहीं होगी कमी : महापौर

## महापौर एवं पार्षद यादव का स्थानीय जनों ने महापौर का स्वागत कर किया धन्यवाद ज्ञापित

कटनी (स्वतंत्रमत)

सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्र के सर्वागीण विकास के निरंतर योजनाएं चलाई जा रही है। जिनके आधार पर नागरिकों की आवश्यकताओं एवं मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रत्येक वार्डो में सड़क, नाली, पेवर ब्लाक सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यो का सिलसिला जारी है। ये सभी कार्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेंगे तथा शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। उक्त उद्गार महापौर प्रीति संजीव सूरी ने विगत दिवस बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 38 लाख 26 हजार रुपये से होनें वाले विभिन्न विकास कार्यो के भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किये। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, बीना बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद राज किशोर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्यजन मौजूद रहे। जिनके साथ मिलकर महापौर ने पूजन अर्चन कर विकास कार्यों की आधारशिला रखी। महापौर ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के



चहुंमुखी विकास हेतु किसी भी प्रकार से कमी नहीं छोड़ी जाएगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं देने के लिए निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे है। आगामी दिनों में नगर के अन्य वार्डों में सड़कें, नाली, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इस दौरान उन्होनें विकास कार्यों को तय गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर नगर निगम को तत्काल सूचित कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा भी की है।

### इन कार्यो की मिली सौगात

दीपमाला पर्व के पूर्व महापौर नें वार्ड के समुचित विकास हेतु गली नंबर 7 में 27.10 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, इंदिरा नगर के मुक्तिधाम में 4.38 लाख की लागत से रेम्प निर्माण कार्य सहित गली नंबर 7 में 6.78 लाख की लागत से सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर नागरिकों को विकास कार्यो की सौगात दी।

### मूलभूत सुविधाएं होंगी व्यवस्थित

क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव ने क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूर्ण कराने पर महापौर प्रीति संजीव सूरी को धन्यवाद ज्ञापित किया। पार्षद वंदना यादव ने कहा कि वार्ड में विकास कार्यों का सिलसिला अनवरत जारी है। सड़क, नाली एवं रैंप के निर्माण कार्य पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस दौरान उन्होंने आगे भी वार्ड की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराने का आग्रह महापौर से किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक पंकज पटेल, मोहम्मद आसिफ, माही लाल पटेल, वंश गुप्ता, बिहारी लाल यादव, कुलदीप पांडे, भारत कुमार रजक, शशांक खरे, प्रजापति आनंद तिवारी, रामेत्री प्रजापति, चंपा बाई यादव, राधा भाई यादव, विक्रम सिंह, रवि कनकने, संजू चौदहा, राजकुमार अग्रवाल, फूलचन्द्र शर्मा एवं मोहन निगम सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

# सनशाइन अकैडमी रायबाड़ा में मनाया गया प्रकाश और रौशनी का पर्व दिवाली




कटनी (स्वतंत्रमत)

सनशाइन अकादमी रायबाड़ा में दिवाली के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा दिवाली सेलिब्रेशन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी साथ ही साथ दीप सज्जा, रंगोली जैसी गतिविधिया द्वारा बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। नन्हे बच्चे ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति द्वारा सभी का मन मोह लिया। साथ ही अन्य आदि गतिविधियां करते समय सभी बच्चे प्रश्नचित और उत्साहित नजर आये। शिक्षिकाओं ने बच्चों को दिवाली पर्व की शुभकामनायें देते हुए उन्हें दिवाली सावधानीपूर्वक कैसे मनानी चाहिए ये समझाया। हमें इकोफ्रेंडली दिवाली मनानी चाहिए। इस गतिविधि का समापन बच्चों को मिठाई एवं उपहार वितरण कर किया गया इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका जूही जैन ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनायें देते हुए बच्चों के उज्जल भविष्य की कामना की। स्कूल की वाईस प्रिंसिपल शबनम अख्तर और स्कूल की इंचार्ज नाजनीन मैम ने बच्चों, विद्यालय परिवार और अभिभावकों को दीपावली पर्व पर शुभकामना देते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार हमें बुराई से लड़ने और अच्छाई के मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है।

# 24 से कटनी जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता



कटनी (स्वतंत्रमत)

बैडमिंटन संघ द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 24वी कटनी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन इंडोर बैडमिंटन हॉल जागृति पार्क के पास माधव नगर कटनी में 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 11,13,15,17,19 वर्ष से कम बालक/बालिका, 19 वर्ष से अधिक महिला एवं पुरुषो व 45 वर्ष से अधिक पुरुषों की एकल एवं युगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अलोक कुमार जूडराज डायमंड स्कूल कटनी 8878880581, वीरेंद्र सिंह डीएव्ही स्कूल कैमोर 9425516465, रचना तिवारी डीएव्ही कैल्डरीज स्कूल कटनी 9993871579, रजत चटर डीपीएस स्कूल कटनी 7049339985, प्रद्युम्न चौबे इंडोर बैडमिंटन हॉल माधव नगर कटनी 6265299797, से 20 अक्टूबर 2025 से पूर्व संपर्क कर अपना पंजीयन सुनिश्चित करें।

# आईएमए मध्यप्रदेश राज्य शाखा चुनाव में डॉ. वाय सुब्बाराव आईएमए की सेन्ट्रल वर्किंग कमेटी के सदस्य चुने गये

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** इंडियन मेडीकल एसोसियेशन आईएमए मध्यप्रदेश राज्य शाखा के चुनाव बालाघाट में 4 एवं 5 अक्टूबर 2025 को आयोजित 67 सडसठवे राज्य सम्मेलन के दौरान सम्पन्न हुये। इस चुनाव में राज्य के जिलो से वरिष्ठ चिकित्सक विभिन्न महत्वपूर्ण पदो पर निर्वाचित हुये है। डॉ. वाय सुब्बाराव निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष को नेशनल आईएमए की सेन्ट्रल वर्किंग कमेटी के सदस्य के रूप में चुना गया है। इसी प्रकार डॉ. शरणागत बालाघाट डॉ. अरविन्द जैन जबलपुर, डॉ. एसएम सिरोठिया सागर, डॉ. डी. साहू जबलपुर को भी चुना गया है। डॉ. नन्होरिया सागर को अल्टरनेट सीडब्ल्यूसी सदस्य चुना गया। इन पदाधिकारियों का चयन सर्व सम्मति से सम्पन्न हुआ है। भारतीय चिकित्सा संघ मप्र के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि नई टीम चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता में सुधार, हेल्थ अवेयरनेस के प्रसार में एवं डॉ. की समस्याओं समाधान में अहम भूमिका निभाई है। आईएमए एमपी स्टेट के स्टेट काउंसिल वार्षिक की 146 वी मीटिंग एवं आईएमए स्टेट वर्किंग कमेटी के 200 वी मीटिंग भी 4 अक्टूबर 2025 शनिवार को ही 11 बजे से मलयफार्मस, केरा बालाघाट में सम्पन्न हुयें। जिसमें इमीजेयेट पास्ट प्रेसीडेंटय डॉ. वाय सुब्बाराव कटनी ने सह-अध्यक्षता एवं डॉ. एनके जैन विदिशा ने अध्यक्षता एवं नेशनल प्रेसीडेन्स डॉ. दिलीप भानूशाली नई दिल्ली मुख्य अतिथि के रूप में पधारें।

# आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)

राष्ट्रीय आयुष मिशन म.प्र. के निर्देश पर मौसमी बीमारियों में आयुष सेवायें थीम के तहत जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बदलते मौसम से संबंधित रोगों की जांच, प्रकृति परीक्षण, उत्तम स्वास्थ्य हेतु आहार विहार, मौसमी बदलाव से होने वाले रोगों के उपचार की समीक्षा, योगाभ्यास, नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं दिनचर्या आदि के लिए प्रेरित किया गया एवं नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 875



नागरिकों को लाभांवित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया कि यह शिविर खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरनमेहगवां, मुरवारी एवं कछगवां जोबा, में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया।

# दोपहिया वाहन चालको को कार्यालय आते-जाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य

## जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर ने जारी किया आदेश

कटनी (स्वतंत्रमत)

दोपहिया वाहन से शासकीय कार्यालय आने वाले सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को अब हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर आशीष तिवारी ने तदाशय का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भेजा गया है। आदेश में मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 129 के प्रावधानों तथा केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों का उल्लेख करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ को दो पहिया वाहन से कार्यालय आते



और जाते समय आई एस आई मार्का हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को अपने स्टाफ से हेलमेट की अनिवार्यता आदेश का पालन सुनिश्चित कराने कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित थाना और आरक्षी केंद्र द्वारा समय-समय पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया जायेगा। शासकीय कर्मियों के हेलमेट पहनकर ही कार्यालय आने की अनिवार्यता के आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर और सभी एस डी एम सहित सभी तहसीलदारों और थाना प्रभारियों को दी गई है।

# समाजसेवा ने गरीब बच्चों के बीच मनाया गया जन्मदिन

## बीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने कहा ऐसे कार्य ही समाज को सच्ची रोशनी देते हैं

कटनी (स्वतंत्रमत)

दीपावली के पूर्व राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा समाजसेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने अपने जन्मदिन को सेवा और वृक्षारोपण के संकल्प दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपड से हुई जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके पश्चात समिति के सदस्य बच्चन नायक के नेतृत्व में टीम ने वृद्धाश्रम पहुँचकर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। फिर आसरा बाल गृह में बच्चों द्वारा बनाई गई दीपावली सजावट, झालर और हस्तनिर्मित लाइट्स देखकर अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की। बच्चों को मिठाई और उपहार वितरित कर सभी ने दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। इसके बाद किलकारी बाल शिशु गृह और दद्दा धाम कटनी में पहुँचकर छोटे बच्चों के साथ समय बिताया गया। दिन का समापन दिव्यांग छात्रावास में हुआ, जहाँ बच्चों ने गीतों और संगीत से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित बीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया और बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। उन्होंने कहा ऐसे कार्य दीपावली की सच्ची भावना को जीवंत करते हैं। जब जन्मदिन सेवा और प्रेम से मनाया जाए तो वह उत्सव नहीं प्रेरणा बन जाता है। इस अवसर पर समिति के सदस्य छवि ताम्रकार, चंद्रभान पाल, साध्वी निगम, कार्तिक तिवारी, शोभित तिवारी सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने कहा समाजसेवा ही सच्ची पूजा है। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन या विशेष अवसर पर एक पौधा लगाए किसी जरूरतमंद की मदद करे या किसी के चेहरे पर मुस्कान लाए यही सच्ची दीपावली है। ऐसे प्रेरणादायी आयोजन समाज में नई सोच और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

# कलेक्टर ने भौगोलिक केन्द्र बिंदु करौंदी का किया निरीक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के ढीमरखेड़ा तहसील स्थित भारत के भौगोलिक केन्द्र बिन्दु करौंदी में ग्राम पंचायत बम्हनी द्वारा पर्यटकों से शुल्क लेकर यहां सुरक्षा गार्ड तैनात किया जाएगा। गुरुवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने भौगोलिक केन्द्र बिन्दु का भ्रमण किया और यहां की महत्ता और नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया। इस दौरान एस डी एम निधि सिंह गोहल, सीईओ जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा यजुर्वेद कोरी, कार्यपालन यंत्री



आर ई एस खटीक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मौके पर यहां जनसहयोग से रंग-रोगन, साफ-सफाई आदि का कार्य किया जा रहा था। यहां मौजूद रहे ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया कि कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा यहां की नक्काशीदार बेल-बूटे युक्त जालियों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। जिस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद रहीं सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को समझाईश दी कि वे पंचायत में प्रस्ताव पारित कर, पर्यटकों से औसत शुल्क लेकर, उस पैसे से यहां सुरक्षा गार्ड रख सकते हैं। कलेक्टर के इस सुझाव पर मौजूद पदाधिकारियों ने अमल की सहमति जताई।

# कलेक्टर ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सीसीटीव्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा प्रतिनिधि सौरभ अग्रवाल, दीपक तिवारी, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ग्रामीण सौरभ सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन यंत्री जी एस खटीक, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के अनुविभागीय अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# निगम कर्मचारी के दुखद निधन की खबर लगते पोस्टमार्टम स्थल पहुंची महापौर

## मृतक के परिजनों से मिल शोक व्यक्त कर प्रदान की सहायता राशि

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मी अशोक भैया लाल का गुरुवार को माधवनगर सड़क हादसे में निधन हो गया। इस दुर्घटना की खबर लगते ही नगर निगम महापौर प्रीति संजीव सूरी जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम स्थल पहुँचकर मृतक के परिवार जनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। महापौर ने अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देते हुए निगम के माध्यम से तत्काल बीस हजार रुपये की राशि उपलब्ध



कराई। साथ ही इस दौरान महापौर ने दुखद परिवार को तात्कालिक सहायता के रूप में स्वयं की ओर से भी 15 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करते हुए परिवार के किसी एक सदस्य को निकाय द्वारा नौकरी दिए जाने का मौखिक आश्वासन भी दिया। महापौर ने मानवता एवं सेवा भावना का परिचय देते कहा कि किसी भी कर्मचारी के निधन के बाद उसके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े यह नगर निगम का नैतिक कर्तव्य है।

# इंदिरा बाई को मिला बीमा का लाभ



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कैमोर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का लाभ इंदिरा बाई लोधी पति का नाम कंछेदी लाल निवासी ग्राम धनवाही को 200000 का चेक भारतीय स्टेट बैंक शाखा कैमोर में दिया गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर शाहिद सिद्दीकी तथा फील्ड ऑफिसर मयंक शेखर, कार्तिक तिवारी, अंकुश जैसवाल, वंदना, नेगी बोमसी एवं जिला कोऑर्डिनेटर सुधीर सिंह सीएसपी अनुराग जायसवाल व अजय कचेर उपस्थित रहे।

# बीते 17 साल में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं तन्वी शर्मा

गुवाहाटी (वार्ता)



तन्वी शर्मा बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में बीते 17 साल में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान की साकी मात्सुमोतो को हराकर लड़कियों के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया।

***तन्वी ने दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा***- 16 वर्षीय तन्वी ने दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा और अपने क्रॉस-कोर्ट स्लाइस हिट्स से विजयी अंक लेकर 47 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मात्सुमोतो को 13-15, 15-9, 15-10 से हराया। इस मुकाबले ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली आखिरी भारतीय महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल थीं, जिन्होंने 2008 में पुणे में हुए संस्करण में स्वर्ण पदक जीता था। साइना ने 2006 में रजत पदक जीता था और उनके अलावा अपर्णा पोपट (1996 में रजत पदक) प्रतियोगिता के इतिहास में पोडियम पर पहुंचने वाली एकमात्र अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी रही हैं।

***तन्वी ने आक्रामक शुरुआत की***- इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीतने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने आक्रामक शुरुआत की और ऐसा लग रहा था कि वह नियंत्रण में हैं। उन्होंने 10-6 की बढ़त बना ली। लेकिन कुछ गलतियों के कारण मात्सुमोतो ने वापसी की और फिर इस जापानी खिलाड़ी ने लगातार सात अंक जीतकर बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने बढ़त तो बना ली, लेकिन गेम हारने से नहीं बच सकीं।

***शॉट चयन को लेकर ज़्यादा सहज दिखीं*** - यूएस ओपन की फाइनलिस्ट दूसरे गेम में अपने शॉट चयन को लेकर ज़्यादा सहज दिखीं और 15-9 से जीत हासिल की। हालांकि, तीसरे गेम की शुरुआत में गलतियों ने एक बार फिर उसे पीछे धकेल दिया और यह स्पष्ट था कि शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी दबाव में थी क्योंकि खिलाड़ियों ने पाला बदल दिए थे और भारतीय खिलाड़ी 5-8 से पीछे थी। यह घबराहट निश्चित रूप से कम हुई क्योंकि उसने लगातार चार अंक हासिल करके 9-8 की बढ़त बना ली और फिर अपने फ्लैट टॉस और क्रॉस स्मैश का इस्तेमाल करके अपनी प्रतिद्वंद्वी को मात दी।

***तन्वी का सामना अब चीन की लियू सी या से***- तन्वी का सामना अब चीन की लियू सी या से होगा। उन्होंने कहा, मात्सुमोतो के खिलाफ खेलना मुश्किल है क्योंकि वह खेल को धीमा कर देती हैं। इसलिए, मुझे पता था कि मुझे आक्रामक होना होगा। मुझे खुशी है कि मेरा पदक पक्का है। चीनी खिलाड़ी ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका की रानीथमा लियानागे को 15-9, 15-6 से हराया। हालांकि, लड़कियों के एकल वर्ग में भारत की एक और पदक की उम्मीदें तब टूट गईं जब आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत फिचितप्रीचासाक से 32 मिनट में 15-12, 15-13 से हार गईं। लड़कों के एकल क्वार्टर फ़ाइनल में, ज्ञान दत्तू ने चीन के तीसरी वरीयता प्राप्त लियू यांग मिंग यू को कड़ी टक्कर दी, लेकिन उनका जोशीला प्रयास 15-11, 15-13 से हार से बचने के लिए पर्याप्त नहीं था। भव्य छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की मिश्रित युगल जोड़ी भी क्वार्टर फ़ाइनल में चीनी ताइपे के हंग बिंग फू और चोउ युन एन से 15-9, 15-7 से हार गई।



## मलेशिया के खिलाफ जीत के बाद भारत सुल्तान जोहोर कप 2025 के फाइनल में

### भारत फाइनल मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा

जोहोर (मलेशिया)

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुल्तान जोहोर कप 2025 के अपने अंतिम पूल-स्टेज मैच में मलेशिया को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है, जहा उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम के लिए गुरजोत सिंह ने (22वें मिनट) के गोल से शुरुआत की, जबकि सौरभ आनंद कुशवाहा ने (48वें मिनट) ने विजयी गोल किया। मलेशिया के लिए नवीनेश पनिकर ने (43वें मिनट) में गोल किया। भारतीय टी ने मलेशिया के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की। भारतीय फॉरवर्ड तेज और लगातार हमले कर रहे थे, जिससे मेजबान टीम दबाव में आ गई। इस दौरान भारत ने अपने डिफेंस को मजबूत रखा। हालाँकि, पहले क्वार्टर के अंत तक कोई भी टीम गतिरोध को तोड़ नहीं पाई। दूसरे क्वार्टर का पहला हमला मलेशिया ने शुरुआत में ही कर दिया, लेकिन उसके तुरंत बाद भारत ने कई हमले किए और भारतीय टीम ने एक बार फिर दबाव बनाया और अंततः दबाव का फायदा हुआ, जब गुरजोत सिंह (22वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल दागा। इसके बाद भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा। हाफ-टाइम तक भारत 1-0 की बढ़त के साथ था। ब्रेक के बाद, भारत ने अच्छी गति से शुरुआत की, लेकिन मेजबान मलेशिया ने वापसी का प्रयास किया। भारत ने क्वार्टर के अधिकांश समय खेल की गति पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन मलेशिया के प्रयासों ने खेल का रुख पलट दिया और स्कोर 1-1 से कर दिया। अंतिम क्वार्टर में सौरभ आनंद कुशवाहा के गोल से भारत ने एक बार फिर बढ़त बनाई और स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद, मलेशियाई टीम ने बराबरी के गोल की तलाश में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। लेकिन भारत ने उनके प्रयासों को सफल नहीं होने दिया और मुकाबला 2-1 से जीत लिया। भारत फाइनल मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।



## भारत बनाम पाकिस्तान मैच ने महिला क्रिकेट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ा

दुबई (वार्ता)

आईसीसी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि 5 अक्तूबर को भारत बनाम पाकिस्तान महिला वनडे विश्व कप मैच ने 28.4 मिलियन दर्शकों की रीच और 1.87 बिलियन मिनट के उपभोग के साथ डिजिटल-व्यूइंग रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिससे यह अब तक का सबसे अधिक देखा जाने वाला महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच बन गया है। आईसीसी ने कहा कि दर्शकों की संख्या के लिहाज़ से यह मैच सबसे शानदार था, लेकिन इसके अलावा भी विश्व कप के लीग चरण के पहले भाग में डिजिटल और लीनियर प्लेटफ़ॉर्म पर रिकॉर्ड तोड़ संख्या देखने को मिली। भारत बनाम पाकिस्तान मैच टीवी दर्शकों की संख्या के लिहाज़ से भी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज़्यादा रेटिंग वाला लीग-स्टेज मैच बन गया है, जबकि पहले 11 मैचों, जिनमें भारत के श्रीलंका, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खि़लाफ मैच भी शामिल हैं, की रीच 7.2 करोड़ रही। आईसीसी ने कहा कि यह पिछले संस्करण की तुलना में 166प्रतिशत की वृद्धि है। साथ ही, व्यूइंग मिनट (देखने के मिनट) 327प्रतिशत बढ़कर 6.3 बिलियन हो गए। स्टेडियमों में दर्शकों की संख्या भी अच्छी रही है, खासकर भारत में भारत के मैचों और श्रीलंका में श्रीलंका के मैचों के लिए स्टैंड खचाखच भरे रहे, हालांकि बिना किसी घरेलू दिलचस्पी के मेहमान टीमों के मैचों में हमेशा स्टैंड में ज़्यादा दर्शक नहीं होते। कोलंबो में, जब मैचों में श्रीलंका या भारत नहीं होता, तो स्टेडियम में दर्शकों की संख्या कई बार चार अंकों में पहुंच जाती है, हालांकि इसमें मौसम की भी भूमिका रही है। आईसीसी और जियो हॉटस्टार द्वारा संयुक्त रूप से जारी आंकड़ों के अनुसार, टूर्नामेंट के पहले 13 मैच पहले ही 60 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंच चुके हैं, जो 2022 संस्करण की तुलना में पांच गुना वृद्धि है, जबकि कुल देखने का समय 7 बिलियन मिनट तक पहुंच गया है, जो पिछले टूर्नामेंट से 12 गुना अधिक है। आईसीसी के एक बयान में कहा गया है कि 12 अक्तूबर को भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच ने जियो हॉटस्टार पर 4.8 मिलियन पीक समवर्ती दर्शकों (कॉन्करेंट व्यूवर्स) को दर्ज किया, जो महिला क्रिकेट के लिए एक और सर्वकालिक उच्च है।

## उप्र के ऋषि और मिराया ने जीते दोहरे खिताब

**लखनऊ (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के उभरते टेनिस सितारों ऋषि यादव व मिराया अग्रवाल ने शुक्रवार को आइटा सुपर सीरीज अंडर-18 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए एकल व युगल दोनों वर्गों के खिताब अपने नाम कर लिये। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी (एसडीएस) द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट के बालिका एकल फाइनल में सातवीं वरीय उत्तर प्रदेश की मिराया ने कनार्टक की आद्या चौरसिया को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराकर खिताब जीता। मिराया ने पहला सेट आसानी से जीता और दूसरे सेट में भी सटीक रणनीति से बढ़त बनाए रखते हुए जीत दर्ज की। इससे पूर्व मिराया ने दिल्ली की मानवी राठी के साथ बालिका युगल का खिताब भी अपने नाम किया था। बालक एकल का खिताब तीसरी वरीय उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव ने आठवीं वरीय उत्तर प्रदेश के सानिध्य द्विवेदी को 5-7, 6-3, 7-6(4) से हराया। साढ़े तीन घंटे तक चले रोमांचक फाइनल में पहला सेट सानिध्य ने कड़े संघर्ष के बाद जीता।

# सौराष्ट्र की बढ़त, मुंबई ने लक्ष्य निर्धारित किया, हरियाणा की जीत

**बेंगलुरु (वार्ता)।** रणजी ट्रॉफी 2025-26 के तीसरे दिन शुक्रवार को राजकोट में ग्रुप ए के रोमांचक मुकाबले में, कर्नाटक और सौराष्ट्र के बीच बढ़त बनाने के लिए कड़ी टक्कर हुई। सौराष्ट्र ने आखिरी विकेट के 34 रनों साझेदारी के बाद पहली पारी में चार रनों की मामूली अंतर से बढ़त हासिल की। सौराष्ट्र के युवराजसिंह डोडिया और चेतन सकारिया ने मिलकर 34 महत्वपूर्ण रन जोड़े, जब कर्नाटक के स्कोर को पार करने के लिए 31 रन चाहिए थे, जिससे उनकी टीम को तीन महत्वपूर्ण अंक मिले। श्रेयस गोपाल ने 121.3 ओवर में चेतन सकारिया को आउटकर सौराष्ट्र की पारी 376 रन पर अंत किया। इससे पहले, कर्नाटक के लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने सात विकेट लेकर मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया था। सौराष्ट्र ने कर्नाटक के 372 रनों के जवाब में बिना किसी नुकसान के 140 रनों से मजबूत शुरुआत की थी। खेल में अब एक दिन का खेल शेष हैं, और अब कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल पर यह तय करने की जिम्मेदारी है कि वे सीधी जीत के लिए जोर लगाएं या अंक हासिल करने के लिए सुरक्षित खेल खेलें। अंतिम दिन मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। एक अन्य मुकाबले में श्रीनगर में, मुंबई ने दूसरी पारी में 181 रनों पर आउट होने के बाद जम्मू-कश्मीर के सामने 243 रनों का लक्ष्य रखा। स्टंप्स तक, जम्मू-कश्मीर का स्कोर 21/1 था। सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया तुषार देशपांडे की गेंद पर आउट हो गए। अनुभवी पारस डोगरा के 144 रनों की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मुंबई की बढ़त कम की और मैच को रोमांचक बनाए रखा। सूरत में, पदार्पण कर रहे पार्थ वत्स ने हरियाणा को रेलवे पर 96 रनों से रोमांचक जीत दिलाई। दूसरी पारी में वत्स के नाबाद 110 रनों ने मैच का रुख पलट दिया, जिसके बाद निखी कश्यप और निशांत सिंधु ने मिलकर नौ विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। ईडन गार्डन्स में, सुदीप चटर्जी (98) और सुमंत घोष (82) की बदौलत बंगाल ने उत्तराखंड पर 110 रनों की बढ़त बना ली। इस बीच तन्मय अग्रवाल (132), अनिकेतरेड्डी (87) और एलगानी वरुण गौड (57) की शानदार पारियों के दम पर हैदराबाद ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन स्टंप के समय सात विकेट पर 400 रन बना लिये हैं।

## विंटर शिड्यूल में अकासा की उडानों में 12 फीसदी की वृद्धि




नयी दिल्ली (वार्ता)

नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने 26 अक्टूबर से शुरू हो रहे विंटर शिड्यूल में उड़ानों की संख्या में 12 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। एयरलाइंस ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले साल के विंटर शिड्यूल की तुलना में इस साल उसकी उड़ानों की संख्या में 12 प्रतिशत और उपलब्ध सीट किलोमीटर में 22 प्रतिशत की वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि विंटर शेड्यूल 26 अक्टूबर से शुरू होगा। अकासा के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने कहा कि अकासा एयर की स्थापना देश में हवाई यात्रा को सर्वसुलभ बनाने के लिए की गई थी। दुनिया के सबसे प्रगतिशील विमानन बाजार के रूप में भारत अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। उड़ानों की संख्या में यह विस्तार देश के भीतर और विदेशों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस विंटर शिड्यूल में दिल्ली अकासा के तीसरे ऑपरेशनल बेस के रूप में उभरकर सामने आया है। एक साल पहले की तुलना में दिल्ली से उड़ानों की संख्या 56 प्रतिशत बढ़ जायेगी। इससे पहले अकासा के दो बेस बेंगलुरु और मुंबई हैं। अब दिल्ली से उसकी उड़ानों की संख्या प्रति सप्ताह 165 पर पहुंच जायेगी। साथ ही दिल्ली से गंतव्य की संख्या नौ से बढ़कर 12 हो जायेगी। एयरलाइंस ने बताया कि इस विंटर शिड्यूल के दौरान वह दिल्ली से कोलकाता, बागडोगरा और श्रीनगर के लिए नयी उड़ानें शुरू करेगी। साथ ही, मुंबई के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाकर रोजाना चार, पुणे के लिए रोजाना दो और बेंगलुरु के लिए रोजाना पांच की जायेगी। पश्चिम एशिया में अपने नेटवर्क को मजबूत करते हुए अबू धाबी से उड़ानों की संख्या 14 प्रतिशत बढ़ायी जा रही है। अबू धाबी से कोचीन और चेन्नई के लिए नॉन-स्टॉप उड़ाने शुरू की जायेंगी। जेद्दा से उड़ानों की संख्या 270 प्रतिशत बढ़ाकर सप्ताह में 26 की जायेगी। इसके अलावा रियाद से सप्ताह में पांच उड़ानों का संचालन होगा।

## रुपया छह पैसे टूटा

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को छह पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 88.02 रुपये का बोला गया। लगातार दो कारोबारी दिवस की तेजी के बाद रुपये में गिरावट दर्ज की गयी है। इन दो दिनों में रुपया 85 पैसे मजबूत हुआ था। गुरुवार को यह 12 पैसे चढ़कर 87.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और यह पांच पैसे की मजबूती के साथ 87.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। कुछ ही देर में यह 87.75 रुपये प्रति डॉलर तक चढ़ गयी थी। लेकिन इसके बाद निजी और सार्वजनिक बैंकों ने डॉलर की लिवाली शुरू कर दी जिससे रुपये पर दबाव आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज भारतीय पूंजी बाजार में पैसा लगाया जिससे रुपये को समर्थन मिला। साथ ही, दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही नरमी का लाभ भी भारतीय मुद्रा को मिला।

## चावल, गेहूं, चीनी नरम, दालों, तेलों में घट-बढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गये। गेहूं और चीनी में भी नरमी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा छह रिंगिट घटकर 4,514 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.50 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,860.13 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं का भाव भी पांच रुपये टूटकर 2,852.32 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। आटे की कीमत 3,309.23 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश स्थिर रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत 30 रुपये और सूरजमुखी तेल की 34 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। पाम ऑयल में भी 42 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गयी। सोया तेल 22 रुपये और सरसों तेल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत लगभग स्थिर रही। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 15 रुपये और मसूर दाल की पांच रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। तुअर दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की औसत कीमत 30 रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। चीनी भी दो रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।दाल चना 7903.09 रुपये, मसूर काली 8151.24 रुपये, मूंग दाल 10129.48 रुपये, उड़द दाल 10422.26 रुपये, तुअर दाल 10563.81 रुपये प्रति क्विंटल। (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.32 रुपये और चावल 3860.13 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी एस 4332.17 रुपये और गुड़ 5044.76 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# नये शिखर पर सेंसेक्स, निफ्टी

मुंबई (वार्ता)



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त रही और प्रमुख सूचकांक नये रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 484.53 अंक (0.58 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,952.19 अंक पर बंद हुआ जो इसका दूसरा उच्चतम बंद भाव है। बीच कारोबार में एक समय यह 84,172.24 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स पहली बार 84,100 अंक के ऊपर गया है। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124.55 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त में 25,709.85 अंक पर बंद हुआ जो इसका नया रिकॉर्ड है। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.58 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.05 फीसदी टूट गया। एफएमसीजी, ऑटो, स्वास्थ्य, उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और निजी बैंकों के समूहों में तेजी रही। वहीं,आईटी, धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों ने बाजार पर दबाव बनाया। एनएसई में आज कुल 3,161 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें से 1,201 हरे निशान में और 1,873 लाल निशान में बंद हुए जबकि अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार चढ़ाव के बाद अंततः परिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 के शेयर हरे निशान में और अन्य 14 के लाल निशान में रहे। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 4.18 फीसदी की तेजी देखी गयी। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.45 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 2.37, आईटीसी का 1.74, हिन्दुस्तान यूनीलिवर का 1.70, आईसीआईसीआई बैंक का 1.38, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35 फीसदी और सन फार्मा का 1.28 फीसदी चढ़ा। इनके अलावा एचडीएफसी बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी और ट्रेंट के शेयरों में तेजी देखी गई। वहीं, खराब तिमाही परिणामों के कारण इंफोसिस में सबसे अधिक 2.14 प्रतिशत की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.84 फीसदी, इटरनल का 1.64, टेक महिंद्रा का 1.12 फीसदी और टाटा स्टील का 1.03 फीसदी लुढ़क गया। पावर ग्रिड और एलएंडटी के शेयरों में भी गिरावट का रुख का रुख रहा। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की 1.44 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 2.48 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.95 प्रतिशत टूट गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 2.08 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.32 फीसदी की गिरावट में चल रहा था।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड लीज नामांतरण / हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आनंद नगर जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक एल.आई. जी. - 152 श्री संतोष कुमार दुबे पति स्व. श्री द्वारका प्रसाद दुबे के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10.04.1996 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 152 श्री संतोष कुमार दुबे पति स्व. श्री द्वारका प्रसाद दुबे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.10.2003 के माध्यम से श्री जनाब मो. रफीक पिता स्व. श्री इसहाक को विक्रय कर अन्यत्र चले गये है। श्री जनाब मो. रफीक पिता स्व. श्री इसहाक की मृत्यू दिनांक 25.04.2024 को हो चुकी है। एवं श्री जनाब मो. रफीक पिता स्व. श्री इसहाक की पत्नि श्रीमति महरुन्निशा की मृत्यू भी दिनांक 05.07.1997 को हो चुकी है। श्री जनाब मो. रफीक पिता स्व. श्री इसहाक के पुत्र श्री मोहम्मद सादिक के द्वारा उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 152 पंजीकृत वसीयत दिनॉक 17.12.2014 के आधार पर उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु शपथ पत्र एवं दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।


**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# कृषि के क्षेत्र में मध्यप्रदेश स्थापित कर रहा है नये कीर्तिमान

## दालों के उत्पादन में प्रथम, खाद्यान्न में द्वितीय और तिलहन में तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

## किसानों के हर सुख-दुख में साथ है मध्यप्रदेश सरकार

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि विकास और किसान कल्याण में मध्यप्रदेश सरकार प्राण-प्रण से जुटी हुई है। मध्यप्रदेश उत्पादक गतिविधियों में नवाचार कर रहा है। सरकार किसानों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है। प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उत्पादन में रिकार्ड दर्ज कर प्रदेश को अनेक अवार्ड हासिल हुए हैं। म.प्र. दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर, खाद्यान उत्पादन में द्वितीय स्थान पर और तिलहन उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। प्रदेश में त्रि-फसली क्षेत्र में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। प्रदेश में नरवाई जलाने की घटनाओं में कमी (हतोत्साहित) करने के लिए प्रदेश में प्रभावी कार्यवाही की गई है।




### किसानों के सम्मान के साथ प्रोत्साहन भी

राज्य सरकार द्वारा रबी 2024-25 में उपार्जित गेहूँ पर राशि रूपये 175 प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि प्रदाय की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी 2025 में लगभग 83.50 लाख से अधिक किसानों को करीब 1770 करोड़ रूपये किसान सम्मान निधि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 81 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1624 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक के माध्यम से जमा की गई।

### पहली बार समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी

प्रदेश में पहली बार भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत सोयाबीन का उपार्जन किया गया, जिसमें 2,12,568 कृषकों से कुल 6.22 लाख मीट्रिक टन मात्रा का उपार्जन किया गया है, जिसके न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि 3043.04 करोड़ है। श्रीअन्न के उत्पादन को बढावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू की है, जिसके तहत किसानों को 3900 रूपये प्रति हैक्टेयर डी.बी.टी. के माध्यम से प्रदान किया जायेगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाईल हेल्थ कार्ड और सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि का लाभ भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल के नुकसान का समय पर आकलन एवं राहत राशि का वितरण किसानों को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन एवं दावा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, एनसीआईपी पोर्टल के साथ भूमि रिकॉर्ड को सफलता पूर्वक एकीकृत करने और पोर्टल को किसान अनुकूल बनाने के लिए मध्यप्रदेश को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

### नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र पर 412 करोड़ का अनुदान

कृषकों द्वारा फसल अवशेष (पराली) जलाने से रोकने के लिये शासन द्वारा कई कदम उठाये गये है, जिसमें प्रदेश स्तर पर 46,800 से अधिक नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र अनुदान पर वितरित करते हुए 412 करोड़ रूपये की अनुदान राशि जारी की गई है। कौशल विकास केन्द्रों के माध्यम से किसान ड्रोन पायलट प्रशिक्षण एवं ड्रोन तकनीशियन का प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है। प्रशिक्षण में 50 प्रतिशत शुल्क का भुगतान म.प्र. शासन द्वारा वहन किया जा रहा है। अब तक 412 युवाओं को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण तथा 33 प्रशिक्षणार्थियों को ड्रोन तकनीशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### 4730 कस्टम हायरिंग केन्द्रों से कृषक हो रहे लाभान्वित

कृषकों को सस्ते दर पर यंत्र उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण युवाओं को स्वावलंबी बनाये जाने के लिये सरकार के संकल्प के अनुसार हर वर्ष 1000 कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित किये जा रहे है। अब तक 4730 कस्टम हायरिंग केन्द्र प्रदेश स्तर पर स्थापित है जिससे कृषकों को लाभ मिल रहा है। कस्टम हायरिंग के 25 लाख रूपये तक के प्रोजेक्ट पर 40 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये का अनुदान दिया जाता है। प्रदेश में अपेडा अन्तर्गत 11.48 लाख हेक्टयर फसल उत्पादन क्षेत्र एवं वनोपज संग्रहण क्षेत्र सहित कुल 20.55 लाख हेक्टयर जैविक क्षेत्र पंजीकृत है।

# विश्व के सबसे बड़े हैंडीक्राफ्ट मेले में चमका मध्यप्रदेश का बाग प्रिंट

भोपाल।

दिल्ली-एनसीआर के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित 60वें इंडियन हैंडीक्राफ्ट्स एंड गिफ्ट्स दिल्ली फेयर 2025 में भारत की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प की अनूठी झलक ने सभी का मन मोह लिया। इस अंतरराष्ट्रीय मेले में देश-विदेश से आए हजारों खरीदारों, डिजाइनरों और व्यवसायियों के बीच मध्यप्रदेश के बाग प्रिंट आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। यह फेयर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स द्वारा आयोजित किया गया और इसे दुनिया के सबसे बड़े क्ब2क्ब (बिजनेस-टू-बिजनेस) ट्रेड फेयर्स में गिना जाता है। पारंपरिक बाग प्रिंट की बारीकियों और प्राकृतिक रंगों की तकनीक को बाग शिल्पकार आरिफ खत्री ने अपने स्टॉल पर देशी और विदेशी मेहमानों के सामने प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि लकड़ी के ब्लॉक से कपड़े पर बाग प्रिंट की अनूठी छपाई की जाती है। कई विदेशी प्रतिनिधि उनके पास रुककर बाग प्रिंट के इतिहास, प्रक्रिया और पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी लेते नजर आए। बाग प्रिंट सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज भी प्राकृतिक



रंगों और पारंपरिक तरीकों से जीवित रखा गया है। पांच दिवसीय मेले में करीब 3,000 से अधिक भारतीय निर्माता और निर्यातक शामिल हुए।

110 से अधिक देशों के खरीदारों ने भाग लिया, जिनमें अमेरिका, फ्रांस, स्पेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और यूके जैसे प्रमुख देशों के आयातक भी शामिल थे। प्रदर्शनी में विदेशी खरीदारों ने बाग उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई और बाग प्रिंट को वैश्विक बाजार में आगे बढ़ाने के लिए सहयोग की इच्छा जताई। भारत सरकार द्वारा जीआई टैग प्राप्त है बाग प्रिंट मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। यह कला न केवल पर्यावरण-अनुकूल है बल्कि भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान की सच्ची मिसाल भी है। इस प्रिंट की खासियत है कि इसमें उपयोग किए जाने वाले सारे रंग पूरी तरह प्राकृतिक स्त्रोतों से तैयार किए जाते हैं। बाग प्रिंट 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ' योजना के तहत धार जिले का प्रतिनिधि उत्पाद भी है।

# झाबुआ में 40 प्रतिभाशाली बालिकाएँ सम्मानित

## मंत्री भूरिया ने दिलाई बेटियों के संरक्षण की शपथ

**भोपाल ।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में झाबुआ स्थित आजीविका भवन में पोषण माह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत अंतर्राष्टीय बालिका दिवस समारोह का समापन हुआ। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि 17 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार से च्पोषण माहज्ज का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान जिलेभर में पोषण जागरूकता, श्री अन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन एवं एनीमिया निवारण संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में पोषण की कमी एक गंभीर चुनौती है, जिसे संतुलित आहार एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थों जैसे मोटे अनाज के माध्यम से दूर किया जा सकता है। बालिकाओं के सशक्तिकरण की बात करते हुए मंत्री सुश्री भूरिया ने



कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम बनाना आवश्यक है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर बालिकाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। समारोह में शिक्षा, कला, खेल एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 बालिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही निबंध लेखन, नारा लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

मंत्री सुश्री भूरिया ने मोटे अनाज से बनी विभिन्न खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों की सुरक्षा व सम्मान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए 'सेल्फी पॉइंट' पर उन्होंने बालिकाओं के साथ स्मृति स्वरूप तस्वीरें भी खिंचवाईं।

## विधायक मलैया ने किया फटाका विक्रय मेले का शुभारंभ

**दमोह।** दीपावली पर्व के अवसर पर शुक्रवार को हटा नाका स्थित फ्टाका विक्रय मेले का शुभारंभ विधायक जयंत मलैया ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर व्यापारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि दीपावली खुशियों और प्रकाश का पर्व है। व्यापारी भाइयों से आग्रह है कि वे उचित दामों पर पटाखों की बिक्री करें ताकि हर वर्ग का नागरिक इस त्यौहार को उल्लासपूर्वक मना सके। साथ ही सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव छोटे व्यापारियों के साथ खड़ी है। दीपावली का यह पर्व ष्वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त बनाता है। सभी व्यापारी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और ग्राहकों को उचित दर पर सामग्री उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष कपिल सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्मनीष तिवारी, सकल हिंदू समाज के नगर अध्यक्ष मोंटी रैकवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष रोहित उपस्थित थे।

# किसानों को रबी फसलों के लिये पांच पानी डेमो द्वारा दिया जाएगा : मंत्री पटैल

## 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर के बीच में लगभग सभी जगह पानी मिलने लगेगा

## जिला जल उपयोगिता की बैठक में लिया गया निर्णय

**दमोह।** खेती का समय आ रहा है हमारे जिले में स्टॉप डेम, कैनाल, तालाब और जो डेम हैं उनमें सिचाई की व्यवस्थाए नदियों पर जो 60 स्टॉप डेम हैं उसकी योजना के संबंध में यह तय हुआ कि अक्टूबर के अंत. अंत तक सारे स्टॉप डेम बंद कर दिये जाएंगे जिससे कि पानी का भराव ठीक से होगा। अभी करीब 8 से 10 बंद भी हो गए जिनमें काफी जल भराव हो चुका है और फ्लो भी आ रहा है। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन ने जिला जल उपयोगिता के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किये। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा खासतौर से



सीता नगर से सिचाई परियोजना से पानी छोड़ना है क्योंकि अभी दूसरी परियोजनाओं में तो पानी शुरू नहीं हुआए लेकिन सीतानगर में शुरू हो गया तो उसको किस तरीके से व्यवस्थित छोड़ना और किसानों को अवेयर करना कि जिससे वह नोजल से पानी देंए क्योंकि अगर ओपन फ्लो एरिगेशन से पानी देगे तो पानी का भी नुकसान होगा और रकबे की कम सिचाई हो पाएगी।

राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि मैं किसानों से आग्रह करना चाहता हूँ, उनको समझाना भी चाहता हूँ कि यह सरकार की बहुत महत्वाकांक्षी योजना है और यह अकेले दमोह जिले के लिए नहीं पूरे मध्यप्रदेश में एक नयी शुरुआत हुई थी मुझे कहते हुए गर्व है कि दमोह से ही सबसे पहले योजना शुरु हुई थी तो उसमें किसानों का सहयोग अपेक्षित है और किसान इसमें स्प्रिंकलर चलाएंगे तो उनको भी फायदा होगा। दूसरे किसानों को भी अधिक पानी मिल सकेगा इसके लिए हम लोगों ने योजना बनाई कि अलग-अलग तरीके से हर गॉव में जाकर के समिति बनाएं और वहां पर लोगों को समझाइस दें ।

## विहिप बजरंग दल द्वारा धर्मांतरण के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

दमोह।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के राष्ट्रीय आव्हान पर अनुसूचित जाति जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत जिला दमोह द्वारा धर्मातरण एंव लव जिहाद के विरोध में स्थानीय कीर्ति स्तम्भ चौराहा दमोह धरना एवं प्रदर्शन किया गया जिसमें बताया गया कि पूर्व रिटायर्ड जज नारीमन जो स्वयं ईसाई है। ईसाई संगठनों के साथ सितम्बर माह में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई जिसमें इनके द्वारा यह मांग की गई है कि भारत के जिन राज्यों में धर्मान्तिरण रोकने के लिये धर्म स्वातन्त्र अधिनियम के तहत कानून बनाये गये है उन्हें निरस्त किया जावें। विडम्बना यह है सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्काल सुनवाई करते हुये नोटिस जारी किये गये जो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को दिये गये किन्तु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस नहीं दिये गये ।

## कलचुरी कलार संवर्गीय प्रांतीय बैठक

**दमोह।** मप्र कलचुरी कलार संवर्गीय प्रांतीय बैठक एवं कार्यकारिणी गठन शपथ समारोह राज्य कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल भोपाल की प्रथम नागरिक श्रीमती मालती राय महापौर राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती आशा राय छिंदवाड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमिला राय जबलपुर की अध्यक्षता में संपन्न। जिसमें दमोह से श्रीमती मीना शिवहरे प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती कल्पना रमेश राय जिला अध्यक्ष डॉ सोनल संजय राय उपाध्यक्ष श्रीमती किरण बड़े गुड्डू अनिल राय महामंत्री श्रीमती आराधना डॉ. गणेश राय सलैया इमलाई को मनोनीत किया गया। दमोह कलचुरी महिला समिति एवं कलचुरी बंधु द्वारा बधाई दी गई।

## जिला स्तरीय युवा का आयोजन 1 नवम्बर को

**दमोह।** मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 नवम्बर को प्रात: 9 बजे से मानस भवन जिला अस्पताल के सामने किया जा रहा है। जिसमें कुल 7 विधाओं यथा भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, विज्ञान मेला प्रदर्शिनी एकल विधा एवं समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य समूह विधा में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग से अथवा संबंधित विकासखण्ड के ग्रामीण युवा समन्वयक से 28 अक्टूबर तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11 से सायं 5 बजे तक आवेदन, विस्तृत जानकारी प्राप्त कर, आवेदन जमा कर सकते है। प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए 1 सितम्बर की स्थिति में प्रतिभागी को जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर को सायं 5 बजे तक है।

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साक्षात्कार 25 को

दमोह।

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अंतर्गत चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 1 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 2 पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 3 संविदा पदों पर 1 वर्ष की संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु अर्ह अधिवक्ताओं के साक्षात्कार 25 अक्टूबर को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए एडीआर भवन दमोह में 25 अक्टूबर दिन शनिवार को प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किये जावेंगे। अधिवक्तागण को मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु प्रात: 10 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 17/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम पति श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ए-1 राजुल पेराडाईज तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000375765 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1974 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1061 व.फु. प्रथम तल 1061 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री वरदराज काबरा पिता स्व. रंगनाथ काबरा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



**नीलामी सूचना**

जामा मस्जिद कंदेली नरसिंहपुर की दुकान क्रमांक 02 की किराये पर प्रदाय हेतु दिनांक-24.10.2025 को दोपहर 3.30 बजे दिन शुक्रवार म.प्र. वक्फ बोर्ड व जामा मस्जिद कंदेली कमेटी की निर्धारित शर्तों के अधीन जामा मस्जिद कंदेली नरसिंहपुर में नीलामी प्रक्रिया द्वारा किया जाना है। नीलामी जामा मस्जिद कंदेली परिसर में किया जाना है। उक्त नीलामी जामा मस्जिद कमेटी के नियमों व शर्तों के अधीन की जायेगी।

**भवदीय**
**जामा मस्जिद कमेटी नरसिंहपुर**


## बिजली के निजीकरण पर केंद्र सरकार की धमकी

# जनता की संपत्ति पर पूंजीपतियों का कब्ज़ा स्वीकार नहीं : डॉ. चौधरी

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण को लेकर राज्यों को दी गई ग्रांट रोकने की धमकी की तीव्र निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह नीति जनता की संपत्ति को पूंजीपतियों की झोली में डालने की खुली साजिश है। देश की जनता गहरी चिंता के साथ यह देख रही है कि केंद्र सरकार ने राज्यों पर दबाव बनाते हुए बिजली वितरण के निजीकरण को लागू करने की धमकी दी है। यदि राज्य सरकारें निजीकरण नहीं करतीं, तो केंद्र ने ग्रांट (अनुदान) बंद करने की बात कही है। यह न केवल संघीय ढांचे पर आघात है, बल्कि आम जनता की संपत्ति को पूंजीपतियों के हवाले करने की खुली साज़िश है।

बिजली व्यवस्था, जो जनता के टैक्स से बनी है और जनसेवा का क्षेत्र है, उसे निजी कंपनियों के हवाले करना आम उपभोक्ताओं के हितों पर कुठाराघात है। निजी कंपनियाँ मुनाफ़े को प्राथमिकता देती हैं, जिससे बिजली दरों में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा और गरीब उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

**जनता की संपत्ति की लूट**-बिजली



विभागों की संपत्तियाँ, जो दशकों की सार्वजनिक पूँजी से खड़ी हुई हैं, उन्हें 51त्न या 26त्न हिस्सेदारी के नाम पर पूंजीपतियों को बेचना सीधी लूट है। आम जनता पहले ही महँगाई, बेरोज़गारी और घटती आय से जूझ रही है, ऐसे में बिजली का निजीकरण उनके जीवनयापन को और कठिन बना देगा। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर विपरीत असर पड़ेगा. किसानों को सस्ती या रियायती दर पर बिजली मिलना बंद हो जाएगा। इससे खेती की लागत बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। राज्यों की स्वायत्तता को कमज़ोर कर, केंद्र द्वारा ग्रांट रोकने की धमकी देना संविधान की भावना के खिलाफ़ है।

डॉ विक्रम कहा कि सरकार की यह नीति न केवल संविधान के संघीय ढांचे पर हमला है बल्कि आम उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे उद्योगों की रीढ़ तोड़ने वाली है। यह फैसला सार्वजनिक हित में नहीं, बल्कि पूंजीपति मित्रों के हित में लिया जा रहा है। देश के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपना लोकतंत्र के लिए खतरा है।

कॉंग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश की जनता अभी स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन कर रहा है और अब ये निजीकरण की धमकी बर्दाश्त नही की जा सकती है. केंद्र सरकार तुरंत यह जनविरोधी निजीकरण प्रस्ताव वापस ले। डॉ विक्रम चौधरी ने मांग की है कि किसानों, मजदूरों और आम उपभोक्ताओं को सस्ती, भरोसेमंद बिजली की गारंटी दी जाए, इसके लिए सभी राज्यों में बिजली वितरण प्रणाली को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखा जाए। ऊर्जा क्षेत्र में सुधार की आड़ में निजीकरण की नीति को रोका जाए। भाजपा सरकारें कैसे भी करके पूंजीपतियों की तिजोरियाँ भरने में लगी है, जबकि जनता को महँगाई और बेरोज़गारी की मार झेलनी पड़ रही है। बिजली जनता की संपत्ति है, इसे बेचा नहीं जा सकता।

### कांग्रेस की स्पष्ट मांगें

1. केंद्र सरकार बिजली के निजीकरण की नीति तुरंत वापस ले।
2. राज्य सरकारें जनता की संपत्ति को बेचने के किसी दबाव में न आएं।
3. किसानों और आम उपभोक्ताओं को सस्ती व भरोसेमंद बिजली की गारंटी दी जाए।
4. सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनियों को मज़बूत किया जाए, निजीकरण नहीं।

डॉ. विक्रम चौधरी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार हर सार्वजनिक संपत्ति को अपने चहेते पूंजीपतियों को सौंपने में लगी है। रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों के बाद अब बारी जनता की बिजली की आ गई है। लेकिन कांग्रेस पार्टी देश की संपत्ति को बिकने नहीं देगी। यह लड़ाई सड़कों से सदन तक लड़ी जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक- 842/ई- टेंडर/ फायर शाखा/न.पा.नि/2025 **निविदा सूचना** रीवा, दिनांक 16/10/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_458136_1 (FIRST CALL) | SUPPLY OF 4 NUMBER OF EV GARBAGE COLLECTION VEHICLE FOR MUNICIPAL CORPORATION RRWA | 57.00 लाख | 5000/- 42750/- | 17/11/2025 17:30 बजे तक |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

CHIEF OPERATING OFFICER
MUNICIPAL CORPORATION
REWA (M.P.)






# हितकारिणी महोत्सव : छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

## शहीद स्मारक परिसर में हुआ देशभक्ति, लोकगीतों का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महोत्सव के अंतर्गत शहीद स्मारक परिसर में हितकारिणी के छात्र-छात्राओं द्वारा एकल भजन, सामूहिक देशभक्ति गीत एवं लोकगीतों का आयोजन किया गया। जिसमें हितकारिणी के विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यालय स्तर के हितकारिणी के आठ स्कूलों एवं 9 महाविद्यालयों ने भाग लिया ।



***छात्रों को पुरस्कार वितरण***- सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर हितकारिणी गोविंदगंज प्रथम, जॉन्सगंज द्वितीय एवं बीएमडी तृतीय स्थान पर रहे । महाविद्यालय स्तर में हितकारिणी बीएड कॉलेज एवं हितकारिणी लॉ कॉलेज संयुक्त विजेता रहे। द्वितीय स्थान पर हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज एवं तृतीय स्थान पर हितकारिणी महिला कॉलेज रही। इसी प्रकार एकल भजन प्रतियोगिता में हित बीटी की प्रेरणा ठाकरे प्रथम, गोविंदगंज से राघव गुप्ता द्वितीय एवं जॉन्सगंज से श्रृष्टि विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रही और महाविद्यालय से प्रथम स्थान पर हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज, द्वितीय स्थान पर हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज तथा महिला कॉलेज तृतीय स्थान पर रही। सामूहिक राष्ट्रगीत प्रतियोगिता में प्रथम, गोविंदगंज द्वितीय तथा बीएमडी तृतीया तथा महाविद्यालय से महिला कॉलेज प्रथम स्थान पर हितकारिणी लॉ कॉलेज द्वितीय स्थान पर और हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय स्तर पर हितकारिणी गोविंदगंज प्रथम जॉन्सगंज द्वितीय एवं बीएमडी तृतीय स्थान पर रहे महाविद्यालय में हितकारिणी बीएड कॉलेज एवं हितकारिणी लॉ कॉलेज संयुक्त विजेता रहे। द्वितीय स्थान पर हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज एवं तृतीय स्थान पर हितकारिणी महिला कॉलेज रही। कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं को विद्या परिषद के अध्यक्ष समर सिंह गायकवाड, शिव दत्त मिश्रा, उपसभापति अशोक गुप्ता के द्वारा पुरस्कार वितरण में छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

***इनकी रही उपस्थिति***- कार्यक्रम के दौरान पं. नित्य निरंजन खम्परिया, श्रीमति सुनैना पटेरिया, श्री संजय बघेल, श्री शिवदत्त मिश्र, श्री मुकुल खम्परिया, श्री समर सिंह गायकवाड, श्री जयेश सिंह राठौर, श्री अशोक गुप्ता आदि की उपस्थित रही । कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका, संगीत के क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियां मिठाई लाल चक्रवर्ती, शिप्रा सुल्लेरे जिनकी शिष्य इशिता विश्वकर्मा ने पूरे भारत में जबलपुर का परचम लहराया तथा ईशान मिनोचा रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश सिंह, शेखर खम्परिया, नरेश तिवारी, राजीव श्रीवास्तव एवं राजेंद्र तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्वारीघाट में तैनात रहेंगे कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ग्वारीघाट में रविवार 19 अक्टूबर को दीपोत्सोव के आयोजन के दौरान मुख्यघाट, सिद्धघाट, उमाघाट एवं दरोगाघाट में भारी संख्यार में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए कलेक्टेर राघवेन्द्र, सिंह के निर्देशानुसार शांति, सुरक्षा एवं कानून व्य वस्थाबनाये रखने की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है। प्रभारी तहसीलदार गोरखपुर विकासचंद जैन को व्हीआईपी बैठक व्यसवस्थां, नायब तहसीलदार गोरखपुर आदित्यि जंघेला को दर्शक दीर्घा की व्यवस्था तथा नायब तहसीलदार गोरखपुर प्रजीत बंसोड़ को झंडा चौक पार्किंग स्थोल की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह को दीपोत्साव के आयोजन की संपूर्ण व्यवथा का प्रभारी बनाया गया है।

## जिला बनाने की मांग पर खून के दिए जलाएंगे सिहोरावासी

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

सिहोरा जिला बनाए जाने का आंदोलन लगातार जारी है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने बताया कि विधायक, सांसद बार बार केवल आश्वासन देते है। जिससे नाराज सिहोरा वासियों ने दीपावली से एक दिन पूर्व कल 19 अक्टूबर को सिहोरा बस स्टेंड में खून के दिए जलाकर अपना विरोध व्यक्त करने की घोषणा की है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के विकास दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अक्टूबर की शाम 6 बजे से पुराना बस स्टैंड सिहोरा में सिहोरा वासी एकत्र होंगे। पिछले चार वर्षो से जिस स्थान पर आंदोलन किया जा रहा है उसी स्थान पर सिहोरा वासी अपना खून निकालकर दीपकों में भरेंगे और फिर उन्हीं खून से भरे दीपकों को जलाकर सिहोरा की लगातार होती उपेक्षा को प्रदर्शित किया जाएगा। समिति के अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, मानस तिवारी, सुशील जैन, रामजी शुक्ला आदि ने सभी सिहोरा वासियों से शाम 6 बजे पुराना बस स्टेंड सिहोरा पहुंचने का आह्वान किया है ।

## हाईजैकिंग जैसी स्थिति से निपटने पर हुई चर्चा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यंक्षता में शुक्रवार को डुमना एयरपोर्ट पर एरोड्रम कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एयरपोर्ट डायरेक्टर राजीव रतन पांडे सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में एयरपोर्ट व नागरिक उड्डयन में अवैधानिक हस्तक्षेप को रोकने के लिए अपनाये जाने वाले विभिन्न उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अवांछित घटना की स्थिति में जिला प्रशासन से त्वरित रूप से सहयोग की अपेक्षाओं पर भी चर्चा की गई। एयरपोर्ट या नागरिक उड्डयन में यदि कभी अवैधानिक घटनाक्रम या हाईजैकिंग जैसी स्थिति बनती है तो इसके प्रबंधन के लिए गठित चार कमेटियों में से एक एरोड्रम कमेटी है।







## मिलावटी घी बनाने की थी तैयारी खाद्य विभाग ने मारी दबिश

### त्यौहार से पहले मिष्ठान भंडारों में लगातार हो रही सघन जांच

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

खाद्य पदार्थों में मिलावट तथा त्यौहार के दौरान दूषित खाद्य पदार्थों का विक्रय रोकने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ हाथीताल स्थित इरावत कॉम्पलेक्स के सामने उग्रसेन गुप्ता के निवास का निरीक्षण कर एक कमरे से मिलावटी घी बनाने की सामग्री मिल्क कीम और वनस्पति घी बरामद किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे से



प्राप्ति जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान बनाये गये घी तथा वनस्पति के नमूने जांच हेतु एकत्र कर 65 किलोग्राम क्रीम, 13 पैकेट वनस्पति घी तथा 30 किलोग्राम घी को भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यवाही के साथ-साथ रूद्राक्ष पार्क के समीप, गंगानगर में इसी परिवार द्वारा संचालित श्री कृष्णा डेयरी एवं बेकरी का भी निरीक्षण किया गया। श्री कृष्णा डेयरी एवं बेकरी से घी का नमूना लेकर 5 किलोग्राम घी जब्त किया गया तथा डेयरी में 105 किलोग्राम दूषित और पुराना दही मौके पर ही विनिष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान शुक्रवार को मदनमहल स्थित हीरा स्वीट्स से खोवा और सोनपपड़ी, राजस्थान स्वीट्स से नमकीन, बीकानेर स्वीट्स से खोवा पेड़ा, सालीवाड़ा स्थित गुप्ता होटल से जलेबी और नमकीन, रामपुर स्थित बड़कुल स्वीट्स से खोवा बर्फी और नमकीनए इंदौर स्वीट्स से खोवा कतली और नमकीन, पाटन रोड़ स्थित अमृत भण्डार से खोवा और खोवा रोल, घमापुर स्थित दुर्गा स्वीट्स से मीठा खोवाए गोराबाजार स्थित मोहन स्वीट्स से कलाकंद और नमकीन, रांझी स्थित बबलू डेयरी से घी और दूध एवं श्री होटल से नमकीन तथा बीकानेर मिष्ठान्न से खोवा और नमकीन के नमूने लिये गये। एकत्र किये गये नमूनों को वैज्ञानिक परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाए भोपाल भेजा गया है।













हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**